
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹79,170 10 ग्राम
₹1,06,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,476.63 +694.39
डॉलर 84.119 -0.040

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



कार्तिक शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 06 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 272, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा...

परवान चढ़ा चुनाव

# आईएनडीआईए व एनडीए आमने-सामने

झारखंड में चुनाव परवान चढ़ चुका है। आईएनडीआईए और एनडीए के स्टार प्रचारक तूफानी दौरे पर हैं। मंगलवार को इंडी गठबंधन ने भी 'एक वोट सात गारंटी' के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इंडी गठबंधन ने झारखंड की जनता को स्थानीयता नीति से लेकर रोजगार, राशन तक का वादा किया है, मंईयां सम्मान योजना तो है ही। वहीं, एनडीए ने अपना संकल्प पत्र पहले ही जारी कर दिया है। एनडीए के नेता राज्य के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार को सत्ता में लाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर रहे हैं। राज्य में मतदान की तिथि भी नजदीक की ही है। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर और दूसरे चरण का 20 नवंबर को होगा।

## झारखंड की जनता को 7 गारंटी

### इंडी गठबंधन ने संयुक्त रूप से जारी किया घोषणा पत्र

नवीन मेल संवाददाता



**1932** के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाई जाएगी

**10** लाख युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को संयुक्त रूप से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस ने मिलकर सात गारंटियों की घोषणा की है। इसे 'एक वोट सात गारंटी' नाम दिया गया है। यह घोषणा पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश यादव, माले नेता शुभेंदु सेन की उपस्थिति में जारी किया गया। घोषणा पत्र में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई है।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार का कार्यकाल अभी एक महीना और होना था, लेकिन जाने कौन सी विकट परिस्थिति आ गई कि चुनाव एक महीना पहले ही करवाए जा रहे हैं। आज चुनाव आयोग के आदेशानुसार दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं, जो पहले पांच चरणों में हुआ करते थे। वर्तमान सरकार में हम हर संभव प्रयास कर उन लोगों तक पहुंचे हैं, जहां आवाजें, लोग और उपलब्धियां नहीं पहुंचती हैं। सीएम ने आगे कहा कि सिमडेगा में कल रात को बाहर से आए फोर्स ने ऐके 47 से फायरिंग की, जो गलत है। इस पर चुनाव आयोग संज्ञान ले। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन ने मिलकर आपके सामने सात गारंटी रखी है, जो जनता के लिए है। हमने अपनी गारंटियों को पहले भी पूरा किया है और आगे भी पूरा करेंगे। कल पीएम मोदी यहां आए थे, उन्होंने अपने भाषण में मेरा जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी का कोई भरोसा नहीं है। लेकिन, जनता जानती है कि कांग्रेस जो गारंटी देती है, उसे पूरा करती है। भरोसा तो मोदी की गारंटी का नहीं रहा। वे कभी अपना वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 लाख देने का वादा किया था, नौकरी देने का वादा किया था, इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया। घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि झारखंड में अगर आईएनडीआईए की सरकार बनी, तो 10 लाख नौकरी, प्रति व्यक्ति सात किलो राशन दिया जाएगा। इंडी गठबंधन ने जनता से वादा किया है कि सरकार बनने पर मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। राज्य के हर गरीब परिवार को गैस सिलेंडर 450 रुपये में दिया जाएगा।

### आईएनडीआईए की सात गारंटियां

1. 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित।
2. दिसंबर 2024 से मंईयां सम्मान योजना के तहत 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी।
3. एसटी-28 प्रतिशत, एससी-12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण एवं अल्पसंख्यक के हितों के संरक्षण करने के लिए संकल्पित। साथ ही, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित।
4. राशन वितरण 7 किलो प्रति व्यक्ति किया जाएगा। साथ ही, गैस सिलेंडर राज्य के हर गरीब परिवार को 450 रुपये में दिया जाएगा।
5. झारखंड के 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी और रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। 15 लाख रुपये तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।
6. राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। साथ ही, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लाते हुए राज्य के सभी जिला मुख्यालयो में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा।
7. धान के एमएसपी को 2400 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये करने के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरौंजी, साल बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।

## शंख नहीं बजने देंगे घुसपैठिए

### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा

नवीन मेल संवाददाता



- बोले, झारखंड में भू-माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा
- पहले औरंगजेब ने लूटा, अब झारखंड को आलमगीर लूट रहे

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कोडरमा, बड़कागांव और जमशेदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने हरियाणा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि, हरियाणा के लोगों ने विकास के लिए तीसरी बार फिर से भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुना है। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, एक आलमगीर आलम थे औरंगजेब, जिसने देश को लूटने का काम किया था, देश के पवित्र मंदिरों को नष्ट किया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा था, मंदिरों को नष्ट किया था, उसी तरह झारखंड सरकार एक मंत्री थे आलमगीर आलम। उनके घर से नोटों की गड्डियां मिली थीं। ये पैसा झारखंड के गरीबों का था, जिसे लूटकर जमा किया गया था।

सीएम योगी ने बटेंगे तो कटेंगे का नारा भी दोहराया। उन्होंने जनता से कहा कि अपनी ताकत का एहसास करवाइए। जातियों में नहीं बंटना है। जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे, कांग्रेस और विपक्ष यही काम करती है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या को बुला रहे हैं। एक दिन ये लोग आपको घर के अंदर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। इसलिए एक रहिए और नेक रहिए। मैं तो कहता हूं कि देश का इतिहास गवाह है कि जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं। योगी आदित्यनाथ ने जनता से भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, देश में जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां पर विकास का एक नया मॉडल दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, आजादी के बाद से जनता ने कांग्रेस को देश चलाने का मौका दिया। लेकिन आज तक गरीबों के लिए ईमानदारी से एक भी योजना नहीं बनाई। साल 2014 में नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने थे, जिसके बाद उन्होने सबका साथ-सबका विकास का नारा दिया था। इसी नारे के साथ किसान, युवा और महिलाओं समेत हर वर्ग का विकास करने का काम किया है। उन्होने कहा कि, कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान चीन हमारे देश में घुस गया था, लेकिन आज चीन की सेना भी पीछे हट रही है और वहां भारत की सेना गश्त कर रही है। पाकिस्तान तो अब भारत का नाम सुनकर कांपने लगता है। कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने कश्मीर को एक समस्या दी थी,

शेष पेज 11 पर

### झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी उनके खून चूसे : राजनाथ सिंह

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हटिया और लोहरदगा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने छठ पर्व की शुभकामनाओं के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। रक्षा मंत्री ने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि, अब झामुमो की नैया डूब रही है। झारखंड की जनता ने एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गई है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाइयों पर ले जाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार डूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री जेल नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है।

रक्षा मंत्री ने कहा भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे जिनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। लेकिन, झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे है।

शेष पेज 11 पर

### भंडरा में एसएसबी के जवान ने की आत्महत्या

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिटपी स्थित कैंप में तैनात एक एसएसबी जवान ने अपने आप को गोली मारकर मंगलवार को आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है।

### रामगढ़ : गाड़ी चोर ने 4 ग्रामीणों को रौंदा, मौत

**रामगढ़।** जिले के रजप्पा थाना परिसर से बोलेरो चोरी कर भाग रहे बदमाश ने सोहराय मना रहे चार ग्रामीणों को रौंद दिया। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पिपरा जारा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है।

## सीबीआई की छापेमारी में 60 लाख नकदी एक किलो सोना और कागजात बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड में छापेमारी की है। इनमें राज्य की राजधानी रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहिबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहिबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही, खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है।

क्षेत्रीय जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं। प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और साठगांठ थी। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। छापेमारी उन संदिग्धों के परिसरों में की जा रही है, जिनकी भूमिका आगे की जांच के दौरान सामने आई है। जांच जारी है। सीबीआई ने 20 नवंबर, 2023 को आईपीसी की धारा 120बी के साथ 34, 379, 323, 500, 504 और 506, शेष पेज 11 पर

### रांची पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी बरामद

**रांची।** रांची पुलिस को शीर्ष स्तर से सूचना मिली कि विधानसभा चुनाव में सिल्ली व रांची विस क्षेत्र के अंतर्गत चुनाव को अवैध संसाधनों के माध्यम से प्रभावित करने के लिए भारी मात्रा में नकदी एवं अन्य संसाधनों को जमा किया गया है। सूचना मिलते ही मंगलवार की सुबह रांची डीसी और एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के निर्देशन में छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें सिटी डीएसपी व संबधित थाना एवं सशस्त्र बल की छापामारी टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की। छापामारी दल के साथ वीडियोग्राफर को लेकर 5 नवंबर को करीब 09:25 बजे रामजी यादव के घर पंचवटी चौक साउथ रेलवे कॉलोनी में रेड किया गया।

शेष पेज 11 पर

हमेशा याद आएंगी

## मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार की रात निधन हो गया। वह 72 साल की थीं। कुछ दिन पहले बीमारी के चलते उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। सोमवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें वेंटीलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया था। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमन सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया, आप सब की प्रार्थना और प्यार हमेशा मां के साथ रहेंगे। मां को छठी मइया ने अपने पास बुला लिया है। मां अब शारीरिक रूप में हम सब के बीच नहीं रहीं। पद्म भूषण से सम्मानित 72 वर्षीय शारदा सिन्हा मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। उनके चर्चित गानों में 'विवाह गीत' और 'छठ गीत' शामिल हैं। गीत-संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री और पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया है।

शारदा सिन्हा का जन्म 1 अक्टूबर 1952 को बिहार के समस्तीपुर में संगीत से जुड़े एक परिवार में हुआ था। उन्होंने 1980 में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन से अपना करियर शुरू किया और जल्द ही अपनी दमदार आवाज और भावनात्मक प्रस्तुति के लिए मशहूर हो गईं। बता दें कि इससे पहले छठ गीतों से बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के आम लोगों के दिलों पर राज करने वाली लोक गायिका के बेटे अंशुमन सिन्हा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया था शेष पेज 11 पर

इंडिया

## वक्फ बोर्ड विरोध और समर्थन की राजनीति



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वक्फ़ बोर्ड को असीमित न्यायालय से ऊपर की शक्तियां यदि दी गईं तो क्यों और कैसे संविधान के रक्षक चुप क्यों थे ? भाजपा इसमें मुखर है और केंद्र शीतकालीन सत्र में संशोधन विधेयक पास कराना चाहती है।वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए चल या अचल संपत्तियों का बोर्ड है जिसका उद्देश्य है कि मुस्लिम द्वारा संपत्ति, चाहे वह चल हो या अचल, मूर्त हो या अमूर्त, ईश्वर को दान करना, इस आधार पर कि हस्तांतरण से जरूरतमंदों को लाभ होगा। एक केंद्रीय वक्फ बोर्ड और कई राज्य बोर्ड हैं। वक्फ अधिनियम को पहली बार 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया और 1995 में एक नया वक्फ अधिनियम पारित किया गया, जिसने वक्फ बोर्डों को अधिक अधिकार दिए। 2013 में अधिनियम में और संशोधन किया गया ताकि वक्फ बोर्ड को संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' के रूप में नामित करने के लिए व्यापक अधिकार दिए जा सकें। सरकार वक्फ बोर्ड अधिनियम में 32-40 संशोधनों पर विचार कर रही है। प्रस्तावित संशोधनों के बाद वक्फ बोर्ड को मूल्यांकन के लिए जिला कलेक्टर के कार्यालय में अपनी संपत्तियों को पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। संशोधनों का उद्देश्य केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करके समावेशिता को बढ़ाना भी है। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित परिवर्तनों में वक्फ संपत्तियों की न्यायिक जांच की अनुमति देना शामिल है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे वक्फ संपत्ति के रूप में योग्य हैं या नहीं।रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड को भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमिधारक कहा जाता है। वर्तमान में 8 लाख एकड़ में फैली लगभग 8,72,292 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों से 200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। लगभग 200 व्यक्ति राज्य वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करते हैं। वक्फ को लेकर विवाद अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है। वक्फ की संपत्ति पर कब्जे का विवाद लंदन स्थित प्रिवी काउंसिल तक पहुंचा था। अंग्रेजी हुकूमत के दौरान ब्रिटेन में जजों की एक पीठ बैठी और उन्होंने इसे अवैध करार दिया था लेकिन, ब्रिटिश भारत की सरकार ने इसे नहीं माना और इसे बचाने के लिए 1913 में एक नया एक्ट लाई। 8 दिसंबर 2023 को वक्फ बोर्ड (एक्ट) अधिनियम 1995 को निरस्त करने का प्राइवेट मेंबर बिल राज्यसभा में पेश किया गया था।यह बिल उत्तर प्रदेश से भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने पेश किया था । राज्यसभा में इस बिल को लेकर विवाद भी हुआ था । भाजपा सांसद ने कहा था कि 'वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995' समाज में द्वेष और नफरत पैदा करता है। वक्फ एक अरबी शब्द है। जिसका अर्थ होता है खुदा के नाम पर अर्पित वस्तु।वक्फ बोर्ड के अधिकार में चल और अचल संपत्तियां आती हैं।




इन संपत्तियों के रखरखाव के लिए राष्ट्रीय से लेकर राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड होता है।वक्फ बोर्ड को जो संपत्ति दान दी जाती है, उससे गरीबों की मदद की जाती है.वक्फ के अधिकारों को लेकर है सबसे ज्यादा विवाद जिसमें दो सक्रिय पक्ष और एक तटस्थ है । सबसे अधिक विवाद वक्फ के अधिकारों को लेकर है। क्योंकि वक्फ एक्ट के सेक्शन 85 में इस बात पर जोर दिया गया है कि बोर्ड के फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती है।वक्फ बोर्ड अपनी विशाल संपत्तियों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। बढ़ती कानूनी लड़ाइयां, धाराओं की हार की जंग, आंतरिक अराजकता और राजनीतिक गर्माहट से घिरा हुआ है। अतिक्रमणकारियों और भ्रष्टाचारियों के कई आरोप लग चुके हैं। कानूनी मामलों, कर्मचारियों की भारी कमी, राजनीतिक नियुक्तियों, बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और दुखद ध्वस्तीकरण से आंतरिक रूप से जूझ रहे। भूमि और सार्वजनिक स्थानों को वक्फ बनाकर अधिग्रहित करने का भी आरोप है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों पर केंद्र के विनियामक प्राधिकरण को बढ़ाकर और पहली बार वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने की अनुमति देकर कानून में महत्वपूर्ण सुधार नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 2024 करने का प्रस्ताव है। कई विपक्षी दलों ने केंद्र पर हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श किए बिना विधेयक पेश करने का आरोप लगाया है, उनका दावा है कि यह मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। जबकि गृह मंत्री ने इसे शीतकालीन सत्र में पास कराने की घोषणा की है ।अखिलेश यादव, केसी वेणुगोपाल और असदुद्दीन ओवैसी समेत पूरे विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध किया था और सरकार की नीयत पर सवाल उठाए थे । जेडी यू और टीडीपी ने इसका समर्थन किया। बिल के बारे में बताते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने तिरुचिरापल्ली के तिरुचेंथुरई गांव की कहानी बताई। हिंदू आबादी वाले 1500 साल पुराने इस गांव को ही वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया था। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो वे हैरत में पड़ गए। उन्हें समझ में नहीं आया कि उनकी हजारों साल पुरानी पैतृक संपत्ति वक्फ की प्रॉपर्टी कैसे बन गई। वक्फ बोर्ड के पास जमीन से जुड़ा सबूत नहीं था मगर गांव पर उसका मालिकाना हक था।

### वक्फ बोर्ड ने ऐतिहासिक स्मारकों पर ठोका दावा

- ऐतिहासिक स्मारकों के साथ की जा रही है छेड़छाड़ : एएसआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड इन दिनों चर्चा में है और वक्फ की संपत्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में जमकर विवाद देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में अब वक्फ बोर्ड ने विश्व विरासत घोषित हो चुके ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोका है। वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक राज्य के 43 ऐतिहासिक स्मारकों पर दावा ठोका है। इसमें गोल गुंबज, इब्राहिम रौजा, बारा कमान और बीदर व कलबुर्गी शामिल हैं। इन 53 स्मारकों में से 43 विजयपुरा में हैं। विजयपुरा वक्फ बोर्ड ने 2005 में 43 स्मारकों पर अपना दावा ठोका था। इन ऐतिहासिक स्मारकों का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास नहीं है। नियमों के मुताबिक, एक बार जब किसी भी ऐतिहासिक स्मारक का मालिकाना हक एएसआई अपने अधिकार क्षेत्र में ले लेता है, तो उसे किसी को दूसरे को नहीं दिया जा सकता है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किस आधार पर वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर अपना दावा ठोक रहा है।

एएसआई के अधिकारी के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। इसके लिए सीमेंट और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि उसकी मूल पहचान को बदला जा सके। लेकिन, एएसआई ने स्पष्ट कर दिया है कि इस छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों में पंखे, एसी, ट्यूबलाइट और टॉयलेट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि इसकी मूल पहचान को बदला जा सके।


## अब्राहम मास्लो के 'हीयरारकी ऑफ नीड्स' से चलता है पता, किस नारे का कितना होगा असर

# दैहिक व सुरक्षा आवश्यकता से जुड़े चुनावी नारे ही होते हैं प्रभावशाली

*मुख्य चुनावी नारों से ज्यादा प्रभावित होता है मन-मस्तिष्क*

**त्रिभुवन कुमार सिन्हा**

**रांची।** क्या राजनीतिक दलों के चुनावी नारे का असर होता है? कुछ लोगों का मानना है कि वोटिंग जाति और धर्म आधारित होती है, कुछ लोग कहते हैं कि मतदान पसंदीदा राजनीतिक दलों के आधार पर होता है, यानी यह पहले से तय होता है कि कौन व्यक्ति किसे वोट देगा। यहां फिर प्रश्न उठता है कि अगर मतदान जाति-धर्म या पसंदीदा राजनीतिक दलों पर ही आधारित होता है, तो चुनाव लड़ने वाली पार्टियां या चुनावी गठबंधन में एक साथ निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले दल चुनावी नारे क्यों देते हैं। झारखंड में निर्वाचन प्रक्रिया मध्य दौर से गुजर रही है, चुनावी प्रचार चरम की ओर अग्रसर है। राज्य में पहले चरण के चुनाव में मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा, वहीं, दूसरे चरण में वोटिंग 20 नवंबर 2024 को होगी। एनडीए और आईएनडीआईए दोनों अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए जी-जान लगाए हुए हैं। तो, इस समय हम यह जानने का प्रयास कर सकते हैं कि जो मुख्य चुनावी नारे दिए जाते हैं, क्या वे प्रभावशाली होते हैं। क्या वे नारे मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित कर पाते हैं? इसे हम मनोविज्ञान के सिद्धांत 'आवश्यकता का पदानुक्रम' से समझेंगे। लेकिन, पहले हमें धैर्य से आवश्यकता के पदानुक्रम को समझना होगा। इसके बाद ही हम चुनावी नारों के प्रभाव का समझ पाएंगे।



**मनुष्य की आवश्यकताओं के सात स्तर**

- दैहिक आवश्यकता
- सुरक्षा आवश्यकता
- सामाजिक आवश्यकता
- प्यार और संबद्धता की आवश्यकता
- सम्मान की अवश्यकता
- बौद्धिक आवश्यकता
- पूर्णता या आत्मसिद्धि की आवश्यकता

### सबसे पहला चर्चित चुनावी नारा था 'जय जवान जय किसान'

देश में चर्चित चुनावी नारों में सबसे पहला नारा है 'जय जवान जय किसान'। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था। उनकी मौत वर्ष 1966 में ताशकंद में हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद 1967 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस ने इसी नारे का प्रयोग किया और इंदिरा गांधी सत्ता पाने में सफल रहीं। 'जय जवान जय किसान' का नारा भी सुरक्षा और दैहिक आवश्यकता से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसने जनमानस को प्रभावित किया। याद रहे कि वर्ष 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के आम चुनाव में 'गरीबी हटाओ' नारा दिया था। यह नारा भी दैहिक आवश्यकता को पूरा करने वाला और व्यक्ति के अस्तित्व से जुड़ा है, इसलिए यह नारा प्रभावकारी साबित हुआ और इंदिरा गांधी आराम से सत्ता में वापस लौट आईं। वर्ष 2014 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा 'अच्छे दिन आने वाले हैं' प्रभावकारी साबित हुआ और भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल गया। 'अच्छे दिन' भी दैहिक और सुरक्षा आवश्यकता से जुड़ा नारा है।

आइए, वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के दो प्रमुख दलों के नारे की बात करते हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नारा है 'माटी, बेटी, रोटी'। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन (आईएनडीआईए) के प्रमुख दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का नारा है 'जल, जंगल, जमीन'। वैसे, इस विधानसभा चुनाव में झामुमो 'जल, जंगल, जमीन' नारे का कम प्रयोग कर रहा है। इधर, चुनाव जैसे-जैसे परवान चढ़ रहा है, चुनावी नारे में नए-नए मुद्दे भी प्रवेश कर गए हैं - जैसे, बांग्लादेशी घुसपैठ, यूसीसी, एनआरसी, सीएनटी, एसपीटी आदि। हालांकि, हम प्रमुख चुनावी नारे 'माटी, बेटी, रोटी' और 'जल, जंगल, जमीन' पर ही स्वयं को केंद्रित रखेंगे। क्योंकि, मुख्य चुनावी नारे ही समान्यतः मतदाता को प्रभावित कर पाते हैं। वैसे भी, जब मुख्य चुनावी नारे पर विचार कर करेंगे, तो यह स्वयं ही स्पष्ट हो जाएगा कि 'माटी, बेटी, रोटी' और 'जल, जंगल, जमीन' का नारा यूसीसी, एनआरसी, सीएनटी, एसपीटी आदि पर क्यों भारी है। 'बांग्लादेशी घुसपैठ' का नारा थोड़ा अलग है, क्योंकि यह अस्तित्व की लड़ाई से जुड़ा है। आगे जब हम विचार करेंगे, तो स्पष्ट हो जाएगा कि अस्तित्व की लड़ाई क्यों महत्वपूर्ण होती है। प्रभावकारी चुनावी नारे, जो मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं, वे मनुष्य के मनोविज्ञान से जुड़े होते हैं। इसे समझने के लिए हमें अब्राहम मास्लो के आवश्यकता का पदानुक्रम (हीयरारकी ऑफ नीड्स) को समझना होगा। उन्होंने वर्ष 1954 में इस सिद्धांत को अपनी 'पुस्तक ए थियोरी ऑफ ह्यूमन मोटिवेशन' में प्रस्तुत किया था। अब्राहम मास्लो के सिद्धांत के अनुसार, मनुष्य की आवश्यकताएं असीमित हैं, लेकिन इन्हें सात स्तरों में रखा जा सकता है। मनुष्य की आवश्यकताएं एक हीयरारकी (पदानुक्रम) में होती हैं, यानी मनुष्य के लिए कुछ आवश्यकताएं बुनियादी होती हैं और इसे पूरा किए बिना उसका अस्तित्व संभव नहीं है। जब ये आवश्यकताएं पूरी हो जाती हैं, तब वह अगले स्तर की अवश्यकताएं पूरी करता है। इसे पूरा करके ही वह आवश्यकता के अगले स्तर पर जाता है। यही है आवश्यकता का पदानुक्रम (हीयरारकी ऑफ नीड्स)। अगर वह पदानुक्रम की निचली आवश्यकताओं को पूरा किए बिना ऊपरी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहेगा, तो उसे मानसिक समेत कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### दैहिक और सुरक्षा आवश्यकता है सबसे महत्वपूर्ण

आवश्यकता के पदानुक्रम में निचली दो आवश्यकताएं, दैहिक आवश्यकता और सुरक्षा आवश्यकता, सबसे महत्वपूर्ण होती हैं और ये मानव के अस्तित्व से जुड़ी हुई हैं। ये आवश्यकताएं मनुष्य को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। इसलिए मनुष्य सबसे पहले मनोवैज्ञानिक रूप से इसी की ओर आकर्षित होता है। दैहिक आवश्यकता में भोजन, पानी, नींद, शारीरिक संतुष्टि, जैविक प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए या जीवित रहने के लिए अनुकूल परिस्थिति, मल-मूत्र त्याग आदि प्रमुख हैं। सुरक्षा आवश्यकता में शारीरिक सुरक्षा, परिवार की सुरक्षा, स्वास्थ्य की सुरक्षा, जीविका की सुरक्षा, संसाधन की सुरक्षा, संपत्ति की सुरक्षा आदि प्रमुख हैं। अब हम समझते हैं 'माटी, बेटी, रोटी' और 'जल, जंगल, जमीन' के नारे को। 'माटी, बेटी, रोटी' का नारा 'जल, जंगल, जमीन' के नारे से ज्यादा प्रभावकारी है। अब जानने की कोशिश करते हैं कि ऐसा क्यों है और कैसे है।

### 'माटी, बेटी, रोटी' मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकता

'रोटी' मनुष्य की दैहिक आवश्यकता है। 'माटी' और 'बेटी' मनुष्य की सुरक्षा आवश्यकता है। रोटी (भोजन) से ही उसका जीवन है। भूखे रहा, तो वह मर जाएगा। 'माटी' संसाधन है, संपत्ति है, जीविका है। 'बेटी' परिवार है, इज्जत है। वहीं, 'जल' दैहिक आवश्यकता है, तो 'जमीन' सुरक्षा आवश्यकता है। लेकिन, 'जंगल' से भोजन मिलने के बावजूद यह दैहिक या सुरक्षा आवश्यकता नहीं बन पाता है, क्योंकि यह वन्य प्राणियों के कारण भय भी पैदा करता है। वन्य क्षेत्र में रहने वालों के मन में भी यह 'आदिम भय' ही उत्पन्न करता है। इस तरह 'माटी, बेटी, रोटी' में तीनों शब्द प्रारंभिक दो आवश्यकताओं में शामिल हो जाते हैं, जबकि 'जल, जंगल, जमीन' में मात्र दो ही प्रथम दो आवश्यकताओं में सम्मिलित हो पाते हैं। 'जंगल' मानव के अवचेतन (सबकांशस) में भय ही बढ़ाता है। 'माटी, बेटी, रोटी' नारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'मां, माटी, मानुष' नारा की तरह ही है।

### हर बार काम नहीं करता एक चुनावी नारा

हां, यह महत्वपूर्ण बात है कि एक चुनावी नारा हर बार काम नहीं करता है। ऐसा क्यों होता है? यह इसलिए होता है कि किसी भी जगह के निवासियों की मानसिक स्थिति वहां के वातावरण या परिवेश पर निर्भर करती है। और, समय के साथ किसी भी जगह का वातावरण बदल जाता है। जो कल था, वह आज नहीं है।

---

# हेमंत के हेलीकॉप्टर को रोककर उनकी जान को खतरे में डालने की साजिश रची गयी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को पीसी कर कहा कि पीएम की सुरक्षा का हवाला देकर हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोक दिया गया। जबकि नियम के मुताबिक हेमंत के हेलीकॉप्टर को तय सीमा और परिधि के बाहर से उड़ान भरना था। कहा कि इसके लिए हमने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिकायत की है। ये एक गंभीर मामला है। ये एक प्रकार से हेमंत सोरेन को जनता की पहुंच से करने का मामला है। उनकी सुरक्षा से जुड़ा मामला है। कहा, हमारा मानना है कि इस मामले में हेमंत सोरेन की सुरक्षा को खतरा था। इसके पीछे एक साजिश है। ऐसे इलाके में हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे रोका गया जहां से कम्युनिकेशन का कोई साधन नहीं था। कहा कि ये गंभीर मामला है। सीएम हेमंत सोरेन हमारे स्टार प्रचारक हैं। इनके सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया। आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने इसका गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया। कहा, हम पहले से कहते आ रहे हैं कि चुनाव आयोग और बीजेपी में घनिष्ठता है।

जेएमएम नेता ने कहा, चुनाव आयोग से हमने पहले ही कहा था, त्योहारों को देखते हुए चुनाव की तिथियों को आगे बढाया जाये। लेकिन हमारी एक भी सुनी गयी। अब इसी चुनाव आयोग ने यूपी में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर चुनाव की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। जबकि यूपी में उपचुनाव में होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में ये लोग चुनाव हार गये। फिर से इनको यूपी के उपचुनाव में हार का डर सताने लगा है इसलिए तिथियों का ये खेल चल रहा है। अयोध्या में जनता ने बता दिया कि राजनीति में अगर धर्म को मिलाएंगे तो, ये जनता को बर्दाश्त नहीं होगा।

सुप्रियो ने कहा कि यहां भी बीजेपी नेताओं की ओर से मुसलमानों को लेकर धार्मिक बयान दिये जा रहे हैं। इतना होने पर भी चुनाव आयोग खामोश है। सीएम को खतरे में डाल दिया गया, इस पर भी चुनाव आयोग खामोश है। इनती नीति है, होने दो उग्रावदी हमला। पीएम की सुरक्षा के नाम पर पूरे झारखंड को एरियर अरेस्ट कर लो।

### चुनाव आयोग के रवैये पर उठ रहा है गंभीर सवाल



**सुप्रियो** ने कहा, चुनाव आयोग का जो पूरा रवैया है, ये गंभीर सवाल पैदा करता है। कहा हमारे मामले चुनाव आयोग का अलग रुख है। बीजेपी के मामले में अलग रुख है। कहा हिंदुओं का महापर्व छठ आज से शुरू हो गया। एक बड़ी आबादी राज्य से बाहर चली गयी। 12-13 नवंबर को उनको लौटना है। कहा कि इस तरह उनको मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। आरोप लगाया कि यूपी की तरह ही हरियाण की चुनाव की तिथियों को बदला गया और नतीजों को अपने फेवर में किया गया। कहा कि यही साजिश यूपी में भी रची जा रही है। वहां अगर 10 नवंबर को चुनाव होता, उसका जो ट्रेंड सामने आता, तो झारखंड में तो चुनाव हार ही रहे हैं, महाराष्ट्र में भी इसका असर होता। इनकी दूसरी नीति है किसी तरह हमारे सीएम को चुनाव प्रचार से रोका जाये। उनको डराया जाये। आतंकित किया जाये। कहा, जहां-जहां जंगल में सीएम का हेलीकॉप्टर जायेगा, वहां उनको रोकने की साजिश हो रही है। कहा कि आपने एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन इसी आदिवासी के एक बेटे हेमंत सोरेन की जान को आप खतरे में डाल रहे हैं। ये गंभीर मुद्दा है।

---

# झारखंड में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा : शिवराज सिंह चौहान

- *झामुमो की सरकार गरीब जनता की कमाई तक डकार गई*
- *झारखंड में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं और सोरेन सरकार सो रही है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सारठ विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, दुमका से प्रत्याशी सुनील सोरेन और मधुपुर से भाजपा उम्मीदवार गंगा नारायण सिंह के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। शिवराज ने कहा कि जेएमएम सरकार बालू, पत्थर, खनिज और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र से भेजी गई करोड़ों की राशि डकार गई। प्रदेश की जनता त्राही-त्राही कर रही है और इनके नेता-मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद किए जा रहे हैं। ये पैसा हेमंत सोरेन का नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों की खून-पसीने की कमाई का पैसा है। इसलिए इस बार झारखंड से जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकना है और झारखंड में सुशासन स्थापित करना है।

शिवराज ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड पर ग्रहण बनकर लग गए हैं। झामुमो और कांग्रेस गठबंधन ने पूरे झारखंड को बर्बाद करने का पाप किया है। यहां किसी थाने, तहसील, ब्लॉक और सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है। यहां हर चीज बिकती है। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की ये सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है। जेएमएम सरकार के कुशासन से तंग आकर अब जनता ने भाजपा को जिताने का मन बना लिया है।

शिवराज ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। मां, बहन, बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। झारखंड की धरती पर सात हजार 400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई है। यहां तो ये सरकार सीता सोरेन का भी अपमान करती है, उनके लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। ये तो धरती वो धरती है जहां एक सीता और द्रौपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत हो गया था और कौरवों का विनाश कर दिया था।



### यह कांग्रेस का ओछापन और छोटापन है

भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को एक्स पर लिखा है कि कांग्रेस की नजरों में झारखंड का कोई सम्मान है या नहीं। कांग्रेस जैसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आते हैं और मंच से पूछते हैं कि यहां कितनी सीट हैं। ये झारखंड की वैल्यू समझते हैं? इन्हें सीटों का पता नहीं और चुनाव में भाषण करने आए हैं। और बता रहे हैं कि छोटा सा चुनाव है। खड़गे साहब, झारखंड महान राज्य है। यह झारखंड की धरती क्रांतिकारियों की भूमि है, भगवान बिरसा, सिद्धू-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीताम्बर की यह भूमि है। कितने वीर और क्रांतिकारी यहां हुए हैं। तपस्वियों और साधकों की भूमि है। यहां का कण-कण पवित्र है। इस राज्य के चुनाव को छोटा कहना, झारखंड का अपमान है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड की जनता का आदर करती है। झारखंड को बचाने के लिए हम पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि यह चुनाव झारखंड के विकास का चुनाव है, यहां की जनता के कल्याण का चुनाव है। इसलिए प्रधानमंत्री जी से लेकर मेरे जैसे कार्यकर्ता यहां आए हैं।

---

## भाजपा ने 30 बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

# छह वर्षों के लिए किया गया निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ.प्रदीप वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे ऐसे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चंद्रमा कुमारी पलामू, कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू, जूली यादव दुमका, बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग, चितरंजन साव बोकारो, कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन पाकुड, मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड, पुष्परंजन पलामू, राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर, रामावतार केरकेट्टा रांची ग्रामीण, रामदेव हेम्ब्रम पूर्वी सिंहभूम, रामेश्वर उरांव लोहरदगा, संतोष पासवान लातेहार, शिवचरण महतो पाकुड, शिवशंकर बड़ाइक खूंटी, शिव शंकर सिंह जमशेदपुर, सुरेंद्र मोदी हजारीबाग, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती चतरा, विकास सिंह जमशेदपुर महानगर, विमल बैठा जमशेदपुर महानगर, विनोद सिंह पलामू को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।



---

## सीएम का हेलीकॉप्टर रोके जाने का मामला

# सीईओ ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ 23 अक्टूबर को एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं राजनीतिक दलों के समनवय से संबंधित हुई थी बैठक*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 में सभी प्रत्याशियों के लिए एक समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से राज्य में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जा रहा है। कुमार ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर रोके जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथोरिटी के निदेशक को 6 नवंबर पूर्वाह्न तक वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा गया है। कुमार ने कहा है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई संवादहीनता न रहे, इस बात को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ 23 अक्टूबर को निर्वाचन सदन में राजनीतिक दलों संग एयरपोर्ट ऑथोरिटी की बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के वीआईपी मूवमेंट से संबंधित दिशा निदेर्शों से अवगत कराते हुए संशय की स्थिति में संपर्क करने के लिए नंबर भी साझा किए गए थे, ताकि विधानसभा निर्वाचन में सभी के लिए एक समान अवसर प्राप्त हो।

---

# छुट्टियों में भी पोस्ट ऑफिस से बांटे जाएंगे वोटर आईडी कार्ड : सीईओ



*डाक विभाग में प्राप्त सभी वोटर आईडी कार्ड को जल्द से जल्द मतदाताओं तक पहुंचना सुनिश्चित करें सभी पोस्टमास्टर : के. रवि कुमार*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे यह प्राथमिक उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सम्मिलित रूप से प्रयास अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड ससमय मतदाताओं तक पहुंचे। इसके लिए डाक विभाग एक अहम भूमिका निभा रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में पूरे राज्य में डाक विभाग द्वारा मतदाता पहचान पत्र बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कई मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के उपरांत भी उनका वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने डाक विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी छुट्टियों में भी डाक विभाग को खुला रखकर वोटर आईडी के वितरण का कार्य पूरी तेजी के साथ किया जाए, जिससे मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जिनका नाम मतदाता सूची में है पर अबतक वोटर आईडी कार्ड प्राप्त नहीं हो पाया है, वे 1950 पर कॉल कर अपने बीएलओ अथवा बीएलओ सुपरवाइजर से सम्पर्क कर इससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा डाक घर के साथ समन्वय करते हुए वोटर आईडी कार्ड के वितरण का कार्य कराया जाएगा।

श्री कुमार ने कहा कि डाक विभाग के वरीय पदाधिकारी इस हेतु अपने स्तर से पूरे राज्य के पोस्ट मास्टर को निर्देशित करें एवं आयोग द्वारा प्राप्त सभी वोटर आईडी कार्ड का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय के सहायक निदेशक निरंजन कुमार, इंस्पेक्टर पोस्ट कुमकुम कुमारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं डाक विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

**आज | कल**




---

# माननीयों की महल के लिए तोड़ी गयी गरीबों की झोपड़ियां

**रजनीश/ काजल मेहता**

**रांची।** राजधानी रांची के एक छोर को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। इस स्मार्ट सिटी में चौड़ी सड़कें मंत्रियों के लिए आलिशान बंग्ला बनाया गया है। स्मार्ट सिटी में माननीयों के लिए जो बंग्ला बनाया गया है उसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध है। सब कुछ नंबर वन क्वालिटी का है। वहीं माननीयों के महल से कुछ दूर आगे गरीबों की झोपड़ियां हैं। मंत्री आवास से 200 मीटर की दूरी पर 22 से 25 आदिवासी परिवारों का एक गांव है। इस गांव का नाम बारीफीली मुसाटोली है। यहां के लोग अपना जीवन यापन करने के लिए खेती करते थे। गांव की मंजु मिंज ने बताया कि आस पास के जमीन पर हम खेती करते थे, साल में दो बार खेती होती थी, एक सीजन में धान और बाकी दिनों में साग-सब्जी लगते थे। जब से यहां तोड़फोड़ हुआ है सब से सबकुछ खत्म हो गया। अब रेजा का काम कर रहीं हूं। अभी दो-तीन दिनों से काम नहीं मिल रहा है। चांदनी चौक से घुम के आ रही हूं। यहां के पेड को काट दिया गया। स्मार्ट सिटी के नाम पर बहुत कुछ का नाश कर दिया गया। इसी गांव की रहने वाली दूसरी महिला सिनगी तिग्गा ने बताया कि जहां बड़े भवन बने हैं वहां खेती करते थे। यहां के आदिवासी परिवार अपनी आजीविका चलते थे। प्राकृतिक सब्जियां जैसे खुखड़ी भुटका निकलता था। लेकिन स्मार्ट सिटी के कारण सब समप्त हो गया। उन्होंने बताया किजिस जगह पर मंत्रियों के घर बनाये गए वहां तालब हुआ करता था, जो जानवरों के लिए पानी पिने की जगह थी। वहीं आस पास के लोगों के लिए नहाने और अन्य काम करने की जगह थी। तालाब के आस पास धान, तरह-तरह की सब्जियों की खेती किया करते थे। लेकिन अब सब कुछ खत्म हो गया। पूनम लिंडा ने बताया कि हमारे बस्ती से खेत, तालाब, पेड़ सब कुछ उजाड़ दिया गया। जल्द ही हमारे घर भी उजाड़ दिए जायेंगे। जहां रोड बनाया गया है वहां दो मकान और एक कुआं था उसे भी तहस-नहस कर दिया गया। यहां हम पीढ़ियों से रह रहे हैं। हमारे साथ तो सदियों से ठगी होते आ रही है, पहले हमारे पूर्वजों से झूठ बोल कर एचईसी ने हमारी जमीन ले ली और दिया कुछ भी नहीं। अब हमसे हमारा घर छीना जा रहा है। जमीन देने के बादा किया पहले बोला 20 डिसमिल देगें फिर 15 और अब बोल रहा है कि 10 डिसमिल देंगे। जमीन दिखाया गया है। बोला है मकान बना के देंगे।





# सज गया छठ का बाजार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महापर्व छठ को लेकर राजधानी में तैयारी तेज हो गई है। जहां छठ घाटों को चकाचक किया गया है। नदी, डैम, तालाबों को स्वच्छ किया गया है, वहीं राजधानी में छठ बाजार में सज धज कर तैयार हो गये हैं। महापर्व के मौके पर राजधानी के जिला स्कूल मैदान में वर्षों से तीन दिवसीय बाजार सजता आ रहा है। यहां 250 से 300 लोग गांव, प्रखंड, पंचायात, ब्लॉक के लोग अपनी दुकाने लगाने पहुंचते हैं। मंगलवार से दुकान लग गई है। खरीदार भी पहुंचने लगे हैं। इस बाजार में हिंदु, मुस्लिम, आदिवासी सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने आस्था के महापर्व छठ पर अपनी दुकानों को सजाया है। 8 साल से इरबा के इम्तियाज छठ बाजार में सजाते हैं फल की दुकान इरबा के मो इम्तयाज ने कहा कि यहां पिछले 8 साल से अपनी दुकान छठ के मौके पर लगा रहा हूं। आरंभिक काल में महज 5 से 10 हजार रुपये की छोटी राशि से दुकान लगा लेता था। आज 50 हजार की पूंजि से दुकान लगाया हूं। तीन के बाजार में ऊपर वाले की दुआ से कारोबार हो जाता है। उसके तो सालो भर फल का कारोबार कर घर परिवार का गुजारा करते हैं। वहीं छठ बाजार में कांके, मांडर, रातू, ओरमांझी, डोरंडा, पुंदाग, धुर्वा, दीपाटोली, रांची, मोरहाबादी, नामकुम, लोवाडी, डोरंडा, आदि क्षेत्र के 300 लोगों ने सजाया है दुकान। इसके अलावा राजधानी के हरमू बाजार, डोरंडा बाजार, मोरहाबादी, बरियातु, कडरु, चुटिया, हटिया, धुर्वा, पंडरा, लालपुर, कांटा टोली, अरगोड़ा, कोकर, धुर्वा, हटिया आदि क्षेत्रों में भी दुकान सजाया गया है।



### नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू



रांची। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के बाद सात्विक भोजन, कद्दू भात, चना दाल आदि का सेवन किया। बुधवार को खरना है। दिनभर उपवास के बाद शाम में व्रती खीर-पुड़ी का प्रसाद करेंगे। व्रती गुरुवार शाम में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे और शुक्रवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारन करेंगे। इसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ को लेकर हर जगह घाटों की साफ-सफाई व सजावट का काम चल रहा है। सरकार के साथ स्वंयसेवी संगठन इस काम लगे हुए हैं। घाटों को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर सजावट का काम अंतिम चरण में हैं।

### सरोवर नगर का छठ घाट पानी में डूबा

रांची। सरोवर नगर के निवासी कांके डैम के किनारे छठ पूजा करते हैं। इस बर्ष बारिश ज्यादा होने के कारण कांके डैम का छठ घाट पानी में डूब गया है। गहराई किस जगह कितनी है किसी को पता नहीं। पानी में बैरिकेडिंग नहीं है। पानी इतना गंदा है कि इस पानी में नहाने के बाद खुजली या दूसरे इंफेक्शन हो सकते हैं। नगर निगम ने छठ घाटों की सफाई का संकल्प लिया था। मगर इस जगह की सफाई में नगर निगम ने ध्यान नहीं दिया। इस जगह की सफाई स्थानीय लोग मिल कर करते हैं।

चुनाव में जो मुद्दा नहीं बन सका

## सरकारी बस स्टैंड का भवन जर्जर आईटीआई में नहीं है यात्री सुविधा



▸ 60 से 70 सरकारी बसें यहां रुकती हैं, प्रति बस प्रति ट्रिप 150 रुपये सरकारी खजाने में जाता है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में चुनाव की सरगर्मी चल रही है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। कई मुद्दे चुनाव में है। फ्री लाभ देने की भी घोषणा हो रही है। इन मुद्दों के बीच कुछ मुद्दे है जो भटक गए है। भटके हुए मुद्दों में से एक मुद्दा है राजधानी रांची के आईटीआई बस स्टैंड का। इस बस स्टैंड में ना पीने की पानी की सुविधा है, ना साफ सफाई है, ना लाईट, ना कोई गार्ड है।

बारसात के दिनों में पुरा बस स्टैंड कीचड़ से भर जाता है। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड में काम करने वाले लोगों का कहना है कि सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। शौचालय तो बना है, लेकिन उसमें हमेशा पानी की समस्या रहती है। कई बार तो लोग बोतल का पानी खरीद के जहां तहां शौच कर देते है। यहां यात्री शेड भी नहीं बना है। यहां की समस्याएं चुनावी मुद्दा नहीं बनती है। नगर निगम यहां कभी देखने भी नहीं आती है। हमलोगों ने कई बार कई मांगो को रखा लेकिन हमारी मांगों को नहीं माना गया। यही हाल सरकारी बस स्टैंड का है। यहां करीब 60 से 70 सरकारी बसें यहां रुकती है। प्रति बस प्रति ट्रिप 150 रुपए सरकारी खजाने में जाता है। बस स्टैंड के हालत कई वर्षों से जर्जर है। ना यहां मुफ्त शौचालय, ना पेयजल और यात्रियों के ठहरने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। वर्षों पहले एक भवन बनाया गया था, जो आज जर्जर है जहां बैठने से भी यात्री घबराते हैं, क्योंकि यह भवन काफी जर्जर है। रात्रि के समय डीटीओ की ओर से चार गार्ड दिया जाता है। लेकिन वे अच्छे से अपनी ड्यूटी नहीं करते हैं। वहीं बस स्टेंड के प्रवेश द्वार पर नाली का पानी चारों तरफ फैला रहता है। बस स्टैंड के मैनेजर ने बताया नगर निगम को प्रतिदिन कॉल किया जाता है लेकिन कोई उठाता ही नहीं है। जर्जर भवन के कारण टिकट काउंटर पर टिकट बेचने वालों की भी जान जोखिम में है। रात्रि के समय लाइट नहीं जलता। निगम द्वारा लगाई गई सारी लाइटें खराब है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आईपीएस



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस ) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सदैव दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

### दिल्ली छठ महोत्सव में शिरकत करेगा लक्ष्मीनाथ महतो का नागपुरी नृत्य दल



रांची। संस्कृति मंत्रालय के नोर्थ सेन्ट्रल जोन कल्चरल सेन्टर, प्रयागराज के तत्वावधान में 07 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित छठ महोत्सव में झारखण्ड का नागपुरी सांस्कृतिक दल भी हिस्सा ले रहा है। इसके तहत लक्ष्मीनाथ महतो के नेतृत्व में न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केन्द्र कोराबार, बुढमू का 15 सदस्यीय सांस्कृतिक दल रांची से दिल्ली रवाना हुआ। छठ पर्व पर आधारित नागपुरी गीत के साथ ही नागपुरी नृत्य भी प्रस्तुत किया जायगा। दल में लक्ष्मीनाथ महतो के आलावा प्रीतम कुमार महतो, सोमनाथ मिंज, मनी देवी, सुनिता कुमारी, सुमित उरांव, राजकुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिमा कुमारी, इत्यादि शामिल है। उक्त जानकारी दल सचिव लक्ष्मीनाथ महतो ने दी।

### नशे में धुत ड्राइवर ने घर में घुसाया ट्रक, बाल-बाल बचे लोग



रांची। नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने एक दुकान को रौंदते हुए गाड़ी घर में घुसा दिया। यह घटना सोमवार देर रात साढ़े नौ बजे रातू थाना क्षेत्र स्थित हुरहुरी गुटुवाटोली गांव में हुई है, जहां 12 चक्का ट्रक ( जेएच 02एएन3755 ) ने एक दुकान और मिट्टी के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में घर का किचन और उसमें रखे सारे सामान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये। गृह स्वामी सोमरा उरांव का कहना है कि ड्राइवर और खलासी दोनों नशे में थे। गाड़ी की रफ्तार भी काफी तेज थी। वहीं इस घटना में सोमा उरांव का दुकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### डीसी ने की सभी 35 चेकनाकों के कार्यों की समीक्षा

नौ चेकनाकों के मजिस्ट्रेट एवं पुलिसकर्मियों को शोकॉज

रांची। 35 चेकनाकों पर इनकी स्थापना से लेकर वाहन जांच की संख्या एवं अभी तक हुई जब्ती पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन द्वारा निराशा व्यक्त की गई। उन्होंने वैसे 9 चेकनाकों के दंडाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को स्पष्टीकरण निर्गत करने का निर्देश दिया, जहां अभी तक जब्ती शून्य है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने सभी 35 चेकनाकों के दंडाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन बिना समुचित जांच पड़ताल के चेकनाकों से न गुजरे, ताकि आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान निर्धारित सीमा से ज्यादा की नकद, शराब, फ्रीबीज एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं जिनका निर्वाचन के दौरान अवैध उपयोग किया जा सकता है, उनके परिवहन पर रोक लगाई जा सके।

### स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक में वर्ष भर पौधरोपण करने पर बनी सहमति

रांची। झारखण्ड चेंबर के स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए उप समिति द्वारा वर्ष भर पर्यावरण, स्वच्छता और पौधरोपण के कार्यक्रम करने की सहमति बनाई गई। उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल ने राज्यस्तर पर इस पहल को गति देने के लिए चैंबर के सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से भी समन्वय बनाकर कार्रवाई करने की बात कही। यह निर्णय लिया गया कि अगले माह उप समिति द्वारा इस विषय पर सभी प्रमंडलों के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से ऑनलाइन बैठक भी की जायेगी। चैंबर भवन में फिल्म कला एवं संस्कृति उप समिति की एक अन्य बैठक भी हुई जिसमें सभी सदस्यों से विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गई। बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, सह सचिव नवजोत अलंग, उप समिति चेयरमेन किशन अग्रवाल, आनंद जालान, सदस्य रवि दत्त, परमजीत सिंह चाना उपस्थित थे।

### प्रमुख मार्ग पर कल टैंकरों से छिड़का जाएगा पानी

रांची। नगर निगम की ओर से महापर्व छठ पर कई प्रमुख मार्ग पर पानी का छिड़काव कराया जायेगा। इस काम में छह हजार लीटर क्षमता के टैंकरों का प्रयोग किया जायेगा। सात नवंबर को सुबह आठ बजे से कांके रोड में गांधीनगर से इंजीनियरिंग लाइन चौक, हटनिया तालाब मार्ग, कचहरी चौक, हरमू रोड, अरगोड़ा चौक, कडरू रोड से ओवरब्रिज तक सड़क पर पानी का छिड़काव किया जायेगा। इसी तरह मेन रोड में अलबर्ट एक्का चौक से ओवरब्रिज तक सड़क के दोनों छोर पर, डंगरा टोली चौक से सर्जना चौक तक पानी का छिड़काव होगा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा अन्नदाताओं का मान और महिलाओं का सम्मान : प्रो गौरव वल्लभ

▸ फसल बीमा के नाम पर किसानों के साथ अन्याय हुआ



नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो गौरव वल्लभ ने कहा है कि झारखंड में मंईयां सम्मान और किसानों का स्वाभिमान कुप्रबंधन, कुशासन और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। झाममुो, कांग्रेस और आरजेडी को भाजपा के संकल्प पत्र पर सवाल उठाने का कोई हक नहीं बनता। देश भर में जहां भी इनकी सरकारें है उस प्रदेश की हालत खस्ता है। वे मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। झारखंड के विकास के लिए भाजपा का संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना 12 महीने पांचों साल चलेगी। हर माह की 11 तारीख को 2100 रुपए महिलाओं के खाते में डाल दिये जायेंगे। हेमंत सरकार ने फसल बीमा के नाम पर किसानों के साथ अन्याय किया। राज्य सरकार ने क्रॉप इंश्योरेंस के नाम पर किसानों को धोखा दिया। 2021-22, 2022-23 और 2023- 24 में जब सूखा पड़ा तब हेमंत सरकार ने किसानों के लिए क्रॉप इंश्योरेंस नहीं लिया, लेकिन जब मौजूदा वित्तीय वर्ष में अच्छी बारिश हुई तो क्रॉप इंश्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान बीमा कंपनी को कर दिया।

### परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति खरीद मामले में हुई सुनवाई

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट में बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है।

सहायक श्रम आयुक्त व चैंबर की हुई बैठक

## संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता। रांची




फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज व सहायक श्रम आयुक्त अविनाश कृष्णा की संयुक्त बैठक विभागीय कार्यालय में मंगलवार को हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देशों के आलोक में सहायक श्रम आयुक्त ने आग्रह किया कि अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 व 20 नवंबर को मतदान करने के लिए संवैधानिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं, उन्होंने कहा कि सभी पीएसयू, कारखानों, समेत अन्य प्रतिष्ठान/संस्थान में कार्यरत कर्मियों/श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्वयं भी मतदान में भाग लेने के साथ ही प्रतिष्ठान/संस्थान के परिसर में मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम चलाते हुए सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। सहायक श्रम आयुक्त ने चैंबर व अन्य सभी संगठनों से आग्रह किया कि मतदान दिवस के अगले दिन सभी कर्मियों/श्रमिकों के साथ सामूहिक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के हैंडल को भी टैग करने का निर्देश सभी संबंधित संस्थानों को निर्गत करें। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की प्रतिबद्धता जताते हुए इस के लिये व्यापारी एवं उद्यमी समाज के बीच वृहद् स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने इसके लिए राज्य अंतर्गत सभी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम व अन्य संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए व्यापारी व उद्यमी बंधु मतदान के दिन अपने कर्मचारियों को उचित व्यवस्था दें।मौके पर चैंबर के सह सचिव नवजोत अलंग, सदस्य प्रमोद सारस्वत, संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी समेत अन्य संगठनों के पदधारी शामिल थे।

## कैंसर हॉस्पिटल का पैलिएटिव केयर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कैंसर के 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों में बीमारी का पता एडवांस स्टेज में चलता है : डॉ राजेंद्र

रांची कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) ने ऑन्कोलॉजी में पैलिएटिव केयर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जागरूकता बढ़ाने के लिये एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जीवन के अंतिम चरणों में की जाने वाली देखभाल को श्रेष्ठता का शिखर माना जाता है। यह जीवन की अंतिम अवस्था में समानुभूति तथा गरिमा के लिये निःस्वार्थ प्रतिबद्धता की मिसाल है। इसी भावना के साथ आयोजित किये गये कार्यक्रम में कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का सामना कर रहे मरीजों की समानुभूतिपूर्ण एवं व्यापक देखभाल के महत्व पर रोशनी डाली गई। डॉ। राजेन्द्र ए। बाडवे, चीफ एक्जीक्यूटिव, टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन और भूतपूर्व निदेशक एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के हेड, टाटा मेमोरियल सेंटर ने कहा, भारत में कैंसर के 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों में बीमारी का पता एडवांस स्टेज में चल रहा है, इसलिये पैलिएटिव केयर की मांग बढ़ रही है। पैलिएटिव केयर की रणनीतियां बनाते समय हमें क्षेत्र एवं स्थानीय समुदाय का ध्यान भी रखना होगा और उसे उपचार के मौजूदा मॉडल के साथ शानदार तरीके से जोड़ना होगा। इससे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव होंगे। इससे मरीज की चिंता 40 प्रतिशत तक कम होगी, यदि ऐसा सही समय पर किया जाएगा। शहर और गांव के स्वास्थ्य रक्षा केन्द्रों तथा क्लिनिक्स पर पैलिएटिव केयर को अधिक सुलभ बनाने से ज्यादा लोगों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। डॉ। (कर्नल) मदन मोहन पांडे, मेडिकल डायरेक्टर, आरसीएचआरसी ने कहा, भारत सरकार नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिएटिव केयर (एनपीपीसी) के माध्यम से पैलिएटिव केयर को उन्नत बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। लेकिन झारखण्ड में सेवाएं अब भी शुरूआती अवस्थाओं में हैं। आरसीएचआरसी झारखण्ड के उन चुनिंदा कैंसर सेंटर्स में से एक है, जो पैलिएटिव केयर की सेवाओं को उन्नत बनाने और कैंसर के मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

बाल विकास का महत्व और ज्ञान होना बेहद जरूरी


## बच्चों के भविष्य के स्वास्थ्य की फिक्र बचपन से ही की जाए

▸ संस्कृत में बाल विकास का मतलब है, 'बच्चे का खिलना'

काजल मेहता। बाल विकास क्या है? यह सवाल लोगों के मन में जरुर आता होगा। बाल का अर्थ आम नागरिकों या बच्चों को क्यों पता होना चाहिए? इस विषय पर आज हम चर्चा करेंगे। बाल विकास को समझना जरूरी है, इससे पता चलता है कि बच्चों को किस उम्र में किस तरह का विकास होना चाहिए। बच्चों के इस खास विषय पर बाल विशेषज्ञ डॉक्टर एंथोनी किस्कू ने विशेष प्रकाश डाला है। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य और स्वास्थ्य से जुड़ी बातें बताई।

### बच्चों के आस-पास सकारात्मक प्रभाव से उज्ज्वल भविष्य की होती है शुरुआत

डॉक्टर एंथोनी किस्कू ने बताया कि बच्चों के जन्म से तीन साल तक मस्तिष्क की तेजी से वृद्धि होती है। वहीं शारीरिक विकास भी होता है। बच्चों का मस्तिष्क अभूतपूर्व गति से जटिल तंत्रिका पथ बनाता है। छह साल की उम्र तक मस्तिष्क 90% तक वयस्क हो जाता है, क्योंकि बच्चे इस दौरान अपने अनुभवों को पर्यावरण से ग्रहण करते रहते हैं। यह शुरूआती अनुभव, अच्छे और बुरे दोनों, बच्चे के भविष्य के अस्तित्व, विकास, स्वास्थ्य और कल्याण की नींव रखते हैं। बचपन में अच्छे विकास से बच्चे के दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे भविष्य के अवसरों, स्कूल की उपलब्धि और कमाई की क्षमता में सुधार होगा। इस अवधि में बच्चों के भावनात्मक और सामाजिक विकास पर प्रभाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उनके भविष्य के आत्मविश्वास, संचार संबंधों, सामुदायिक समावेश और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।



### छोटी उम्र से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य का रखें ख्याल

डॉक्टर एंथोनी किस्कू ने बताया बचपन की शुरूआती विकास बहुत जरुरी है। वहीं कई बच्चे अपने पर्यावरण में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अपनी पूरी क्षमता का एहसास नहीं कर पाते हैं। कई साक्ष्यों से पता चलता है कि जिन बच्चों को पूर्ण पौष्टिक आहार नहीं मिलता है वे बौनेपन, कम वजन और कम मनो-गतिशील विकास के होते हैं। उन्होंने बताया पर्याप्त पोषण ना मिलना, पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थ, अनिश्चित देखभाल, परिवार में कलह, आस पास का अशांत वातारण बच्चे के विकास पर बुरा प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध या विस्थापन का दंश झेलने वाले बच्चों का अधूरा विकास होता है। गरीबी में रहने वाले बच्चों को तनाव, कुपोषण और अस्थिर देखभाल की अधिक संभावना होती है। ऐसे में बच्चों के जन्म के पहले वर्ष में बाल विकास पर प्रतिकूल प्रभाव जीवन भर पड़ता है। वहीं बच्चों को शुरूआती वर्षों में पर्याप्त पोषण मिलने से बच्चे अधिक स्वस्थ, बेहतर शिक्षित होते हैं।

### बाल विशेषज्ञ डॉ एंथोनी किस्कू का संदेश

बाल विशेषज्ञ डॉक्टर एंथोनी किस्कू ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य के लिए बच्चों के खानपान और वातावरण का विशेष ख्याल रखें। बच्चे के आने से घर में कई खुशियां आती है। इसलिए जरुरी है कि अपनी खुशी कायम रखने के लिए बच्चे के भविष्य के स्वास्थ्य की फिक्र बचपन से ही की जाए।

### खेरवार समाज के नेता रामनाथ गंझू ने भाजपा की सदस्यता ली

रांची। खेरवार समाज के नेता रामनाथ गंझू ने मंगलवार को समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि रामनाथ गंझू की सामाजिक सक्रियता का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भोक्ता को आदिवासी की दर्जा की मांग वर्षों से चली आ रही थी। मोदी सरकार ने आदिवासी का दर्जा देने का काम किया है। संवैधानिक अधिकार आदिवासी का दर्जा देकर भोक्ता, खेरवार और गंझू की भावना को सम्मान देने का काम किया है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जो सभी जाति, समाज की कदर करती है। खेरवार भोक्ता संघ के वरिष्ठ नेता रामनाथ भोक्ता ने कहा कि खेरवार भोक्ता सामाज को कांग्रेस ने गड्ढे में डाला, मोदी जी ने निकाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन लातेहर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में जेवीएम की पूर्व केंद्रीय कार्यसमिति सह खेरवार भोक्ता समाज विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष बहादुर गंझू, आदित्य साव, प्रकाश सिंह, जीतन गंझू आदि शामिल रहे।

## तकनीकी शिक्षा में नैतिक मूल्यों का अनुपालन आवश्यक : प्रो गुरुसामी

नवीन मेल संवाददाता। रांची तकनीकी शिक्षा में अगर नैतिक मूल्य मौजूद हों, तो इससे समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसीलिए इसका अनुपालन आवश्यक है। उक्त बातें सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर मशहूर कंप्यूटर विज्ञानी और शिक्षाविद प्रोफेसर प्रो। ई। बालागुरुसामी ने कही। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के साथ ही सामाजिक मूल्यों को भी आत्मसात करने की सलाह दी।



### राष्ट्र निर्माता नैतिकता को न दें तिलांजलि

प्रो। गुरुसामी ने इंजीनियरों को राष्ट्र निर्माता करार देते हुए नैतिक मूल्यों का सम्मान करने पर बल दिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन्हीं मूल्यों के परिणामस्वरूप सामाजिक मूल्य सुदृढ़ होंगे, तो लोगों के जीवन की गुणवत्ता का भी विकास होगा। साथ ही इससे राष्ट्र की प्रगति भी सुनिश्चित होगी। मौके पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो। गोपाल पाठक ने न्यायसंगत शिक्षा की अवधारणा और इसका विद्यार्थियों के चारित्रिक आचरण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की बात कही। विश्वविद्यालय के माननीय प्रभारी कुलपति एस। बी। डांडीन ने शिक्षा में सदाचार के लाभ पर संक्षेप में अपनी बात रखी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ। पंकज गोस्वामी और धन्यवाद भाषण डॉ। विश्वरूप सामंता ने दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो। वी।के। सिंह, डीन डॉ। नीलिमा पाठक, डीन डॉ। संदीप कुमार, डॉ। सुभानी बाड़ा, श्री हरिबाबू शुक्ला समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ। प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जॉब में स्थायित्व के लिए हुनर भी जरूरी

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर तकनीकी ज्ञान के साथ ही हुनर की आवश्यकता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे नौकरी में स्थायित्व की संभावना बढ़ती है। विद्यार्थियों को गढ़ने और उनमें सीखने की प्रवृत्ति के विकास के दौरान शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान पर भी उन्होंने अपना विचार प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### केडी में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**खलारी।** खलारी केडी रोड में कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कांग्रेस नेता राजनसिंह राजा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। राजन सिंह ने कहा कि कांके क्षेत्र से इसबार परिवर्तन तय है। भाजपा नेताओं ने हमेशा खलारी की जनता को छला है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी, प्रखंड राजद अध्यक्ष इस्माइल अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेशसिंह मिंटू के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जयराम महतो ने देवेंद्रनाथ के लिए मांगा वोट

**सिल्ली।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क और जनसभा चलाई जा रही है। आज मंगलवार को सिल्ली बदलाव महासभा चलाया गया। यह विशाल महासभा पतराहातु मैदान सिल्ली में किया गया। जनता में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो रहे। रामपुर में शहीद दिलीप बेदिया को माल्यार्पण करते हुए सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। सभा में प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के लिए क्रम संख्या 6 कैंची छाप में मतदान करने का अपील किया। हजारों की भरी सभा में हेमंत सोरेन के परिवार पर खूब गरजे और नए बदलाव के लिए जनता से मतदान का अपील किया। वहीं प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने सत्ता भोगी नेता एवं दल बदलू नेता से सावधान करते हुए अपने सिल्ली क्षेत्र में क्षेत्रीय चुनावी मेनिफेस्टो पर भाषण दिया और कहा कि हमारा सिल्ली विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है।

### लोटा पंचायत में चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन लोटा पंचायत में झामुमो चुनाव कार्यालय का उद्घाटन झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस बार फिर झामुमो की सरकार को बुलाना है और विकास के कार्य को आगे बढ़ाना हे। मौके पर रांची जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फलाहारी महतो, भागीरथ महतो, पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र महतो, रामखेलावन महतो,भृगु राम महतो, शंकर महतो, मिथुन चंद महतो, विनोद कुमार महतो, दुलाल मोदक, त्रिलोचन महतो, फेंकना महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया आस्था का महापर्व, खरना आज





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
आस्था का महापर्व छठ मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के पहले दिन व्रतियां नहा धोकर स्वच्छता से शुद्ध चुल्हे पर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाईं। भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद छठव्रती स्वयं ग्रहण की। इसे प्रसाद स्वरूप परिजनों तथा आस पड़ोस के बीच भी बांटा गया। व्रतियों के घर तथा चौक-चौराहों पर छठ गीत बजने शुरू हो गए है। नेम निष्ठा से गेहूं की सफाई की गई। जिन व्रतियों के आसपास जांता उपलब्ध था, वे जांता में ही गेहूं पीसी। आटा चक्की संचालक भी चक्कियों को धोकर छठ का गेहूं पीसने के लिए तैयार रखे हैं। प्रसाद बनाने के लिए व्रतियों के परिजन आम की लकड़ी ढूंढते दिखे। छठव्रतियों ने महाअनुष्ठान के लिए पवित्रता के साथ गेहूं धोकर सुखाया। पूजा का कोई भी सामग्री जूठा अथवा अपवित्र न हो जाय इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। फल के खुदरा विक्रेता भी मंडी से लाकर फलों का भंडार कर लिए हैं ताकि छठ व्रतियों को फल की कमी न हो। इधर छठव्रतियां व उनके स्वजन सूप दउरा सहित छठपूजा की अन्य सामग्री खरीदारी कर रहे हैं। आस्था का छठ महापर्व का गीत हर चौक चौराहों पर गूंजने लगा है। छठमई की मधुर गीत सुनकर श्रद्धालु का मन मुग्द हो रहा है। रोड के किनारे छठ सामग्री से पटा हुआ नजर आ रहा है। लोग खरीदारी के लिए भीड़ लगा रहे हैं। इस वक्त सामानों के दामों में भी काफी उछाल देख जा रहा है। सब्जियों के दामों में काफी उछाल आ गया है। लोगों को कहना है कि पहले साल से इस बार काफी महंगे सामान बिक रहे हैं। लोकिन आस्था के आगे महंगाई दब गई है। लोग बेफिक्र होकर सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। छट घाटों की साफ-सफाई जोरों पर चल रही है। हर संस्था अपने-अपने स्तर से सहयोग के लिए लगे हुए हैं।

### जबतक भाजपा है, मोदी हैं, संविधान को खतरा नहीं : महेंद्र

**खलारी।** खलारी के गुलजारबाग, मोहननगर व चंदननगर डकरा दलित बस्ती में दलित बस्ती संपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में मुख्य रूप से देवास (मध्य प्रदेश) के सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी शामिल थे। सोलंकी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ज्यादातर योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बनायी गई है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने अनुसूचित जाति समाज के लिए जो कार्य किए हैं उसके लिए यह समाज हमेशा उनका ऋणी रहेगा। बताया कि वे राजनीति में आने से पूर्व 10 वर्षों तक जज के रूप में कार्य किए हैं। उन्होंने संविधान को पढ़ा और समझा है। विपक्ष यह भ्रम फैलाने में लगी है कि संविधान बदल दिया जाएगा। आरक्षण खत्म कर दी जाएगी। लेकिन तबतक भाजपा है आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता है। संविधान को कोई छेड़ नहीं सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के हाथ में संविधान सबसे सुरक्षित है।

## न्यूज बॉक्स

### देवउठान जतरा अब 14 को



ठाकुरगांव। बरौदी गांव में लगने वाला एतिहासिक देवउठान जतरा का आयोजन 13 नवंबर को किया जाना सुनिश्चित था परंतु विधानसभा चुनाव को देखते हुए जतरा का आयोजन अब 14 नवंबर को करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों की एक बैठक मंगलवार को जतरा टांड में मुखिया दशरथ उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में प्रशासन की और से ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार शामिल हुए। जतरा के सफल संचालन के लिए एक कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रामजतन पाहन, सचिव पनेनाथ महतो, कोषाध्यक्ष यूगेश महतो व मुख्य संरक्षक मुखिया दशरथ उरांव, भुवनेश्वर साहू, अनिता देवी, बिहारी लाल महतो, जैनुल अंसारी , जावेद इरफान, शिव मुंडा, पिंटू ठाकुर समेत अन्य को चुना गया। उक्त जानकारी मुखिया दशरथ उरांव ने दी।

### गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने पांचवें दिन निकाली प्रभातफेरी

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के पर मंगलवार को पांचवें दिन प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 5:30 बजे नानक नाम लेवा श्रद्धालु जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ प्रभातफेरी की शक्ल में कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करने निकल पड़े। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से निकलकर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, मुकेश तलेजा, नानक चंद अरोड़ा, राजेंद्र मक्कड़, नंद किशोर अरोड़ा की गलियों से होकर गेरा चौक से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट पहुंचकर सुबह आठ बजे समाप्त हो गई। सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभात फेरी की अगुवाई की सत्संग सभा के मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल क्षेम की अरदास की। मौके पर द्वारका दास मुंजाल, सुरेश मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, अश्विनी सुखीजा, कंवलजीत मिढ़ा, पंकज मिढ़ा, राकेश गिरधर, कमल मुंजाल, जीतू काठपाल, रमेश तेहरी, जितेश बेदी, दिनेश गाबा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, पियूष मिढ़ा, इनिश काठपाल, प्रथम मिढ़ा, राकेश घई, छोटू सिंह, हरीश तेहरी, तुषार गिरधर, गर्व खीरबाट, पीयूष तलेजा, गुलशन मुंजाल, भगवान थरेजा, रिक्की मिढ़ा, गोविंद कौर, दुर्गी देवी मिढ़ा, ऊषा झंडई, मीना गिरधर, पूनम मुंजाल, सुषमा गिरधर, खुशबू मिढ़ा, ममता थरेजा, नीतू किंगर, रजनी तेहरी, किरण अरोड़ा समेत अन्य शामिल थे।

निर्वाची पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## बीएलओ से मिलकर मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
66 मांडर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी मोनी कुमारी ने मंगलवार की सुबह बेड़ो प्रखंड के नौ अलग अलग मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव कार्य के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति सहित सभी आवश्यक जानकारी ली। इस मौके पर उनके साथ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश कुमार भी उनके साथ थे। मोनी कुमारी ने राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक स्थित मतदान केंद्र संख्या 231 में बीएलओ सरस्वती देवी, मतदान केंद्र संख्या 232 में बीएलओ रूना एक्का, मतदान केंद्र संख्या 233 में बीएलओ सल्याणी धान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेड़ो बोर्ड स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 234 में बीएलओ प्रतिमा तिर्की, मतदान केंद्र संख्या 235 में बीएलओ संजू कुमारी तथा मतदान केंद्र संख्या 236 में विश्वासी लकड़ा से आवश्यक जानकारी लेते हुए मतदाता पर्ची के वितरण की जानकारी ली।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

## पूजा सामग्री व फलों की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**
नहाए खाए के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ हो गया। छठ को लेकर जिला प्रशासन एवं छठ व्रतियों द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थित छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा बिजली एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। भगवान भाष्कर व छठी मईया की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। सूर्य उपासना के इस पर्व की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इसमें व्रतियों द्वारा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। व्रती घर की अच्छे से साफ सफाई करने के पश्चात मिट्टी के बने चूल्हे में आम की लकड़ियों को जलाकर प्रसाद बनाते हैं तथा नए एवं साफ-सुथरे बर्तनों का प्रयोग करते हैं। छठ पर्व में सूर्य के उगते हुए एवं ढलते हुए दोनों रूपों की पूजा करने की परंपरा चली आ रही है। प्रातःकाल सूर्य की पहली किरण और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण को अर्घ्य देकर दोनों का नमन किया जाता है। सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा जाता है। संतान सुख एवं सुख-स्मृद्धि के मनोकामनाओं की पूर्ति का यह त्यौहार सभी वर्ग के लोग अपनी क्षमता अनुसार समान रूप से मनाते हैं। मान्यताओं के अनुसार छठ देवी को भगवान भास्कर की बहन माना जाता है।जिन्हें प्रसन्न करने एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए सूर्य की आराधना की जाती है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन पर्व का आरंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होता है तथा समापन कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रती अन्न व जल का त्याग रखते हैं।

लोधमा में सोहराई जतरा का आयोजन

## पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने की जरूरत : जन्मेजय पाठक



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखण्ड के ग्राम लोधमा में मंगलवार को ऐतिहासिक कार्तिक सोहराई जतरा का भव्य आयोजन किया गया। लोधमा में आयोजित जतरा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जन्मेजय पाठक ने फीता काट कर मंच का उद्घाटन किया। जन्मेजय पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सोहराई कार्तिक जतरा हमारे पुर्वजों का अनमोल धरोहर है। यह आदिवासियों की एक मेलजोल करने का एक रीति-रिवाज एवं संस्कृति का हिस्सा है जिसमें नए रिश्ते गढ़े जाते हैं। सभी समाज के लोग जतरा में आते हैं यह व्यवस्था गांव के पुर्वजों ने बनाया था जिसे आज राजनीतिक दलों के लोगों द्वारा बिगाड़ा जा रहा है। ऐसे चीजों को हमें समझने की जरूरत है सभी गांव के खोडहा ग्रुप को इस कल्चर को बचा कर रखने की जरूरत है । सभी मिल जुल कर अच्छी तरह से जतरा का मजा लें यही भाईचारे के संदेश देता हैं । जतरा के दौरान जन्मेंजय पाठक ने महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। जतरा को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष चंकु उरांव, सचिव फुलचंद उरांव कोषाध्यक्ष संदीप लोहरा कमिटी के सदस्य मंच संचालन विलियम बाड़ा रामजीत बड़ाईक, जीतवाहन उरांव, दशु उरांव, प्रफुल्लित बाडा, गोबरा उरांव, सखवा उरांव सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक शृंगार किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में अमावस्या महास्नान जो शुक्रवार को हुआ था। उसके बाद सायंकाल तक अपने श्यामलरुप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। मंगलवार सायंकाल खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। खाटूनरेश को नया पौशाक (बागा) पहनाया गया। मसाज किया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में रंग -बिरंगी फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से श्री श्याम प्रभु को सजाया गया। लाल गुलाब, रजनीगंधा, सोनिया आरकिड, मुरगन, मोती, गेंदा, सन ऑफ इण्डिया, तुलसीदल व गुलाबी आरकिड के फूलों से श्याम बाबा को सजाकर पंचमेवा का भोग लगाया गया। श्रृंगारित रुप से सजे श्रीश्याम प्रभु के गर्भगृह का परदा खोलते ही भक्तजन खाटूनरेश के जय -जयकार करने लगे। एक टक खाटूनरेश को निहार रहे थे।

**श्रीसुन्दरकांड का हुआ पाठ :** श्रीश्याम मित्र मण्डल, द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 126 वां श्रीसुन्दरकांड -श्रीहनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्रीहनुमान जी महाराज की पावन अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर केशरिया पेड़ा,फल, गुड़ , चना का भोग अर्पित किया। मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि ढोलक -आरगेन -झाझ - कडताल के स्वर के साथ पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा की टीम ने श्रीगणेश वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा पाठ करके श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया। संगीतमय सामुहिक पाठ में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। महाआरती करके भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने पूर्वी यूरोप का किया भ्रमण



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र पूर्वी यूरोप की एक सप्ताह की एक्सपीरिएंशल लर्निंग के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर गए. यात्रा की शुरूआत वारसॉ के आश्चर्यजनक मध्ययुगीन शहर के केंद्र से हुई. जिसमें मुख्य आकर्षण रहा चोपिन का स्मारक. इसके बाद टीम ऑशविज एकाग्रता शिविर में ऐतिहासिक तथ्यों को जानने के लिए आगे बढ़ी. उस भयावह घटना को दोबारा याद करना उनके लिए एक दुर्लभ अनुभव था. प्राग के आकर्षक पुराने शहर और चार्ल्स ब्रिज के साथ-साथ लुभावने दृश्यों के लिए छात्रों ने ब्रातिस्लावा कैसल तकयात्रा भी की. स्लोवाकिया के ओल्ड टाउन स्क्वायर की खूबसूरती ने छात्रों का मन मोह लिया. बुडापेस्ट के एक्वा वाटरपार्क, महल और फिशरमैन्स बैस्टियन ने टीम को रोमांचित कर दिया. स्थानीय बाजारों का दौरा कर छात्रों ने देश की संस्कृति को आत्मसात किया. पूर्वी यूरोप के समृद्ध इतिहास के संबंध में छात्र बहुत सी नई जानकारियों से समृद्ध हुए. प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह की यात्राएं छात्रों को दूसरे देशों के इतिहास और संस्कृति से अवगत कराती हैं और साथ ही उन्हें हमारी अपनी और विदेशी परंपराओं के प्रति अधिक ग्रहणशील और अनुकूल बनाती हैं. इस प्रक्रिया में वे वैश्विक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रक्रिया से गुजरते हैं, जो उन्हें वर्तमान चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तैयार करती है।

## बेड़ो व आसपास के क्षेत्रों में नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो और लापुंग प्रखंड में लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान नहाय खाय के साथ मंगलवार से पूरे प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हो गया। जहां छठ व्रतधारियों द्वारा सबसे पहले पवित्र जलाशयों में स्नान कर अन्तःकरण की शुद्धि किया। तत्पश्चात भगवान भुवन भास्कर की पूजा अर्चना के बाद शुद्ध अरवा चावल, चने का दाल व शुद्ध घी से बनी सेंधा नमक युक्त कद्दू की सब्जी ग्रहण किया। इसके बाद छठ व्रतियों के पूरे परिवार एवं पास पड़ोस के श्रद्धालुओं ने अरवा चावल, चने की दाल कद्दू की सब्जी प्रसाद के रुप में ग्रहण किया। नहाय खाय और कद्दू भात ग्रहण करने के दौरान लापुंग के दोलैचा ककरिया, लालगंज, दानेकेरा सहित कई गांवों में चहल-पहल देखी गई। इस मौके पर छठ महापर्व के व्रतधारियों ने कहा कि जो भी सूर्य उपासना का छठ पर्व नेम व निष्ठा भाव से विधिपूर्वक पर्व करता है और सच्चे मन से छठी मईया से याचना करता है से वांछित फल मिलता है।

## बाबा और बेबी के राज में लापुंग में एक एटीएम तक नहीं लग पाया : सन्नी टोप्पो

### डिग्री कॉलेज सपना बनकर रह गया



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
मांडर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी फतह के लिए मंगलवार को भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में अब परिवर्तन निहायत जरूरी हो गया है। उन्होंने लोगों से भाजपा के कमल फूल छाप पर बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने आह्वान किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि आज भी मांडर विधानसभा क्षेत्र का लापुंग प्रखंड पुल पुलिया और सड़क के लिए तरस रहा है। प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है कि पूरे झारखंड का लापुंग अकेला प्रखंड है जहां आज तक एक एटीएम भी नहीं लग पाया है। बाबा और बेबी के शासनकाल में लापुंग में एक एटीएम तक नहीं लग पाया यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने कहा कि विकास की क्या परिभाषा है यह यहां की जनता समझ चुकी है। वहीं सन्नी टोप्पो के कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को छोड़कर पूर्व कांग्रेसी नेता सुखु लोहरा ने भाजपा का दामन थाम लिया। सुखु लोहरा ने कहा कि अब हालात बदल गए हैं। लोग सन्नी टोप्पो की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। वहीं अपने समर्थकों के साथ भाजपा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने लापुंग प्रखंड के फतेहपुर, चालांगी, बरईडीह, मालगो चटकपुर सहित कई गांवों में दौरा कर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज, वर्तमान जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया दुर्गा उरांव, समाजसेवी राजकमल गोप, जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार,नंदलाल साहु,अनिल साहु, पवन साहु, हरिमोहन साहु दुखहरण सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

### भूमि सेवा संघ ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया गाँव मे बुधवार को भूमि सेवा संघ की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मिश्रा परिवार की ओर से आयोजित आयोजित समारोह मे उन्नत कृषिसक नंद किशोर साहू व सेवानिवृत शिक्षक मुरलीधर नाथ मिश्रा को शॉल ओढ़ा कर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम स्थल मे 200 बृद्ध असहाय के बिच कम्बल एवं 80 जरुरत मंद लोगों को ट्रेक सूट दिया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजन कर्ता वर्तमान मे नेपाल मे निवास करने वाले रमेश मिश्रा की गाँव के लोगों ने प्रशंशा करते हुए कहा अपने गांव के लोगों कि चिंता करने वाले बहुत कम लोग होते है लेकिन रमेश मिश्रा प्रत्येक वर्ष ठंड पड़ते ही गांव आकर असहाय व गरीबो को मदद करना वाकई प्रश्नसहनीय कार्य है इसके लिए पुरा गांव व क्षेत्र के लोग उनका आभारी रहेंगे। उन्होंने ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कि तरह यह सम्मान समारोह सह कम्बल ट्रेक सूट वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।

खलारी में टाटा मैजिक वैन से 97 हजार रुपये बरामद

## खलारी के सीमावर्ती सड़कों पर वाहनों की सघन जांच जारी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। धनबल और किसी प्रकार के हथियार की सप्लाई न हो पाए, इसके लिए थानाक्षेत्र की सीमा से गुजरने वाली सड़क किनारे चेक पोस्ट बनाकर आते जाते सभी चारपहिया, दो पहिया वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में खलारी थाना क्षेत्र के राय-रांची सड़क में पुरनी राय निर्मल चौक के निकट बनाए गए चेकपोस्ट पर जांच के क्रम में एक टाटा मैजिक वैन से 97 हजार रुपए बरामद हुए हैं। बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब 9.50 बजे बेंती से पुरानी राय होते हुए एक टाटा मैजिक वैन संख्या जेएच0 1एफएफ/1711 पर सवार अजीत कुमार से पैसे की बरामदगी हुई है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रविरंजन कुमार व सअनि लक्ष्मण पूर्ति को अजीत कुमार ने बताया कि वह सामान खरीदने के लिए पंडरा (रांची) जा रहा था। परंतु जब्त रुपयों से संबंधित दस्तावेज या कोई भी प्रमाण देने में विफल रहा। इसके बाद रुपए जब्त कर लिए गए। अग्रेत्तर कारवाई के लिए पैसे खलारी थाना में जमा करा दिए गए है।

## एक नजर

### कोडरमा में चुनावी सरगर्मी हुई तेज, जीत-हार के चौक-चौराहों पर होने लगी चर्चा

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा की 13 नवंबर को हाने वाले चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सभी प्रत्याशी अपनी ताकत प्रचार में झोंक रहे हैं। आम लोगों के बीच भी चुनाव के जीत- हार की चर्चे होने लगी है। जिले के चाय दुकान हो या सैलून सभी जगह लोगों की जुबान पर चुनाव की हीं चर्चा बढ़-चढ कर हो रही है। प्रत्याशी भी अपने चुनाव जीतने के लिए अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुट गए हैं। प्रत्याशी अपने समीकरण को साधन में लगे हुए हैं। जबकि रूठे हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भी प्रत्याशी अपना दम-खम लगा रहे हैं। जिले में फिलहाल चुनाव में त्रि-कोणीय लड़ाई की आस लगाई जा रही है।

### राजद नेताओं ने विभिन्न इलाकों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**कोडरमा।** इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में सोमवार को विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी लालती देवी,बेटी आयुषी कुमारी के अलावा महागठबंधन के नेता शामिल थे। इस दौरान करमा दलित टोला, दलित टोला पश्चिम, बारा टोला, मोहंडरा, झुमरी,असनाबाद,झलपो, बजरंग नगर,यदुटांड़, मड्डुआ टांड़,मोरियावां समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर श्री यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी। अभियान में जिप सदस्य शांति प्रिया, अनवारुल हक, महेंद्र यादव, अनिल यादव, चरनजीत सिंह, दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, घनश्याम तुरी, फरजाना खातून, ईश्वरी राणा, संदीप कुमार,बिभूति सिंह, राजदेव प्रसाद, सुरेश यादव, महिला जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर आदि शामिल थे।

### छठ पर्व में अप्रिय घटना रोकने के लिए गोताखोरों की हुई प्रतिनियुक्ति

**कोडरमा ।** छठ महापर्व में किसी तरह की तालाबों में अप्रिय घटना न हो, इसके लिए अनुमंडल कार्यालय से गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सात और आठ नवंबर को छठ का पहला और दूसरा अर्ध्य होना है। इसको लेकर गहरे तालाबों में गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तिलैया और कोडरमा थाना क्षेत्र के छः तालाबों में गोताखोर प्रतिनियुक्त किए गए है। इसमें इंदरवा बस्ती छठ तालाब झुमरी तिलैया, झुमरी चाराडीह तालाब, राजा तालाब कोडरमा, बरसोतियावर कोडरमा तालाब, विद्यापुरी छठ तालाब झुमरी तिलैया और कोरियाडीह छठ तालाब झुमरी तिलैया में की गई है। इन छह तालाबों में 10 गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इंदरवा चाराडीह, राजा तालाब और कोरियाडीह छठ तालाब में दो-दो गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति हुई है।

---

### 98 वर्षीय वृद्ध ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

# पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रही मौजूद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस विधानसभा चुनाव 2024 में होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिए जाने का प्रावधान है। 05 नवंबर से 20 बरकट्ठा,21 बरही,24 मांडू एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में वृद्ध मतदाता (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं (40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता) वाले मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिलवाए जा रहे है। प्रारंभ हुए होम वोटिंग में 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के 98 वर्षीय वृद्ध मतदाता सावित्री मेहता,जिनका मतदान केन्द्र संख्या 278 तथा मतदान केन्द्र संत एलिजाबेथ कन्या मध्य विद्यालय, पश्चिमी भाग है ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रदान किए गए होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए उन्होंने अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय मौजूद रहीं। उपायुक्त ने वृद्ध मतदाता सावित्री मेहता को होम वोटिंग की हर बारीकियों से अवगत कराया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाता ने खुशी जाहिर की। बता दें होम वोटिंग के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित हर दिशानिर्देशों का पालन किया गया। गौरतलब है कि 5 नवंबर, 6 नवंबर एवं 9 नवंबर 2024 सुबह 10 बजे से 5 बजे अपराह्न तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे।

---

### दर्जनों भाजपाइयों ने भाजपा छोड़ थामा झामुमो का दामन

## झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने पार्टी का पट्टा देकर सदस्यता दिलाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के आवसीय कार्यलय में पूर्व भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रतन पासवान के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता ने भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा। मौके पर झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी और पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने सभी को पार्टी का पटा देकर सदस्यता दिलाई। शामिल लोगों ने झामुमो की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे बिजली बिल माफी,दो सौ युनिट बिजली फ्री, केसीसी ऋण माफी जैसे कई योजनाएं चला रही है जिससे हम गरीब को लाभ मिल रहा है। हम सभी झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सरकार बनाने के लिए झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को वोट देकर विजय बनाएंगे। शामिल होने में ग्राम बरकनगांगो निवासी सुनील शर्मा, मुकेश ठाकुर, कैलाश कुमार ठाकुर, मनोज यादव, अशोक चौधरी, सुनिल कुमार, विजय यादव, प्रेम पासवान, सुनिल पासवान, सौरभ कुमार, विकास यादव, रामप्रवेश यादव, प्रदीप यादव, सुभाष यादव, पंकज यादव, महावीर यादव,समेत आदि लोग शामिल थे।

---

## न्यूज | बॉक्स

### महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क अभियान चलया । इस मौके पर उन्होंने कुल्ही पंचायत के बेयांग, उरबा, कारो, डुमरिया टोला, माथा गौड़ा, सरना टोला, पुत्रीडीह, कूल्ही सहित पोटमदगा पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और समर्थन की अपील की। जनसंपर्क के दौरान ममता देवी ने लोगों से कहा, आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा, ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें।₹ उन्होंने लोगों से अपील की कि सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में महागठबंधन का समर्थन करें। वहीं, ग्रामीणों ने भी महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी के जनसंपर्क अभियान का स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को उनके सामने रखा।

### विवाहित महिला का कुंआ से मिला शव



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुर्कबाद में कुंआ से एक विवाहित महिला को शव मिला है। मृतका संजू देवी पति मुकेश साव के शव को झगर की मदद से ग्रामीणों ने निकाला। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा। घटना की सूचना उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय को मिलते हैं घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि शव देखने से प्रतीत होता है पानी खींचने के दौरान हादसा हुई है। घटना की सूचना मृतक के मायकेवालों को दी गई। मृतक के पिता चरकु साव ने बताया कि आठ माह पूर्व हमारी पुत्री का विवाह तुर्कबाद निवासी मुकेश साव से हुआ था। मेरी पुत्री तैरने जानती थी कुआं में डूब कर मर नहीं सकती है। हालांकि इस मामले को लेकर थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। इधर महिला की मृत्यु से उसके मायके वाले काफी मर्माहत हैं। उन लोगों का कहना है कि हमलोगों को विश्ववास नहीं हो रहा है कि वह कैसे डूब गई।

### विधायक व पूर्व विधायक से त्रस्त जनता का मिल रहा है भरपूर समर्थन



बरकट्ठा। विधानसभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही हैं। प्रत्याशियों की धड़कन बढ़ रही है। प्रत्याशी अपने अपने जनसंपर्क कार्य में जोर आजमाइश कर रहे हैं। लोक हित अधिकार के प्रत्याशी कुमकुम देवी ने कहा कि बड़े पार्टी के प्रत्याशी पैसे के बदौलत स्टार प्रचारक को बुला कर भीड़ इकट्ठा कर रही है। जनता सब जान रही है। जनता को पता हैं क्षेत्र से लूटे गए पैसे की भीड़ हैं। इसलिए उन्हें पता है कि बटन कहां दबाना है और इसका असर बरकट्ठा में देखने को नहीं मिलेगा, सिर्फ भीड़ मिलेगा। विधायक और पूर्व विधायक पांच साल में मस्त रहकर जनता को त्रस्त कर रखें हैं। इसलिए त्रस्त जनता से कुमकुम देवी ने अपील की सेव छाप, क्रमांक संख्या 5 पर बटन दबाना है ओर भारी मतों से विजयी बनाना है। जनसंपर्क अभियान बरवां, मासीपीढी, बसरिया, सलैया, गैपाहडी, कलहाबाद, गैडा, चुगलामो में किया गया।

---

# नहाय खाय के साथ छठ महापर्व आरंभ, व्रती आज करेंगे खरना



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर सहित जिलाभर में नहाय खाय के साथ मंगलवार को चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूवात । छठ महापर्व को लेकर सभी तरफ भक्ति का माहौल है। छठ के गीतों से वातावरण गुंजायमान है। वहीं, महापर्व के पहले दिन छठ व्रतियों ने सरोवरों व नदियों में स्नान कर छठी मईया की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत व्रतियों ने नहाय खाय का अनुष्ठान संपन्न कर खुशहाली की कामना की। दूसरे दिन बुधवार को विधि पूर्वक खरना का अनुष्ठान संपन्न करेंगे। इस मौके पर व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखेंगे। शाम को गाय के दूध से बनी खीर का भोग छठी मईया को लगाने के बाद उसे ग्रहण करेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खरना के प्रसाद का वितरण होगा। खरना के बाद व्रती 36 घंटे के निर्जला उपवास में रहेंगे। गुरूवा को तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अघ्य देंगे। जबकि शुक्रवार की प्रातः चौथे दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत व्रती पारण करेंगे। इसके बाद श्रद्धांलुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुआ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ

## ले ले अईहा हो भइया गेहूं के मोटरिया जैसे पारंपरिक गीतों से गूंजा फिजा



**बरही ।** नहाए खाए के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से शुरूआत हो गई. पहले सुबह से ले ले अईहा हो भइया गेहूं के मोटरिया, उग हो सूरज देव, कांच ही बांस के आदि जैसे पारंपरिक कर्णप्रिय छठ गीतों से पूरा वातावरण छठ मय हो गया. छठ व्रतियाँ सुबह स्नान कर शुद्धता के साथ कद्दू व चने के दाल और अरवा चावल के भात के साथ भगवान भास्कर को समर्पित भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने का तांता दिन भर लगा रहा. बुधवार को निर्जला उपवास के बाद शुद्ध दूध और गुड़ से बने खीर के साथ देर संध्या खड़ना व्रत करेगी. उसके बाद पूरे 36 घंटे के निर्जला उपवास का संकल्प लेकर गुरुवार की संध्या को अस्ताचलागमी और शुक्रवार की सुबह उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य समर्पित कर पारण के साथ महापर्व का समापन करेंगी. लोक आस्था का यह महापर्व शुद्धता और सफाई का प्रतीक है. मानना है कि इस महापर्व में किसी भी प्रकार की गलतियां या अशुद्धियां का तत्काल प्रभाव दिखता है. इस कारण छठ महापर्व में सहयोग व मदद की भावना कूट कूट कर देखी जाती है.

---

### अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति ने की छठ घाट की सफाई व मरम्मती

## जाति-पाती और ऊंच-नीच की भावनाओं से उठकर सद्भावना के साथ जीते हैं लोग : मो. कयूम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा जमुनी तरजीह को बरकरार रखते हुए डपोक पंचायत के लोगो ने एक बार फिर से सद्भावना का मिशाल पेश किया है. अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम अंसारी की अगुवाई में छठ घाट सहित मार्ग की सफाई, समतलीकरण और मरम्मती की गई. इस कार्य में स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. उक्त जानकारी देते हुए मो कयूम ने बताया कि उनके क्षेत्र के लोग सदियों से अमन पसंद लोग रहे है. जो जाति पाती व ऊंच नीच के भेदभाव से दूर रहकर आपसी सद्भावना के साथ जीवन बसर कर रहे हैं. हिंदू या मुस्लिम का त्योहार हो सभी कोई मिलकर मनाते है. उन्होंने सभी को महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की. इस कार्य में अर्जुन रविदास, उमेश यादव, संजय पांडेय, अजय यादव, पप्पू पासवान, विकास पांडेय, मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव, संजय कुमार, सुरेंद्र यादव, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, राजेंद्र यादव, लालमणि यादव, कुलदीप पांडेय, संजय पासवान, रामप्रवेश यादव आदि कई युवाओं ने महत्ती भूमिका निभाई.

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना स्थल, डिस्पैच सेंटर, ईवीएम व वीवीपैट का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा में चल रहे ईवीएम और वीवीपैट मशीन की कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया और कहा कि सावधानी, सजगता ओर कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच कर लें। किसी भी तरह की शंका होने पर अपने वरीय अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल समाधान करें। पॉलिटेक्निक कॉलेज में डिस्पैच सेंटर और मतगणना स्थल के रूप में भी चिन्हित है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, पार्किंग स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, सीटीटीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी जरूरी व्यवस्था की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने मतदान दल रवानगी, वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही साफ-सफाई और पार्किंग व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

### निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता का चुनावी कार्यालय का उद्धघाटन मंगलवार को बाजार चौक के समीप किया गया। उद्धघाटन शाहिद खान ने फीता काटकर किया। चुनावी कार्यालय खोलने के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता ने कहा कि 40 वर्षों से राजनीतिक की क्षेत्र में रहकर जन समस्याओं को दूर किया हूँ। चाचा भतीजे से त्रस्त जनता ने तय किया है बटेश्वर मेहता चुनाव लड़े। इसलिए यह चुनाव जनता लड़ रही है। जनता ही चुनाव जीतेगी। वही आम जनता से टेंपू छाप को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस मौके पर जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, प्रदीप मेहता, युवा नेता गौतम कुमार मौजूद थे। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि लोगों से भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज सैकड़ों गाड़ियों का काफिला रहा। इसके साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता इचाक होते हुए बरकट्ठा के विभिन्न गांवों में क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। वही गौतम कुमार ने कहा कि बरकट्ठा की जनता बदलाव चाह रही है। इचाक से निर्दलीय प्रत्याशी गार्जियन स्वरूप बनकर बटेश्वर मेहता आएं हैं इस मौके पर प्रदीप मेहता, निर्दलीय प्रत्याशी सुजीत कुमार, शाहिद खान, मो. वसीम, भगवत मेहता, मौलाना मुख्तार, ओम प्रकाश मेहता, मुन्ना मलिक, समीम खान, उदय भगत, मोती राम, प्रभात गुप्ता, प्रकाश मेहता, प्रभु गंझू, घनश्याम पासवान, जाहिद खान, निसार अहमद, आबिद खान समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

---

### भाजपा प्रत्याशी ने जारी किया संकल्प पत्र, गिनायी उपलब्धियां

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भाजपा प्रत्याशी सह चार टर्म बरही में बतौर विधायक कार्य करने वाले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अपना संकल्प पत्र जारी करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया है. पूर्व विधायक ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बरही विस क्षेत्र की जनता को रूपेश हत्याकांड जैसे आग के झोंको से दूर रखकर शांति और सद्भाव बनाए रखने का काम किया. प्राथमिकता के साथ गौ व्यापार और नशीले पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाया. हर गरीब को उसका हक दिलवाने का हर संभव प्रयास किया. सुख या दुख हर परिस्थितियों में वह जनता के एक आवाज पर खड़े रहे. इतना ही नहीं अपने कार्यकाल के दौरान चंदवारा में डिग्री कॉलेज का निर्माण, बेन्दगी (बरही) में आईटीआई कॉलेज की स्थापना, बरही में पॉलिटेक्निक कॉलेज की मंजूरी, कई उच्च विद्यालयों को प्लस टू में अपग्रेडेशन, चौपारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, बराकर से चौपारण तक जलापूर्ति योजना की स्वीकृती, बरही में स्टेडियम, केन्द्रीय कारागार का निर्माण, पावर सब-स्टेशन का निर्माण चौपारण और बरही में, तिलैया डैम पर पुल का निर्माण कार्य पूरा, बरही चौक का सुंदरीकरण और विकास सहित अनेकों पुल पुलिया और नली गली का निर्माण करवाया गया. इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान चुनाव के लिए संकल्प 2024-29 की घोषणा किया. जिसके तहत नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में सुधार, बरही के युवाओं के लिए स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ, ट्रॉमा सेंटर और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा का प्रावधान, खेल सुविधाओं को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना, नशे के अवैध कारोबार पर रोक, लिफ्ट सिंचाई योजना का विस्तार, पेयजल की समस्या का समाधान, नता दरबार का आयोजन, तिलैया डैम विस्थापित रैयतों को मालिकाना हक दिलाना, पेयजल जलापूर्ति योजना को चौपारण प्रखंड तक पूरा करना आदि कई योजनाएं शामिल है. उन्होंने विस की जनता से उनके कार्यों और संकल्पों का मूल्यांकन करते हुए आगामी 13 नवंबर को भाजपा के पक्ष में मतदान कर उन्हे एक बार पुनः सेवा के अवसर देने की अपील किया है.

### 358 कर्मियों ने पोस्टल बैलेट का किया प्रयोग

## मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी निभाएं लोकतंत्र को सशक्त बनाएं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव के तहत 13 नवंबर को बरही विस में चुनाव होना है. स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव करवाने के लिए आयोग की तैयारियां जारी है. विधिसम्मत चुनाव करवाने के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. मतदान कर्मी भी अपने पसंदीदा उम्मीदवार को अपना वोट डाले और लोकतंत्र में महत्ती भूमिका निभाएं, इसके लिए आयोग ने पोस्टल बैलेट की व्यवस्था किया है. जिसे प्रशिक्षण के दौरान ही मतदान कर्मियो के लिए प्रारंभ हो चुका है. उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि बरही प्रखंड से कुल 636 मतदान कर्मी पोस्टल बैलेट का उपयोग करेंगे. जिसमें सोमवार तक 358 कर्मी अपना मत का प्रयोग कर चुके हैं. शेष सभी कर्मी प्रशिक्षण के दौरान अपना मत का प्रयोग करेंगे. बीडीओ श्री महतो ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में हर एक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. सशक्त और निष्पक्ष सरकार बनाना हर एक मतदाता की जिम्मेवारी है. इसके लिए मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी निभाना उनका अधिकार ही नहीं प्रमुख दायित्व भी है. लोकतंत्र के महान पर्व में वोट का बहुत ही बड़ी अहमियत है।



### मुखिया के नेतृत्व में जमुनिया नदी छठ घाट की हुई सफाई

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार के नेतृत्व में हाई स्कूल के पीछे जमुनिया नदी की साफ सफाई छठ व्रतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। यह पर्व बहुत ही आस्था और इसमें संयम बरतने का पर्व है। मौके पर वार्ड सदस्य अरविंद लहकार, पंचायत स्वयंसेवक सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित थे ।

### अधिक से अधिक मतदाता मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें : डीडीसी

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा के लिए 13 नवंबर को होने वाले मतदान में मतों का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज इस क्रम में झुमरी तिलैया में स्वीप कार्यक्रम के तहत वॉकथन का आयोजन किया गया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत शामिल हुए। वॉकथन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए और बाजार में मिलने वाले हर एक मतदाता से 13 नवंबर को होने वाले मतदान में भाग लेने की अपील की। 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर निमंत्रण कार्ड वितरितः डीडीसी ऋतुराज ने 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर लोगों के बीच निमंत्रण कार्ड का वितरण किया। वॉकथन झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर झंडा चौक होते हुए स्टेशन रोड का भ्रमण किया।

# उपायुक्त ने कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर काउंटिंग हाल स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए डिस्पैच सेंटर, काउंटिंग हॉल, ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान रेंडमाइजेशन के पश्चात वीवीपैट, बीयू का इंजीनियर द्वारा किये जा रहे कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। 13 नवंबर 2024 को विधानसभा मतदान के लिए उपयोग होने वाली ईवीएम मशीन की 04 नवंबर 2024 से कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस तहत कमीशनिंग की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस के पश्चात् उपायुक्त महोदय ने सिमडेगा एवं कोलेबिरा का काउंटिंग हॉल का निर्देश किया इस दौरान पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कहीं। मौके पर उप विकास आरओ -सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, आरओ -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज, सदर अंचलाधिकारी मो इम्तियाज सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला कॉलेज में 715 मतदान अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण,527 ने किया मतदान



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर मतदान कार्य के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टीयों का प्रशिक्षण सिमडेगा महिला कॉलेज सलडेगा में आयोजित किया गया।इस दौरान प्रशिक्षण में 715 मतदान अधिकारी उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व, सेक्टर अधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग आफिसर और जिला निर्वाचन अधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन कार्य एक बहुत ही संवेदनशील कार्य है जिसे अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाना है। उनका कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी अधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी को डमी फॉर्मेट आदि उपलब्ध कराया गया। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय-समय पर रिटर्निंग आफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी अधिकारियों को दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित 527 मतदान कर्मियों द्वारा मंगलवार को महिला कॉलेज, सलडेगा में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम वोट किया गया।

## विधानसभा चुनाव को लेकर वृद्ध मतदाताओं को घर में जाकर कराया जा रहा है होम वोटिंग

**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव -2024 में होम वोटिंग चल रही है। सिमडेगा क्षेत्र के 85 से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है।मंगलवार को दूसरे दिन में वृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दिव्यांग मतदाताओं में नकुल सिंह,क्रूसकेला सिलाई टांड,राजेश टेटे, सिकरिया टांड बड़काटोली,फ़िलमोंन लकड़ा, सिकरिया टांड लालू टोली,सशिता कीड़ो ,टकबा करमटोली,सच्चिदानंद सिंह रामरेखा कादो पानी,वृद्धा मुरिया,तेलेंगाटोली,मोनिका एक्का ,बंगरु मधुवन ने मतदान किया।वृद्धों और दिव्यांगों में उत्साह देखा गया क्योंकि मतदान उनके घर जाकर कराया गया।इसके लिए उन्होंने निर्वाचन आयोग और जिला के अधिकारियों द्वारा यह सुविधा देने के लिए धन्यवाद कहा।ऐसी सुविधा मिलने से वृद्ध व दिव्यांग मतदान कर निर्वाचन आयोग और प्रशासन का आभार जताया।

# लचरागढ़ में झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** झारखंड पार्टी के कोलेबिरा प्रत्याशी विभव संदेश एक्का ने मंगलवार को झारखंड पार्टी के लचरागढ़ चुनावी कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि इस बार झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित है,कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अब परिवर्तन का मूड बना लिया है,वर्तमान विधायक के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता त्रस्त है,क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ है,झारखंड पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। झारखंड पार्टी जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करती है।झारखंड पार्टी जल जंगल और जमीन की पार्टी है। हम जनता की भावनाओं को उनकी समस्याओं को गहराई से समझते हैं,शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार,विकास के मुद्दों के साथ हम क्षेत्र की जनता के बीच जा रहे हैं। इस अवसर पर दीपू पंडा, विनय अग्रवाल,प्रवीण साहू, चीकू साहू,राजेश कसेरा राजू कसेरा, संजय साहू, सुनील भुइंया, फिरू महतो, राम अवतार अग्रवाल, नीतीश गोयल, टोनी अग्रवाल, कुलेश सिंह, जेराल्ड एक्का,केवल सिंह, राजू ओहदार, नवल सिंह, रोहित सिंह, विनित गोयल, अंकित साहू, मोतीलाल पंडा, दीलीप पंडा,के अलावा झारखंड पार्टी के कार्यकर्तागण व अन्य लोग उपस्थित थे।

# राहुल की चुनावी सभा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कमिटी की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सांसद राहुल गांधी के 8 नवम्बर को होने वाले सिमडेगा आगमन को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सिमडेगा विधानसभा प्रत्याशी सह विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक सह प्रत्याशी नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित थे। बैठक में सांसद राहुल गांधी के आगमन को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया गया। राहुल गांधी के चुनावी सभा कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ जुटाने एवं कार्यक्रम को लेकर गांव गांव प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि सांसद राहुल गांधी 8 नवम्बर को गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। साथ मे राज्य में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने एवं कोलेबिरा विधानसभा से नमन विक्सल कोंगाडी एवं सिमडेगा विधानसभा से भूषण बाड़ा को पुनः जिताने की क्षेत्र की जनता से अपील करें। राहुल गांधी 8 नवम्बर को दिन के 3 बजे हवाई मार्ग से सभा सिमडेगा के गांधी मैदान पहुंचेंगे। मौके पर भूषण बाड़ा ने कहा कि राहुल गांधी की चुनावी सभा मे ऐतिहासिक भीड़ उमड़ेगी। इस सभा मे लाखों की संख्या में जनता का जुटान होगा। बैठक में नमन विक्सल कोंगाडी, पूर्व मंत्री थियोडोर कीड़ो ने भी अपने विचार रखे। मौके पर कांग्रेस कमेटी के सभी पदधारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महान पर्व छठ हुआ शुरू, खरना पूजा आज




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** लोक आस्था का महान पर्व छठ पूजा नहाय- खाय के साथ मंगलवार को प्रारंभ हो गया। व्रतियों ने सुबह ही स्नान-ध्यान कर पूरी शुद्धता के साथ कद्दु-भात व चना दाल का प्रसाद बनाया। जिसके बाद पूजा अर्चना के साथ प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भक्तों ने भी व्रतियों के घरों में जाकर प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को व्रती खरना पूजा अनुष्ठान करेंगी। जिसके बाद से निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाएगा। इधर जिले भर में छठ पूजा को लेकर माहौल पूरी तरह से भक्ति में हो उठा है जगह-जगह पर घरों में छठ के गीत से पूरा शहर गूंज रहा है। बुधवार को खरना प्रसाद का आयोजन होगा। मौके पर छठ व्रति खीर का प्रसाद बनाएगी। खीर का प्रसाद बनाने के लिए दूध की आवश्यकता होती है। खरना प्रसाद को दूध की मांग बढ़ गई है। दूध की खपत को पूरी करने के लिए दूध के दुकानदार रांची, गुमला आदि के डेयरी से दूध मंगा रहे है। ताकि सभी की मांग पूरी की जा सके। इधर प्रसाद के लिए गाय के दूध की भी मांग बढ़ी है। जिसके कारण खटाल और निजी पशुपालक भी अपने रोज के उपभोक्ताओं को दी जाने वाली दूध में कटौती कर पूजा करने वालो को दूध उपलब्ध कराएगें।

### आटा चक्की में उमड़ेगी भीड़

छठ पर्व में ठेंकुए का प्रसाद का विशेष महत्व है। गेंहू पीसने के लिए सिमडेगा के श्यामपथ गली में रंजीत आटा चक्की के द्वारा तैयारी की गई है। इनके द्वारा आटा चक्की को पूरी तरह से धोकर शुद्ध किया गया है। ताकि पर्व की पवित्रता बनी रहे। गेंहू पीसा लिए आटा चक्की में लोगो की भीड़ उमड़ती है। जिसके कारण लंबी कतार भी लगती है।

## नहाय-खाय के मौके पर प्रिंस चौक पूजा पंडाल में कद्दू भात प्रसाद का हुआ वितरण



**सिमडेगा।** छठ महापर्व के मौके पर प्रिंस चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में शुक्रवार को नवज्योति नवयुवक संघ छठ पूजा समिति द्वारा कद्दू भात प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी देते हुए समिति के रामकिशन केशरी ने बताया कि 6 को खीर भोग का वितरण किया जाएगा। वहीं 7 नवंबर को संध्या में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्यदान किया जाएगा।08 को प्रातः में उदयीमान सूर्य को अर्ध्य दान के बाद ठेकुआ प्रसाद वितरण की जाएगी। वहीं 9 नवंबर को ही इस बार भव्य तरीके से भगवान सूर्य की प्रतिमा का विसर्जन यात्रा निकालकर शहर में भ्रमण करने के पश्चात केलाघाघ स्थित जलातशय में विसर्जन किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णुदयाल शर्मा, अमित केशरी आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## नहाय खाय के साथ छठ महापर्व आज से, बाजारों में गहमागहमी

**सिमडेगा।** चार दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर्व की शुरुआत 5 नवम्बर को नहाय खाय के साथ शुरु होगी। वहीं 6 नवम्बर को खरना है। खरना में खीर का प्रसाद बनाया जाता है। 7 नवम्बर को शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्यादान, 8 को उदीयमान सूर्य को अर्ध्यदान किया जाएगा। आस्था का महापर्व छठ पूजा के आयोजन को लेकर पूरे जिले में उत्साह और उमंग का माहौल है। सोमवार को छठ व्रती पूजन सामग्री खरीदने में व्यस्त रही। पूजन सामग्री के दुकानों में भी छठ व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान पूजन सामग्री की दुकानों में मेले जैसा नजारा रहा। लोग पुजा के लिए ईख, डांभा, शकरकंद, पानी सिंघाडा, सेव, केला आदि फल की खरीदारी के साथ साथ पुजन सामग्री की भी जमकर खरीदारी की। बाजार में सभी फल आवश्यकतानुसार उपलब्ध थे। बाजार में सेव 100 रु प्रति किलो, संतरा 80 रु, नारियल 30से 50 रु. पीस, सुप 100 से 150 रु प्रति पीस, सकरकंद 60 रु लीटर, डंभा 60 रु प्रति पीस, कद्दु 20 से 30 रु प्रति पीस के दर से बिक्री हुआ।

### प्रखंड कार्यालय सभागार में विस चुनाव को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

# मतदान के दिन ईवीएम मशीन के पास मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे मतदाता

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में अंचलाधिकारी शंभू राम, जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार, ओड़गा ओपी प्रभारी सजल धान, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, सभी सेक्टर पदाधिकारी, सभी पर्यवेक्षक, सभी कार्यालय कर्मी, पंचायत सेवक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मनरेगा कर्मी, ऑपरेटर एवं बीएलओ की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अतिमहत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने चुनाव के दौरान मतदान शुरू होने से लेकर ईवीएम एवं वीवीपैट सील होने तक की प्रक्रिया सम्बंधित जरुरी दिशानिर्देश दिए। बीडीओ ने चुनाव से जुड़े सभी पदाधिकारीयों को अपने क्षेत्र में मौजूदा कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ को सभी मतदान पर्ची ससमय बांटते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जरुरी निर्देश दिए। मतदान से पूर्व पोलिंग टीम के रहने एवं महिला पोलिंग टीम की सुरक्षा को लेकर जरुरी दिशा निर्देश भी मौक़े पर दिया गया। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाता मोबाइल लेकर ना जाएँ इसके लिए अलग से वालंटियर को मतदान केंद्र में जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही बुजुर्गो एवं दिव्यांग जनों को मतदान केंद्र तक लाने एवं वापस ले जाने हेतु ऑटो की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

# छठ पूजा को लेकर शंख छठ घाट पूजा समिति की ओर से तैयारी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** शंख छठ घाट पूजा समिति छठ पूजा आयोजन को लेकर घाटों पर जुटने वाले व्रतियों व श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्था बनाने में जुट गई है।शंख छठ घाट में छठ पूजा समिति द्वारा सारी व्यवस्था की जा रही है. घाट की पूरी तरह से साफ सफाई की गयी। सड़क की मरम्मत भी हो चुकी है,साथ ही छठ घाटों में प्रकाश की भी व्यवस्था की गयी है।शंख छठ घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है,इसको लेकर समिति द्वारा वाहन की पड़ाव के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।शंख छठ घाट पूजा समिति के पदाधिकारी प्रदीप केसरी ने पिछले साल पटाखों को फोड़ने में हुये दो घटनाओं को लेकर लोगों से आग्रह किया है कि छठ पूजा के दौरान बम, रॉकेट एवं अन्य तरह के पटाखों का उपयोग नहीं करें,जिससे की किसी प्रकार के घटना होने से बचा जा सके।उन्होंने बताया की शंख नदी में व्रतियों व श्रद्धालुओं को अर्ध्य देने के लिये घाट की कमी नहीं है नदी में पानी कम होने कारण दाहिने के तरफ पालामाड़ा नदी में काफी संख्या में व्रती के लिये घाट उपलब्ध है.वहीं बायें के तरफ समिति द्वारा घाट का निर्माण किया गया है।उन्होंने बताया कि छठ घाट आने वाले बड़े वाहन कुरडेग मुख्य रोड से कच्ची सड़क से जायेगी, वहीं चार चक्का,मोटरसाइकिल एवं अन्य छोटे वाहन गरजा चौक से शंख नदी के रास्ते जाने की व्यवस्था किया गया है। इधर तैयारी को लेकर चंदन लाल, विष्णु वैध, विनोद अग्रवाल,दुर्गा प्रसाद,रिंकू अग्रवाल,विकास साहू,अक्षय प्रसाद,अजय प्रसाद,अशोक केशरी सही तो समिति के सभी पदाधिकारी लगे हुए है।

## न्यूज बॉक्स

### कोचडेगा लुकीबहार गांव में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोचडेगा लुकीबहार गांव में बीती देर रात फाँसी लगाकर कमल खेस नामक युवक ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली मामले की जानकारी परिजनों को हुई जिसके बाद परिजनों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी मामले की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृत युवक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया ।मिली जानकारी के अनुसार भाई अनुकरण खेस ने बताया कि वह शराब के नशे में सोमवार की शाम घर में था और खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए अचानक देर रात किसी बात को लेकर वह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी सुबह परिजनों को पता चला। भाई ने कहा कि आत्महत्या के कारणों के बारे में किसी को पता नहीं है ।इधर पुलिस ने कहा कि शव कब्जे में यूडी केश दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### कुंए में डूबकर वृद्ध की हुई मौत

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के तराबोगा डोंगरटोली गांव में कुआं में पानी भरने के दौरान गिरने से डूब कर मौत हो गयी ।मृत महिला की पहचान बुधनी देवी के रूप में हुई ।जानकारी देते हुए पति महेश बिंझिया ने बताया कि वह मवेशी चराने के लिए जंगल की ओर गया था और उसकी पत्नी बुधनी घर पर थी वह पानी भरने के लिए कुआं में गई थी और फिसल कर गिरी और आज मदद नहीं मिलने की वजह से डूबकर उसकी मौत हो गई ।जब पति घर लौटा और जब पत्नी की तलाश की तक नहीं पाया तो आसपास के सभी लोगों से पूछा जब नहीं मिला तब जाकर वह परेशान हो गया और जब वह कुआं की ओर देखा तब की पत्नी का तैरता हुआ शव दिखाई दिया ,इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई ।मामले की जानकारी मिलने के बाद ठेठईटांगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृत महिला के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया तथा इस मामले में युद्ध केस दर्ज की है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर सामान्य पर्यवेक्षक ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**जलडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को जलडेगा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कोलेबिरा विस 71 के सामान्य पर्यवेक्षक द्वारा बुथ नंबर 88, 115 और 117 सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय परबा एवं बोंगेरा क्लस्टर एवं इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम की जानकारी ली और सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मतदान केन्द्रों पर शौचालय, पेयजल सहित अन्य मौजूद उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। बीएलओ से लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत तथा महिला एवं पुरुष मतदाताओ की जानकारी ली गई। साथ ही मतदान केन्द्रों पर संचालित विद्यालय के बच्चों से मिलकर बच्चों को पठन - पाठन एवं खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, प्रभारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद, मनमोहन कुमार गोस्वामी सहित सम्बंधित क्षेत्र के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य मौजूद थे।

### एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं ने शहर में निकला मतदाता जागरूकता रैली



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव -2024 के निमित्त "स्वीप" कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल सिमडेगा के सभी कर्मचारियों एवं एएनएम द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान 13 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं को अपना वोट कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। रैली पूरे शहर का भ्रमण करते हुए लोगों को विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्रों के द्वारा जागरूक किया गया इस मौके पर ।मौके पर सिविल सर्जन सहित सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### विधायक के गृह क्षेत्र होते हुए भी पाकरटांड़ जिला का सबसे पिछड़ा प्रखंड : श्रद्धानन्द बेसरा



**पाकरटांड़।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने मंगलवार को पाकरटांड़ प्रखंड के भेलवाडीह सिकरियाटांड़ आसनबेड़ा, कोबांग पाकरटांड़ केशलपुर भुम्भू ,किनबिरा, रामरेखा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया।उन्होंने कहा की झारखंड में भाजपा ही सुशासन की सरकार दे सकती है । वर्तमान की इंडी गठबंधन की सरकार में आये दिन लूट हत्या दुष्कर्म और घोटाले हो रही है।पाकरटांड़ प्रखंड वर्तमान विधायक का गृह क्षेत्र होते हुए भी जिला का सबसे पिछड़ा प्रखंड है। जहां पर विधायक को ध्यान नहीं है और इसीलिए जनता बदलाव के मूड में है और इस बार बदलाव की जाएगी ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। मौके पर पाकर टांड़ मंडल अध्यक्ष निकुंज बिहारी सिंह, संयोजक कृष्णा राय कोटवार, सहसंयोजक सुदर्शन सिंह ,दीपनारायण दास, मनिंदर बिंझिया, ईश्वर साहु ,सीताराम प्रसाद सहित शक्तिकेन्द्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक बूथ अध्यक्ष और आमजन उपस्थित थे।

### चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर ने किया कुरडेग का निरीक्षण



**कुरडेग।** चुनाव आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर ने प्रखंड के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ऑब्जर्वर ने बीडीओ नैमन कुजूर व थाना प्रभारी नवीन कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रखंड के रामवि घाघमुंडा,रामवि करमडीह,राउमवि छोटकीबिउरा एवं निर्मला उच्च विद्यालय खालीजोर समेत अन्य.मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी जरूरी सुविधाओं का अवलोकन किया ।उन्होंने प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर आवागमन की बेहतर व्यवस्था,बिजली,पानी,शौचालय व रैम्प आदि को दुरूस्त करने का निर्देश दिया ।इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर शिक्षक शिक्षिका व बीएलओ मौजूद थे।

## एक नजर

### नगर आयुक्त ने किया शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरिक्षण

**हजारीबाग।** छठ महापर्व को लेकर नगर आयुक्त सह प्रशासक के नेतृत्व में नगर निगम के टीम के द्वारा विभिन्न छठ घाटो का निरिक्षण निरंतर रूप से किया जा रहा है। इस क्रम में हजारीबाग झील, छठ तालाब इन्द्रपुरी, बुढवा महादेव तालाब, मीठा तालाब, गाँधी स्मारक के समीप, हुरहुरु तालाब, माशिपिरी व अन्य छठ घाटो के साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओ का निरिक्षण किया गया एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को बेहतर कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो की नगर निगम के द्वारा दशहरा पूजा के बाद से ही छठ व्रतियों के सुविधा के लिए नगर निगम टीम के द्वारा छठ घाटो की निरंतर सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त के अतिरिक्त रमेश सिंह,कार्यपालक अभियंता, राजीव रंजन, नगर प्रबंधक एवं निरंजन सिंह, प्रधान सहायक मौके पर उपस्थित थे।

### टाऊन हॉल में विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को. लेकर वी सरवना सामान्य प्रेक्षक 22-बड़कागांव, देवब्रत दास पुलिस प्रेक्षक 23-रामगढ़, सुमेंदु कुमार दास व्यय प्रेक्षक 22-बड़कागांव, पीयूष शुक्ला व्यय प्रेक्षक 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र, चन्दन कुमार जिला-निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामगढ़, अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के नेतृत्व में 5 नवम्बर को टाऊन हॉल रामगढ़ में समीक्षात्मक एवं प्रशिक्षण-सह-बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया । बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ / पतरातु, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चुनाव के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों / सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के कार्य एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई

### पुलिस ने 2 टन अवैध कोयला लदे बोलेरो को किया जब्त

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली की कोल माफियाओं के द्वारा माण्डू (कुज्जू) ओपी अन्तर्गत ग्राम-महुआटुंगरी के आस-पास अवैध कोयला इक्ठ्ठा कर रखा गया है, जिसे बोलेरो वाहन में भरकर बाहर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी रामगढ़ एवं ओपी प्रभारी माण्डू (कुज्जू) के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से रात्रि 01:45 बजे ग्राम-महुआटुंगरी के आस-पास अलग-अलग स्थान पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में एक सफेद रंग का बोलेरो गाड़ी जो तेजी से भगाने लगा जिसे पीछा करने पर बोलेरो चालक बोलेरो को महुआटुंगरी स्थित जंगल में छोड़ कर अंधेरे का लाभ उठा कर जंगल की ओर भाग गया।

विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन चुस्त दुरुस्त

# चेकपोस्ट पर चल रहे जांच अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी व डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन सभी स्थलों में जांच अभियान चला रही है। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड के अंतर जिला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त कर सघनता से वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को अवैध तरीके से किसी भी आवाजाही पर रोक लगाने का दिया निर्देश। उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को हर आने-जानेवाले वाहनों की कड़ाई से जांच करने, नकद राशि, मादक पदार्थ, शराब सहित मुफ्त में बांटी जाने वाली सामग्रियों को लेकर आनेवालों वाहनों पर कड़ी नजर का निर्देश भी दिया। उन्होंने चेकपोस्ट से होकर आनेवाले तमाम वाहनों के नंबर तथा वाहन मालिकों के नाम व फोन नंबर इंट्री करने का निर्देश भी दिया।

वर्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों में एएमएफ (आवश्यक बुनियादी सुविधाएं) की जांच की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र अंतर्गत वर्नरेबल बूथों का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कटकमसांडी प्रखंड के बिरहोर टोला का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से मिलकर मतदान करने की अपील की। मौके पर उन्होंने उनके मतदाता सूची में नाम की जांच की। उपायुक्त ने बिरहोर टोला के बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया।

चुनाव व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी कोषांग का किया औचक निरीक्षण

# पेड़ न्यूज व सोशल मीडिया समेत प्रत्याशियों के विज्ञापन पर रखें विशेष ध्यान : व्यय प्रेक्षक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से मंगलवार को व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला ने समाहरणालय परिसर स्थित सूचना भवन में बनाए गए एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला के द्वारा एमसीएमसी कोषांग में मॉनिटरिंग कर रहे हैं सदस्यों से जानकारी ली गई। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर द्वारा एमसीएमसी कोषांग से संबंधित किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी ने प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही गतिविधियों पर व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ पीयूष शुक्ला को विस्तार पूर्वक मॉनिटरिंग एवं प्रत्याशियों द्वारा हो रही गतिविधियों की निगरानी पर पेड़ न्यूज, विज्ञापन आदि की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 23 रामगढ़ श्री पीयूष शुक्ला ने प्रत्याशियों का सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के विभिन्न पोर्टलों एवं प्रत्याशियों द्वारा जारी सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक, ट्विटर, युटुब पर पर पेड न्यूज के मद्देनजर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के जनसंपर्क अभियान में उमड़ी भारी भीड़



**बड़कागांव।** महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने बड़कगांव प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चेपा कला, जुगरा, डाड़ीकला, सिंदुआरी, सोनबरसा, सिकरी, सिरमा में स्थानीय लोगों से संवाद किया। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी को भारी समर्थन देखने को मिला। अंबा प्रसाद ने जनसंपर्क के माध्यम से 5 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उपलब्धियां गिनाई और लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने पंचायतों में जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी के विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में उनकी सरकार ने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान अंबा प्रसाद के साथ महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क करने, और लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, हमारी जीत तभी संभव है जब हम एकजुट होकर काम करें और हर मतदाता तक पहुंचें।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह चलाया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने बांझिया, शाहपुर, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी चौक, लखनू, मंदिर चौक हरिजन टोला, नवादा चौक, पाराटांड़ मोड़, बरगड्डा, बहिमर चौक, सारुगारु स्कूल, डांड चौक, सुलमी चौक, लुपुंग मंदिर चौक, असधीर चौक, जलमा चौक, कंचनपुर, हेदलॉग, छड़वा डैम, खुटरा चौक, रोमी चौक, पबरा चौक एवं मायापुर मंदिर का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 730000 किशोरियों को लाभान्वित होने की जानकारी दी गई। इसके इलावा 38.41 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफी और मैया सम्मान योजना का सकारात्मक असर जनता की बीच देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत, मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

### इचाकडीह पंचायत भवन में नि:शुल्क दंत व स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन




हजारीबाग । कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में मांडू प्रखंड स्थित इचाकडीह पंचायत भवन में मंगलवार को निःशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का कुल 72 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी डेंटल कॉलेज परिवार की कोशिश है कि निशुल्क शिविर का लाभ जन- जन तक पहूंचे तथा इससे हर जरूरतमंद लाभान्वित हो। मुख्य रूप से डॉ.फोरम मैम, सिस्टर अजरा निगार, रेशमी देवी, बिट्टू कुमार एवं राहुल सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दी।

### अवैध बालू ले जा रहे हाईवा को पुलिस ने किया जब्त

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली की बालू माफियाओं के द्वारा हाईवा पंजीयन सं०- जेएच02एजेड -6132 से पतरातू थानान्तर्गत ग्राम-तालाटांड मुख्य मार्ग होते हुए अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी पतरातू एवं थाना प्रभारी पतरातु के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग स्थान पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम ग्राम-तालाटॉड के पास हाईवा पंजीयन सं०- जेएच02एजेड-6132 का चालक पुलिस को देख कर वाहन तेजी से भगाने लगा , जिसे पीछा कर पकड़ा गया तथा वाहन की जाँच करने पर वाहन में करीब 720 सीएफटी बालू लदा हुआ पाया गया। चालक से बालू के संबंध में वैध कागजात की मांग करने पर किसी भी तरह का कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन चालक से पूछने पर स्वयं को वाहन का मालिक बताया गया।

बड़कागांव में उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा

# बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे



**हजारीबाग।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें हजारीबाग के बड़कागांव में विशाल जनसभा कों सम्बोधित करते हुए लोगों से अपील किया, कि हजारीबाग सें भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बडकागांव सें रौशनलाल चौधरी को कमल चिन्ह के निशान पर वोट कर विजयी बनायें। उन्होने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगें। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव में आयोजित विशाल जनसभा में सनातन धर्म के रक्षक, हिंदू हृदय सम्राट, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद पाकर अभिभूत और गर्व महसूस कर रहा हूं। श्री प्रसाद ने कहा कि ठगबंधन की सरकार झारखंडियों को ठगने का काम किया है। झारखंड सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद किया। उन्होने कहा कि महाराज के आशीर्वाद से हजारीबाग में जरूर कमल खिलेगा। अंतिम पायदान तक खडें लोगों कों सरकार के योजनाओं का लाभ मिलेगा मोदी की गारंटी है।

### नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शुरू

**बरकट्ठा।** प्रखंड में नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शुरू हो गया। छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न घाटों में अर्घ देने के लिए घाटों को साफ सफाई और सजाया संवारा जा रहा है। वहीं प्रखंड क्षेत्र का प्रसिद्ध घाट बेलवा नदी में स्थानीय युवकों एवं समिति के द्वारा जमकर साफ सफाई की गई। जीटी रोड छठ गेट से लेकर छठघाट तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा आकर्षक लाइट,दरी तथा भव्य गेट बनाकर साज सज्जा की जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष बिंदु सोनी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट की साफ सफाई एवं छठ व्रतियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखकर सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि बरकट्ठा क्षेत्र में छठ विशेष रूप से मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर लोग अपने घरों में शुद्ध शाकाहारी भोजन का सेवन छठ पर्व के समापन तक करते हैं। वहीं छठ व्रतियों के लिए यह पर्व साधना से काम नहीं होता है।

### छठ पर्व को लेकर यातायात में किया गया बदलाव

**रामगढ़।** छठ पर्व 2024 के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुगम करने के उद्देश्य से उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के आदेशानुसार दिनांक 7 नवम्बर को 12:00 मध्यान्ह से दिनांक 8 नवम्बर को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक रामगढ़ शहर में मालवाहक गाड़ी ट्रक/ बस के आगमन को पूर्णता बंद करते हुए रूट लाइन निम्न प्रकार परिवर्तित किया जाता है। कोई भी मालवाहक गाड़ी ट्रक भारी वाहनों सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक/ बस पटेल चौक से रांची रोड तक एवं रांची रोड से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी ट्रक बस बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बड़का का नाटक प्रवेश वर्जित रहेगा।

एसडीओ और एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से छठ घाट का किया निरीक्षण

# छठ पूजा समिति के निर्णयानुसार प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार से प्रारंभ हो चुका है. कल खड़ना के साथ गुरुवार और शुक्रवार को भगवान भास्कर को अर्घ्य दान के लिए श्रद्धालु छठ घाट पहुंचेंगे. जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे. श्रद्धालुओ और व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं इस उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार बिमल ने बरही के न्यू कॉलोनी और बरही डीह सूर्य मंदिर स्थित दोनों छठ घाटों का स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने छठ घाट की सफाई, मार्ग की व्यवस्था, चेंजिंग रूम और सुरक्षा संबंधित विभिन्न बिंदुओ की जानकारी लिया. अधिकारियो ने स्थानीय लोगो से भी असुविधाओं संबंधित जानकारी लिया. इस दौरान बरही डीह स्थित प्राचीन छठ घाट पर स्थानीय मुखिया शमशेर आलम और छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान से भी पूरी जानकारियां लिया. एसडीओ ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का सुविधा न हो इसे लेकर सफाई एवं अन्य कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं, जो अंतिम चरण पर है. उन्होंने व्रतियों व श्रद्धालुओं से भी सावधानी बरतने, गहरे पानी में नही जाने, बच्चो व वृद्धों पर ध्यान रखने आदि जैसे सावधानियां बरतने की है. एसडीओ ने बताया कि अनुमंडल के सभी छठ घाटों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया जा चुका है.

प्रखंड के 11 मतदाताओं का कराया गया होम वोटिंग

# मतदान एक अनिवार्य प्रक्रिया है : बीडीओ



### विद्यार्थियों ने सभी मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को पहले मतदान और फिर जलपान करने का संकल्प भी दोहराया

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को बरही प्रखंड में होम वोटिंग के तहत वृद्ध और लाचार मतदताओं का बैलेट वोटिंग करवाया गया. बीपीआरओ सवाना मांझी ने बताया कि बरही 21 विस में कुल 22 ऐसे मतदाता चिन्हित है. इसमें सिर्फ बरही प्रखंड में कुल 11 है. इन सभी 11 मतदाताओं को उनके घर जाकर मतदान करवाया गया. मतदान करवाने के लिए बीडीओ जयपाल महतो और सीओ अमित किस्कू की अगुवाई में दो टीम बनाए गए थे. दोनों टीम ने प्रखंड के सभी 11 मतदाताओं को मतदान करवाने के लिए उनके घर जाकर बैलेट मतदान करवाया. बीडीओ ने कहा कि मतदान एक अनिवार्य प्रक्रिया है. इस प्रक्रिया में असक्षम, लाचार और वृद्ध वरिष्ठ नागरिक जो मतदान केंद्र पर जाने में असक्षम होते है, मतदान से वंचित नहीं रहे. इसके लिए आयोग ने यह विशेष व्यवस्था किया है. इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए गए थे. स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर भवन बरही में मतदाता जगत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्लस टू, प्रोजेक्टर गर्ल्स स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगोली, आर्ट्स आदि बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया. विद्यार्थियों ने सभी मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को पहले मतदान और फिर जलपान करने का संकल्प भी दोहराया. इस अवसर पर बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, बीडब्ल्यूओ आदि सहित विद्यालय के शिक्षक आदि मौजूद थे.

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के जनसभा में उमड़ा जन सैलाब

# हमारी सरकार ने जनता से जो भी वायदे किए हैं उसे हमने पूरा किया है : खड़गे



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़** मांडू विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सह महागठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा डाडी प्रखंड के बलसगरा मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे थे। श्री खड़गे ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वायदे किए हैं उसे हमने पूरा किया है। जो वायदे हम अभी कर रहे हैं, उसे भी हम पूरा करेंगे। हमें झूठ बोलने की आदत नहीं हम जो कहते हैं वह कर दिखाते हैं, आगे भी करते रहेंगे। झारखंड में आज जो भी विकास की किरण दिखाई दे रही है वह है गठबंधन का ही देन है। जनता अब पूरी तरह समझ चुकी है कि अगर कोई विकास कर सकता है तो वह कांग्रेस गठबंधन ही कर सकता है। इस चुनाव झारखंड में जनता का पूरी समर्थन मिल रहा है और इस बार भी झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी। बीजेपी जो बयानबाजी करे इस पार्टी को जनता पूरी तरह समझ चुकी है अब उनके जाल में नहीं फंसने वाली है। आप अपना समर्थन हाथ छाप कांग्रेस प्रत्याशी सह इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को दें और भारी से भारी मतों से विजय बनाएं। श्री पटेल मांडू की जनता की सेवा करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे ताकि मांडू के विकास का पहिया ना रुक पाए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, झारखंड प्रभारी गुलाब मीर अहमद, पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर इत्यादि गणमान्य हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रखंडों से ग्रामीण उपस्थित थे।

अऊखी घड़ी न देखण देई, अपना बिरद समाले ......

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर तीसरे दिन भक्तिभाव के साथ निकली प्रभात फेरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के मौके पर मंगलवार को तीसरे दिन प्रभात फेरी भक्तिभाव के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला और पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में लोग साध संगत के साथ शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जसकिरत सिंह सैनी निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी के दौरान नानक घर के गोले, किनका इक जिस जी बसावे, अऊखी घड़ी न देखण देई, अपना बिरद समाले जैसे शबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से सरदार गुरदीप सिंह सैनी द्वारा सरदार गुरविंदर सिंह कालरा को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। यहां कालरा परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। साथ ही आज गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर अखंड पाठ की लड़ी का पहला पाठ आज सरदार स्वर्गीय आज्ञाकार सिंह लांबा के परिवार के द्वारा नए अखंड पाठ हाल में रखा गया।

ये हुए शामिल : तीसरे दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जास्सल, कुलजीत सिंह कालरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, मनमोहन लांबा, अंकित कालरा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, गुरप्रीत सिंह, जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा,अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जौली, सुमी जौली , गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर आदि शामिल हुए ।

### शपथ पत्र

मैं मनोज कुमार अग्रवाल पिता रामविनय अग्रवाल, उम्र 55 वर्ष, पेशा-व्यवसाय, धर्म -हिन्दू, राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी ग्राम-जीसी-33, झंडा चौक गोला रोड निकट एलआईसी ऑफिस रामगढ़, पो-रामगढ़, थाना-रामगढ़, जिला रामगढ़-झारखंड-829122 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा वास्तविक नाम मनोज कुमार अग्रवाल है जो मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रपत्र में दर्ज है। मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार सं 434045675317 है जिसमें मेरा नाम मनोज अग्रवाल दर्ज हो हो गया है। मनोज कुमार अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल दोनो एक ही व्यक्ति है जो कि मैं स्वयं हूं। मैं शपथ पत्र में अपना नाम मनोज अग्रवाल के स्थान पर सुधारकर वास्तविक नाम मनोज कुमार अग्रवाल दर्ज करवाले हेतु संबंधित पदाधिकारी को दे रहा हूं।

### शपथ पत्र

मैं सुनीता अग्रवाल पति मनोज कुमार अग्रवाल, उम्र 51 वर्ष, पेशा-व्यवसाय, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता-भारतीय, पो-रामगढ़,थाना-रामगढ़, जिला रामगढ़ झारखंड-829122 शपथ पूर्वक ब्यान करतीं हूं। मेरा सही और वास्तविक नाम सुनीता अग्रवाल है जो मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार सं-945203860273 है। जिसमें मेरा नाम सुनीता देवी दर्ज हो गया है। सुनीता अग्रवाल और सुनीता देवी दोनो एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वयं हूं। यह शपथ पत्र मैं अपना नाम सुनीता देवी के स्थान पर सुधारकर वास्तविक नाम सुनीता अग्रवाल दर्ज करवाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दे रही हूं।

संपादकीय

## राजनीति से इतर जनजातीय समुदाय का बड़ा योगदान

भारतीय राजनीति का एक चलन है कि जिसके जहां वोट ज्यादा हों वहां उसकी बड़ाई करना पर यह ध्रुव सत्य है कि भारत को सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से समृद्ध करने में जनजातीय समुदाय की बहुत बड़ी भूमिका है जिसमें झारखंड भी शामिल है। भारत के बड़े भूभाग में वन एवं जंगल हैं। प्रकृति के इस एक अनोखे उपहार से जनजातीय समुदाय गहरे से जुड़ा है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजातीयए समाज द्वारा की जाती रही है। जनजातीय समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने,चिकित्सा से लेकर अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है।

**प्राचीन काल से ये प्रकृति पूजक वनों की रक्षा भी करते रहे हैं, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।**

इसीलिए इन्हें धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से ये प्रकृति पूजक वनों की रक्षा भी करते रहे हैं, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं। इसलिए इनकी श्रद्धा पेड़ पौधों के प्रति स्वाभाविक रूप से होती है। भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करंज, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुकाम ठीक करने के लिए किया जाता है। जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। स्वतंत्रता के बाद और पहले भी इन भोले भाले लोगों को विदेशियों से लेकर नेताओं तक ने भीड़ की तरह इस्तेमाल किया। अनेक तो धर्मांतरित होकर मूल धर्म से ही नहीं संस्कारों से विमुख हो गए हैं क्योंकि इन्हें संरक्षित करने के बजाय अपनी विचारधारा और धर्मों में शामिल कर वोट बैंक खड़ा किया गया।

# डूबते सूर्य की आराधना का अद्भुत त्योहार है छठ




सुनील बादल

भारत के अनेक राज्यों के ग्रामांचलों में अनेक पर्व त्योहार ऐसे हैं जो आज के राजनीतिक विद्वेष और भेदभाव भरे माहौल में भी एक सुखद संदेश देते हैं। छठ पूजा वैसे तो भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों विशेष तौर पर बिहार, झारखंड, और पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख लोकपर्व है पर आज दिल्ली और मुंबई की राजनीति तक को प्रभावित करने लगा है। इस पर्व की विशेषता है कि इसमें किसी पुरोहित या पंडित की आवश्यकता भी नहीं होती। सनातन पूजन पद्धति के अनुरूप व्रती स्वयं ही छठी मईया और भगवान सूर्य से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। यह धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, सामूहिक सहयोग और आत्मानुशासन का अनुपम उदाहरण भी पेश करता है। इस पर्व में विभिन्न धर्मों और जातियों के बीच की दूरियां भी मिट जाती हैं और हर व्यक्ति इसमें बराबर की भूमिका निभाता है। आइए इस आलेख में विस्तार से जानते हैं।छठ पूजा एकमात्र ऐसा पर्व है जहां ना तो मंत्रोच्चार की परंपरा है और ना ही किसी पंडित की आवश्यकता पड़ती है। व्रती महिलाएं और पुरुष दोनों हो सकते हैं। और वे सीधे सूर्य देवता और छठी मैया से प्रार्थना करते हैं। इस अनूठे लोकपर्व का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है बल्कि यह जाति, धर्म और सामाजिक भेदभाव के सारे बंधनों को समाप्त कर एकजुटता का संदेश भी देता है। यह त्योहार समाज के हर वर्ग को जोड़ता है। चाहे वह हिंदू हों या मुस्लिम, ऊँची जाति के हों या नीची जाति के। घाट पर किसी से कोई भेदभाव नहीं होता और न स पूजन सामग्री की खरीद बिक्री में। इस पर्व के माध्यम से लोग ना सिर्फ एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाते हैं बल्कि, अपने कर्मों में शुद्धता और समर्पण का भाव भी प्रकट करते हैं। समाज में जिन्हें कभी अछूत माना गया वही लोग छठ पूजा के सबसे आवश्यक पूजन सामग्री जैसे सूप और दउरा बनाते हैं। व्रती इन्हीं के हाथों से बने बांस के सूप और डलिया को प्रसाद अर्पण और सूर्य को अर्घ्य देने के लिए उपयोग में लाते हैं। मुस्लिम समाज की भागीदारी बिहार में आम है।

छठ पर्व में प्रसाद पकाने के लिए मिट्टी के चूल्हे का विशेष महत्व है। ये चूल्हे प्रायः कुम्हार जाति और मुस्लिम समुदाय की महिलाएं ही बनाती हैं। समाज में कुम्हारों को पिछड़ी जातियों में गिना जाता रहा है लेकिन छठ महापर्व के दौरान उनकी कला और श्रम को विशेष सम्मान दिया जाता है। आश्चर्यजनक रूप से, मुस्लिम महिलाएं भी हर साल मिट्टी के चूल्हे बनाकर व्रतियों को बेचती हैं और व्रती इन्हें सहर्ष स्वीकार करते हैं। इस पर्व में यह नहीं देखा जाता है कि चूल्हा किस धर्म के व्यक्ति ने बनाया है। बल्कि, उसकी पवित्रता और सादगी को महत्व दिया जाता है। यह पहल सामाजिक सद्भावना और धार्मिक समन्वय का जीवंत उदाहरण पेश करती है।छठ पूजा का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका अनुशासन है। व्रती अपने आहार और जीवनशैली में विशेष संयम बरतते हैं। प्रसाद तैयार करने की पूरी प्रक्रिया में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। अनाज को अच्छी तरह से धोना, धूप में सुखाना और पूरी सावधानी से प्रसाद पकाना इस पर्व का अभिन्न हिस्सा है। इस दौरान झूठ और छल-कपट से दूर रहना भी अनिवार्य माना जाता है। क्योंकि, छठी मइया से कुछ भी छिपाना असंभव है। व्रती सूर्य को अर्घ्य देने के बाद भी प्रार्थना में विनम्रता बनाए रखते हैं और किसी गलती के लिए छठी मैया से क्षमा भी मांगते हैं। यह आत्मशुद्धि और आत्मानुशासन का श्रेष्ठ उदाहरण है। छठ पूजा का एक अनूठा पक्ष यह है कि इसमें उगते सूर्य के साथ-साथ डूबते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा इस बात का प्रतीक है कि जीवन के हर पक्ष को समान रूप से सम्मान दिया जाना चाहिए। चूंकि, छठी मैया को प्रकृति की देवी का छठा अंश माना जाता है। इसलिए, यह पूजा प्रकृति और जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का भी एक माध्यम है। अर्घ्य देते समय व्रती जल और दूध से भरे सूप में दीप जलाकर सूर्य देवता का आह्वान करते हैं।

छठ पूजा में प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती के पैर छूकर आशीर्वाद लेने कीप्रथा है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता कि व्रती किस जाति या धर्म से है। यहां तक कि अगर कोई मुस्लिम भी छठ पूजा करता है तो उसे भी वही सम्मान और स्वीकृति मिलती है। यह परंपरा जाति और धर्म की दीवारों को तोड़कर एक समानता और भाईचारे का संदेश देती है। छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने वाला एक महापर्व है। यह पर्व धर्म, जाति और सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देता है। बिना किसी पुरोहित के, यह पूजा आत्मानुशासन, पवित्रता और समानता की एक अद्भुत मिसाल पेश करता है। छठ के समय बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के लोग विदेश तक से अपने गांव आकर पूजा करने के लिए दिन गिनते रहते हैं। रास्तों की सफाई, सरोवर या नदी तट की सफाई से लेकर प्रसाद मांगने वाला कोई भी हो सकता है करोड़पति भी मंत्री भी । विनम्रता और स्वच्छता का यह पाठ मूलतः सरोवर की सफाई का वैज्ञानिक त्योहार भी है।

आपकी बात

## सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ


उमेश चतुर्वेदी

मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा। लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान 'कटोगे तो बंटोगे' का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है। संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

त्वरित टिप्पणी

## यूपी मदरसा एक्ट को 'सुप्रीम' मान्यता


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

यूपी मदरसा एक्ट वैध है या अवैध? सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बड़ा फैसला सुनाते हुए अपनी 'सुप्रीम' मान्यता की मुहर लगा दी है और इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के (22 मार्च 2024) फैसले को पलटते हुए यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिकता को बरकरार रखते हुए मान्यता दी है। अब इस निर्णय से दो बातें पूरी तरह साफ हो गईं हैं, एक- यूपी सरकार की तरफ से संचालित मदरसा बोर्ड सही है। दो- मजहबी शिक्षा के नाम पर इस्लामवादी अपना कुछ भी एजेंडा नहीं चला सकते, जिसकी शिकायतें प्रायः अब तक मदरसा संचालन की आड़ में सामने आती रही हैं। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के मौलिक ढांचे के खिलाफ बताया था। इसके साथ ही 22 मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को एक योजना बनाने का भी निर्देश दिया था, ताकि वर्तमान में मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके। अपने इस निर्णय में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा कानून को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए प्रदेश में चल रहे 13 हजार 364 मदरसों में पढ़ाई करने वाले 12 लाख से अधिक छात्रों को राज्य सरकार द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराजन ने कहा था कि प्रदेश सरकार यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। बल्कि सरकार चाहती है कि बोर्ड अधिनियम से उन प्रावधानों को खत्म कर दिया जाए जो उल्लंघनकारी है। यूपी सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर पक्ष रख रहे नटराजन ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट को 2004 में बने मदरसा अधिनियम को पूरी तरह से असंवैधानिक घोषित नहीं करना चाहिए था। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा था कि यूपी मदरसा बोर्ड के जरिए दी जाने वाली कामिल और फाजिल डिग्री न यूनिवर्सिटी की डिग्री के समकक्ष है और न ही बोर्ड की ओर से पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। इस स्थिति में मदरसे के छात्र उन्हीं नौकरियों के लिए योग्य हो सकते हैं, जिनके लिए हाई स्कूल/इंटरमीडिएट योग्यता की जरूरत होती है। पूरे मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए फैसला 22 अक्टूबर सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया है।**(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**निश्चय कर लें कि आप अब मनोदशाओं में और अधिक ग्रस्त नहीं होंगे, और यदि आपके निश्चय करने पर भी कोई मनोदशा आ घेरे, तो इसके आने के कारण का विश्लेषण करें, और इस विषय में कुछ रचनात्मक कदम उठाएं।**

## नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति


श्री श्री परमहंस योगानंद

ऐसे में, आपको उचित जीवनयापन के नियमों का पालन करने का प्रयत्न करना चाहिए जो आपको एक स्वस्थ क्रियाशील और नैतिक जीवन की ओर ले जाते हैं, और ईश्वर की आरोग्य शक्ति में गहन विश्वास के लिए प्रार्थना करें। अथवा, मान लें कि आपकी मनोदशा यह विश्वास है कि आप एक असफल व्यक्ति हैं, और किसी भी काम में कदापि सफल नहीं हो सकते। समस्या का विश्लेषण करें और जाँच करें कि क्या वास्तव में आपने वे समस्त प्रयास कर लिए हैं जिन्हें आप कर सकते थे। आप अपनी मनोदशाओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं, चाहे वे कितने भी भयानक क्यों न लगती हों। निश्चय कर लें कि आप अब मनोदशाओं में और अधिक ग्रस्त नहीं होंगे; और यदि आपके निश्चय करने पर भी कोई मनोदशा आ घेरे, तो इसके आने के कारण का विश्लेषण करें, और इस विषय में कुछ रचनात्मक कदम उठाएँ। रचनात्मक चिन्तन मनोदशाओं के लिए सबसे अच्छी विषहर औषधि है। मनोदशाएँ आपकी चेतना पर अपनी पकड़ तब बनाती हैं जब आप नकारात्मक अथवा निष्क्रिय मनोस्थिति में होते हैं। जब आपका मन खाली होता है, तो ठीक वही समय है जब वह मनोदशाओं में ग्रस्त हो सकता है, और जब आप मनोदशाओं में होते हैं, तब माया आकर आप पर अपना प्रभाव डाल देती है। इसलिए, रचनात्मक चिन्तन को विकसित करें। जिस समय आप शारीरिक रूप से क्रियाशील न हों उस समय अपने मन में कुछ रचनात्मक कार्य करें। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक**

आज का दोहा

**रंग बदलते दिन हुए, अंग बदलती रात।**
**लोग कई गिरगिट हुए, कई हुए बदजात।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

## भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह


ललित गर्ग

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है। निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के



लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है। गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है।**(ये इनके निजी विचार हैं)**


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'नहाए-खाए' के दिन घाटों पर भीड़, तो कहीं वेदी बनाने में दिखा वीवीआईपी कल्चर

**एजेंसी। पटना (आईएएनएस)**

'नहाए-खाए' के साथ मंगलवार को छठ पूजा की शुरुआत हो गई है। उत्तर भारत में आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर खास तैयारी देखने को मिल रही है। बिहार की राजधानी पटना और उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में भी इस पर्व को लेकर काफी रौनक देखने को मिल रही है। 'नहाए-खाए' के साथ 4 दिवसीय छठ पूजा की शुरुआत हो गई है। इस दिन श्रद्धालु अपने घरों की सफाई करने के बाद घाटों पर जाते हैं, वहां पर स्नान करके गंगा मां की पूजा करते हैं। नहाए खाए को लेकर बिहार की राजधानी पटना के कई घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या देखने को मिली। घाट पर स्नान करने आईं एक श्रद्धालु शिल्पी सोनी ने आईएएनएस को बताया कि वह दीदी के यहां छठ पूजा करने आई हैं। आज 'नहाए-खाए' के दिन गंगा स्नान करके प्रसाद बनता है। कद्दू का दाल और अरवा चावल बनता है। छठ को लेकर आज घाट पर बहुत भीड़ है, कल खरना होगा, परसो और ज्यादा भीड़ होगी, क्योंकि उस दिन पहला अर्घ्य होगा। छठ को लेकर बहुत तैयारी की गई है। प्रशासन द्वारा घाटों की साफ-सफाई की गई है, जो बहुत अच्छी बात है। एक अन्य श्रद्धालु सुप्रिया सोनी ने आईएएनएस को बताया कि वह पहली बार छठ कर रही हैं और बहुत खुशी है। 'नहाए-खाए' के दिन गंगा स्नान करके घर पर प्रसाद बनाते हैं। प्रसाद को खुद ग्रहण करते हैं और लोगों को बांटते हैं। उन्होंने कहा कि छठ को अब बाहर भी मनाया जाता है, लेकिन खासकर बिहारी लोगों के लिए यह गर्व का पल होता है। इसके अलावा, वाराणसी के घाटों और पवित्र जलाशयों में वेदी बनाने का काम हो रहा है। वहीं, कई जगहों पर वीवीआईपी कल्चर देखने के लिए मिल रहा है, जहां पर लोग वेदी बनाते समय यूपी पुलिस, यूपी सरकार आदि चीजों को लिख रहे हैं। छठ पूजा को लेकर वेदी बना रहे एक श्रद्धालु अश्विनी सिंह ने आईएएनएस को बताया कि वेदी बनाकर हम लोग चले जाएंगे। यहां पर नाम लिख देंगे, जिससे की पूजा वाले दिन कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने पूजा में वीवीआईपी कल्चर का विरोध करते हुए कहा कि लोग अपना साधारण नाम भी लिख सकते हैं। एक अन्य श्रद्धालु अनुराग ने बताया कि अपना नाम लिखकर हम लोग अपना स्थान पक्का कर लेते हैं कि हमको यहां पर पूजा करना है। वेदी बनाते समय वीवीआईपी कल्चर पर उन्होंने कहा कि ये वाराणसी में ज्यादा देखने को मिलता है। छठ वाले दिन भीड़ होने की वजह से उनकी भी जगह घिर जाती है। उन्होंने आगे कहा कि वीवीआईपी कल्चर से यहां पर कुछ होता नहीं, बनारस में सभी लोग वीआईपी हैं।






# छठ घाट की सफाई के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत

**एजेंसी। भागलपुर (आईएएनएस)**

लोकआस्था के महापर्व छठ की मंगलवार को शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान भागलपुर में एक दर्दनाक हादसा हो गया जहां छठ घाट की सफाई के दौरान तीन लोगों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, यह घटना बड़ी मोहनपुर दियारा क्षेत्र की है जहां एक ही परिवार के चार बच्चे गंगा तट पर छठ की सफाई और स्नान करने गए थे। इसी क्रम में एक बच्चा नदी की तेज धारा में डूबने लगा। इसी क्रम में अन्य तीन बच्चे उसे बचाने के लिए पानी के तेज बहाव में पहुंच गए। इस घटना में एक बच्चे को तो किसी तरह बचा लिया गया लेकिन तीन बच्चों की मौत हो गयी। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मौसम कुमारी, जीतन कुमार और आशुतोष कुमार शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को गंगा से बरामद कर लिया है। कहलगांव के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अर्जुन कुमार गुप्ता ने बताया कि हादसे में कुल चार बच्चे डूबे थे। तीन को अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। बताया गया कि जीतन कुमार अपनी बुआ के घर छठ पर्व मनाने आया था और मंगलवार को अन्य बच्चों के साथ घाट पर सफाई करने के क्रम में यह हादसा हो गया। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने बदला इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

# यूपी मदरसा एक्ट संवैधानिक : सुप्रीम कोर्ट

- उच्च शिक्षा को लेकर यूपी मदरसा एक्ट के प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा को लेकर यूपी मदरसा एक्ट के प्रावधान को यूजीसी एक्ट के प्रतिकूल मानते हुए उस प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 22 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यूपी सरकार का कहना था कि मदरसा एक्ट को पूरी तरह रद्द करने का फैसला ठीक नहीं था। इसके सिर्फ उन प्रावधानों की समीक्षा हो सकती है, जो मूल अधिकारों के खिलाफ जाते हैं। एक्ट में जरूरी बदलाव किए जा सकते हैं, पर इसे पूरी तरह रद्द करना ठीक नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट के इस आदेश से 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले पर विचार करते समय हाई कोर्ट ने कानून की गलत व्याख्या की। एक मदरसे के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य की ओर से दायर इस याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे मनमाना बताया गया था। याचिका में कहा गया है कि इस फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। लिहाजा, जब तक सुप्रीम कोर्ट मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता पर फैसला लेता है, तब तक हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगे। दरअसल, 22 मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया था। मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए ये कानून पारित किया गया था। हाई कोर्ट ने राज्य में मदरसों और उनमें पढ़ने वाले छात्रों की बड़ी संख्या के मद्देनजर यूपी सरकार से कहा था कि वो मदरसों में पढ़ रहे बच्चों को औपचारिक शिक्षा देने वाले दूसरे स्कूलों में शामिल करें। इसके लिए अगर जरूरत हो तो नए स्कूल खोले जाएं। अक्टूबर 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसों की विदेश से हो रही फंडिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में 8 हजार मदरसों पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। रिपोर्ट के मुताबिक सीमावर्ती इलाकों में 80 मदरसों को 100 करोड़ से ज्यादा का विदेशी फंड मिला है।

## हर निजी संपत्ति नहीं ले सकती सरकार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** क्या सरकार को निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर उसका दोबारा वितरण करने का अधिकार है। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति कह कर अधिग्रहण नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति की स्थिति, सार्वजनिक हित में उसकी जरूरत और उसकी कमी जैसे सवालों पर विचार जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को बहुमत से खारिज कर दिया, जिसमें सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित नहीं किया जा सकता है। भले ही राज्य उन संसाधनों पर दावा कर सकता है जो सामग्री हैं और समुदाय द्वारा सार्वजनिक भलाई के लिए हैं। चीफ जस्टिस ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि पुराना फैसला विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम मानते हैं कि अनुच्छेद 31सी को केशवानंद भारती मामले में जिस हद तक बरकरार रखा गया था, वह बरकरार है और हम सभी इस पर एकमत हैं। अनुच्छेद 31सी लागू रहेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रॉपर्टी के निरस्तीकरण को प्रभावी बनाना और अधिनियमन नहीं करना विधायी इरादे से मेल नहीं खाता और ऐसा करना मूल प्रावधान को छोटा कर देगा। कोर्ट ने कहा कि 42वें संशोधन की धारा चार का उद्देश्य अनुच्छेद 39बी को निरस्त करना और उसी समय प्रतिस्थापित करना था। सभी निजी संपति समुदाय के भौतिक संसाधन नहीं हो सकते। हालांकि, कुछ संपति भौतिक ससाधन हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर झुकाव था, लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से दूर है, बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है। पिछले 30 सालों में गतिशील आर्थिक नीति अपनाने से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।




## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षकारों से जवाब मांगा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में ट्रायल कोर्ट से हाई कोर्ट ट्रांसफर की गई 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई टाल दी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस पहलू पर पक्षकारों से जवाब मांगा कि हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका क्या हाई कोर्ट में ही हो सकती है। इस मामले में हिंदू पक्ष ने पहले ही कैविएट दाखिल कर रखी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 1 अगस्त को मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले में 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। हाई कोर्ट ने इन 18 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की मांग भी मंजूर कर ली थी। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल इन 18 याचिकाओं में विवादित स्थल को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बता कर उसे हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई है।

# मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मौलाना महमूद मदनी ने किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मंगलवार को मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। हमारी अदालतों और खास तौर पर निचली अदालतों से शिकायत है कि उनके फैसले बहुत से मामलों में इंसाफ के खिलाफ आते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह का एक फैसला हाईकोर्ट ने किया था, जिसमें इनको गैरकानूनी करार दिया गया था और मदरसे को चलाने के निजाम को ही असंवैधानिक कहा गया था। आज सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ऑब्जरवेशन के साथ एक अच्छा फैसला किया है। हम इस फैसला का स्वागत करते हैं। सीजेआई ने अपने ऑब्जरवेशन में कहा है कि जियो और जीने दो। ये जुमला बहुत मायने रखता है। आज की तारीख में भारत का मुसलमान खुद को हतोत्साहित महसूस (डेमोरलाइज्ड फील) कर रहा है। इसके तमाम कारण हैं। ऐसे में मैं समझता है कि ये फैसला सभी के लिए इत्मीनान बख्श होगा। मैं यूपी मदरसा बोर्ड एसोसिएशन, टीचर्स एसोसिएशन को उनकी लड़ाई के लिए मुबारकबाद देता हूं। बता दें कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश का मदरसा एक्ट संवैधानिक है या असंवैधानिक फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट 2004 को संवैधानिक घोषित कर दिया। हालांकि, कुछ प्रावधानों को छोड़ा गया है लेकिन 'यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004' की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा गया है। डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

## महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित बनाने का लक्ष्य

- रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे एफआर कैमरे, एआई तकनीक की मदद से करेंगे संदिग्धों की पहचान

**एजेंसी। प्रयागराज**

महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित महाकुंभ बनाने का लक्ष्य डबल इंजन सरकार ने रखा है। इसके तहत न केवल मेला क्षेत्र बल्कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा और व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मंडल द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजक तत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं। एफआर कैमरे एआई तकनीक से काम करते हैं। प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महाकुंभ को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रयागराज रेल मंडल सुरक्षा के सारे इंतजामों के साथ एआई बेस्ड एफआर कैमरे भी लगा रहा है। फेस रिकग्निशन या एफआर कैमरे एआई तकनीक की मदद से चेहरे की पहचान करने में सक्षम होते हैं। ये आसानी से संदिग्धों को भीड़ में भी पहचान कर तलाश लेते हैं। जिससे भीड़ में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों या भगदड़ जैसी स्थिति को बनने से पहले काबू किया जा सकता है। एफआर कैमरे किसी भी असामान्य घटना को आसानी से पकड़ सकते हैं, उन पर तत्काल प्रतिक्रिया कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रयागराज रेल मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए लगभग 650 सीसीटीवी कैमरों के साथ पहली बार 100 एफआर कैमरे भी लगाए जाएंगे।

## हैदराबाद में एक और मंदिर में तोड़फोड़, पुलिस जांच में जुटी

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाहरी इलाके शमशाबाद में एक मंदिर में मंगलवार को तोड़फोड़ की गई। सुबह जब एयरपोर्ट कॉलोनी स्थित मंदिर के पुजारी दैनिक अनुष्ठान के लिए आए तो उन्हें मूर्तियां खंडित मिलीं। पुजारी और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को संदेह है कि शरारती तत्वों ने सोमवार देर रात मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर स्थानीय भाजपा नेता भी मंदिर पहुंचे और इस मामले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की। पुलिस ने कथित तौर पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बता दें कि तीन हफ्ते पहले सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी। 14 अक्टूबर को मार्केट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुम्मारगुडा स्थित श्री मुथ्यालम्मा मंदिर में एक व्यक्ति ने घुसकर मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### चावल, मक्का और मूंगफली के भी रिकार्ड उत्पादन का है अनुमान

# खरीफ की मुख्य फसलों का होगा 1647 लाख टन रिकार्ड उत्पादन

- चार मुख्य राज्यों के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे आधारित क्षेत्रफल का प्रयोग

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए मुख्य कृषि फसलों (केवल खरीफ) के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिए गए हैं। ये अनुमान मुख्यतः राज्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली में बताया गया कि राज्यों से प्राप्त फसलों के क्षेत्रफल को रिमोट सेंसिंग, साप्ताहिक फसल मौसम निगरानी समूह और अन्य एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के साथ सत्यापित किया गया है। इसके अलावा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने उद्योग और अन्य सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान खरीफ मौसम के लिए उनकी राय और विचार प्राप्त करने के लिए हितधारक परामर्श करने की पहल की है। अनुमानों को अंतिम रूप देते समय इन पर भी विचार किया गया है। पहली बार डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत राज्य सरकारों के सहयोग से किए जा रहे डिजिटल क्राप सर्वे (डीसीएस) के आंकड़ों का उपयोग क्षेत्रफल के अनुमानों को तैयार करने के लिए किया गया है। यह सर्वे, जो मैनुअल गिरदावरी प्रणाली को प्रतिस्थापित करने के लिए परिकल्पित किया गया है, मजबूत फसल क्षेत्रफल अनुमान प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा राज्यों जिसमें खरीफ 2024 में शत प्रतिशत जिलों को डीसीएस के अंतर्गत कवर किया गया है। परिणामस्वरूप विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में चावल के अंतर्गत क्षेत्रफल में काफी वृद्धि हुई है। प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2024-25 के दौरान कुल खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1647.05 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 89.37 लाख टन अधिक एवं औसत खरीफ खाद्यान्न उत्?पादन की तुलना में 124.59 लाख टन अधिक है। चावल, ज्वार और मक्का के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई। वर्ष 2024-25 के दौरान खरीफ चावल का उत्पादन 1199.34 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 66.75 लाख टन अधिक एवं औसत खरीफ चावल उत्पादन से 114.83 लाख टन अधिक है। खरीफ मक्का का उत्पादन 245.41 लाख टन एवं खरीफ पोषक यानी मोटे अनाजों का उत्पादन 378.18 लाख टन अनुमानित है। इसके अलावा 2024-25 के दौरान कुल खरीफ दलहनों का उत्पादन 69.54 लाख टन अनुमानित है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन उत्पादन 257.45 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के खरीफ तिलहन उत्पादन की तुलना में 15.83 लाख टन अधिक है। वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ मूंगफली का उत्पादन 103.60 लाख टन एवं सोयाबीन का उत्पादन 133.60 लाख टन अनुमानित है। इस दौरान देश में गन्ने का उत्पादन 4399.30 लाख टन अनुमानित है। कपास का उत्पादन 299.26 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा.) अनुमानित है। पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 84.56 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 किग्रा) अनुमानित है। फसलों की उपज के अनुमान मुख्य रूप से पिछली प्रवृत्तियों तथा सामान्य उपज, अन्य जमीनी स्तर के इनपुट और अपेक्षाओं पर आधारित हैं। यह उपज फसल कटाई समय के दौरान फसल कटाई प्रयोगों के जरिए प्राप्त वास्तविक उपज के आधार पर संशोधित की जाएगी, जो अंततः उत्पादन अनुमानों में परिलक्षित होगी।

### खरीफ फसलों के उत्पादन का अनुमानित विवरण

**खरीफ**
- चावल : 1199.34 लाख टन (रिकार्ड)
- मक्का : 245.41 लाख टन (रिकार्ड)
- पोषक/मोटे अनाज : 378.18 लाख टन
- कुल खरीफ खाद्यान्न : 1647.05 लाख टन (रिकार्ड)

**दलहन**
- तूर : 35.02 लाख टन
- उड़द : 12.09 लाख टन
- मूंग : 13.83 लाख टन
- कुल दलहन : 69.54 लाख टन

**तिलहन**
- मूंगफली : 103.60 लाख टन
- सोयाबीन : 133.60 लाख टन
- कुल तिलहन : 257.45 लाख टन

**अन्य फसलें :**
- गन्ना : 4399.30 लाख टन
- कपास : 299.26 लाख गांठें (प्रति गांठ 170 कि.ग्रा.)
- पटसन एवं मेस्ता : 84.56 लाख गांठें (प्रति गांठ 180 कि.ग्रा.)

# नए कानून समकालीन समाज की चुनौतियों का समाधान करते हैं : लोकसभा अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून सदन और स्थायी समिति में विस्तृत विचार-विमर्श और जनभागीदारी के बाद पारित किए गए हैं। तीनों नए आपराधिक कानून समकालीन समाज की चुनौतियों और आशाओं के अनुरूप हैं। इन कानूनों के विषय में जानकारी देने के लिए संसद भवन परिसर में संवैधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 83 दूतावासों के 135 राजनयिकों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि टेक्नोलॉजी और अपराधों के स्वरूप में आए बदलावों के अनुरूप इन कानूनों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कानून अंतिम व्यक्ति को न्याय का अधिकार देता है और आम जनता न्यायाधीश को भगवान के रूप में देखती है। न्याय पर जनता का अति विश्वास है, जो 75 वर्षों की यात्रा में और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक माहौल में एक-दूसरे के देशों के कानूनी ढांचे और मूल्यों को समझना जरूरी है। इससे राजनयिक दक्षता और राष्ट्रों के बीच आपसी समझ बढ़ती है। बिरला ने कार्यक्रम में भाग ले रहे विभिन्न देशों के राजनयिकों को सुझाव दिया कि वे भारत के लीगल स्ट्रक्चर, संसद की कार्यवाही और भारत के डेमोक्रेटिक सिस्टम की समझ रखें। बिरला ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में हमारी विधायी प्रक्रिया में जनता का विश्वास लगातार बढ़ा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती और शासन की बढ़ती जवाबदेही को दर्शाता है। विधायी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता से यह विकास हुआ है। विधि निमार्ताओं ने समाज की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार काम किया है, अधिकारों की रक्षा करने वाले, न्याय को बढ़ावा देने वाले और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले कानून बनाए हैं।

## शरद पवार ने संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का दिया संकेत

**एजेंसी। मुंबई (हि.स.)**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का इरादा व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके राज्यसभा के कार्यकाल का डेढ़ साल बचा है, इसलिए अब मुझे दोबारा राज्यसभा में जाने के लिए सोचना होगा। पार्टी के भीतर नया नेतृत्व तैयार करना जरूरी है, इसलिए उन्होंने यह पहल खुद से करने का निर्णय लिया है। बारामती विधानसभा में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि उन्होंने 1967 से संसदीय राजनीति शुरू की और इसी क्षेत्र से विधायक बने थे। मैं तीस साल बाद अजीत पवार को इस क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपकर केंद्रीय राजनीति में चला गया था। शरद पवार ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा दोनों जगह कुल मिलाकर मैंने 14 बार चुनाव लड़ा और आप लोगों ने मुझे घर नहीं बैठाया। मैंने चुनाव न लड़ने का निर्णय पहले ही ले लिया था।

## वाराणसी में पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के भेलूपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक व्यक्ति ने पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। मंगलवार को मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। पुलिस के मुताबिक भदैनी गांव में रहने वाले राजेन्द्र गुप्ता ने पत्नी नीतू (45), बेटे नवेन्द्र गुप्ता (25), सुबेंद्र गुप्ता (15) और बेटी गौरंगी गुप्ता (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह फरार हो गया। राजेंद्र के घर में 20 किरायेदार रहते हैं, लेकिन किसी को भी भनक नहीं लगी।

## भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा




**नई दिल्ली।** भारत को खेल महाशक्ति बनाने के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 1 अक्टूबर को भावी मेजबान आयोग, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा है, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की गई है। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, भारत में 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

सूत्र ने कहा, यह महत्वपूर्ण अवसर देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पर्याप्त लाभ ला सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अवसरों पर 2036 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी में भारत की रुचि व्यक्त की है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर पेरिस ओलंपिक के खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे 2036 में होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियों के लिए अपने सुझाव देने को कहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में, पिछले ओलंपिक में खेल चुके खिलाड़ियों से मिले सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी ने कई चीजों को देखा और अनुभव किया होगा। हम इसे दस्तावेज में दर्ज करना चाहते हैं और सरकार के साथ साझा करना चाहते हैं, ताकि 2036 की तैयारी में हम कोई छोटी-मोटी जानकारी न चूकें।

## हॉकी इंडिया लीग ने अपनी वेबसाइट का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने मंगलवार को 2024-2025 के एचआईएल वेबसाइट का शुभारंभ और बहुप्रतीक्षित सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की। 28 दिसंबर को एचआईएल का पहला मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच खेला जाएगा। हाल ही में लॉन्च की गई एचआईएल वेबसाइट के जरिये दुनिया भर के प्रशंसकों को लीग की ताजा खबरें, मैच शेड्यूल, पूरी टीम की सूची और विशेष वीडियो प्रदान की जाएंगी। एक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई, यह वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीजों के लिए अंतिम स्रोत होगी, जो प्रशंसकों, खिलाड़ियों और हॉकी के प्रति उत्साही लोगों को पहले से कहीं ज्यादा खेल के करीब रखेगी।

## पाकिस्तान को एडिलेड में छोटी बाउंड्री के साथ रणनीति बदलनी पड़ सकती है: मैथ्यू शॉर्ट

**एडिलेड (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को लगता है कि वनडे सीरीज के पहले मैच में शॉर्ट बॉलिंग करने की पाकिस्तान की रणनीति एडिलेड में दूसरे मैच में काम नहीं आएगी, क्योंकि चौकोर बाउंड्री छोटी हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने लगातार गेंदों पर मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट लेकर शॉर्ट बॉलिंग का फायदा उठाया, जिससे मेजबान टीम को 204 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन पैट कमिंस ने शानदार मैच जिताऊ पारी खेलकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड में जाने से पहले एमोरिम ने कहा- गार्डियोला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच




**लिस्बन(हि.स.)।** स्पोर्टिंग लिस्बन के कोच रूबेन एमोरिम, जो अगले सप्ताह मैनचेस्टर यूनाइटेड का कार्यभार संभालेंगे, ने सोमवार को मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को विश्व का सर्वश्रेष्ठ कोच बताया। पुर्तगाली खिताब धारक मंगलवार को चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी का सामना करेंगे, जो स्पोर्टिंग के प्रभारी एमोरिम के अंतिम मैच से पहले होगा। एमोरिम ने सोमवार को स्पोर्ट टीवी से कहा,मैनचेस्टर सिटी के पास दुनिया की सबसे अच्छी टीम और दुनिया का सबसे अच्छा कोच है। मैनचेस्टर सिटी ने 2022 में प्रतियोगिता के अंतिम 16 में स्पोर्टिंग को कुल मिलाकर 5-0 से हराया और एमोरिम ने कहा कि तब से एक कोच के रूप में सुधार के बावजूद, उनके और गार्डियोला के बीच अभी भी एक अंतर है। एमोरिम ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अब एक बेहतर कोच हूं, दुर्भाग्य से मुझे लगता है कि पेप गार्डियोला भी एक बेहतर कोच बन गए हैं, इसलिए अंतर बना हुआ है। पेप गार्डियोला हम में से कई कोचों के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत थे। सिटी ने लगातार चार सीजन प्रीमियर लीग जीती है, रिकॉर्ड 20 बार के इंग्लिश चैंपियन मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आखिरी बार 2013 में इसे जीता था, जब मैनेजरियल महान एलेक्स फर्ग्यूसन शीर्ष पर थे। गार्डियोला ने 2023 में सिटी के साथ चैंपियंस लीग जीती और यूनाइटेड के प्रतिद्वंद्वियों को छह लीग जीत दिलाई। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पोर्टिंग को 11 मिलियन यूरो (12 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया ताकि यूरोपीय फुटबॉल में सबसे रोमांचक और उच्च श्रेणी के युवा कोचों में से एक को सुरक्षित किया जा सके।

# भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब जीता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। उन्हें उम्मीद है कि यह खिताब अधिक भारतीय मुक्केबाजों को पेशेवर बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह खिताब देश के अन्य मुक्केबाजों के लिए रास्ता खोलेगा और वे पेशेवर मुक्केबाजी में अपना करियर बनाने का फैसला भी करेंगे। हमारे मुक्केबाज अच्छे हैं और उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें अच्छे प्रमोटर और मैनेजर मिलें तो वे विश्व चैंपियन भी बन सकते हैं।'

> जांगड़ा ने कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।



**जांगड़ा ने करियर में अभी तक**

**12** मुकाबलों में से 11 जीते हैं। / **7** नॉकआउट जीत शामिल है।

### फिर चोटिल हुए ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार

**रियाद।** चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए। नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया।

## भारत की डब्लूटीसी फाइनल की राह हुई मुश्किल, ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराना होगा

**दुबई,(आईएएनएस)।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) चक्र में अभी 18 टेस्ट बचे हैं और पांच टीम अभी भी फाइनल की दावेदार है और किसी भी टीम का शीर्ष दो स्थान पक्का नहीं है। आइए देखते हैं कि भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए क्या करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों में मिली हार का मतलब यह है कि भारत का अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाले डब्लूटीसी फाइनल में स्थान खतरे में आ गया है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराने की दरकार है।




चार जीत और एक ड्रॉ से भारत के अंक प्रतिशत 65.79 हो जाएंगे। वहीं अगर न्यूजीलैंड इंग्लैंड को 3-0 से हरा देता है तो न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 64.29 होगा।अभी मामला यह है कि अगर दक्षिण अफ्रीका श्रीलंका और पाकिस्तान को 2-0 से हरा देता है तो उसके पास 69.44 फीसदी अंक होंगे। वैसे भी डब्लूटीसी की अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका के पास सबसे ज्यादा अंक होंगे और दूसरे स्थान पर भारत होगा। हालांकि यह सिनारियो उस बात पर निर्भर है कि अन्य टीम कैसे अपने अंक बढ़ाती हैं। अगर ऐसा नहीं होता है तो तब भी भारत कम अंक से फाइनल में पहुंच सकता है। उदाहरण के तौर पर अगर आने वाली सीरीज के ये परिणाम रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया से भारत 2-3 से हारे न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच सीरीज 1-1 पर रहे। दक्षिण अफ्रीका घर की दोनों सीरीज में 1-1 से ड्रॉ करे।

## हमारा लक्ष्य केएल राहुल पर अधिक दबाव बनाना होगा: बोलैंड



**मेलबर्न (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में केएल राहुल पर दबाव बनाने की कोशिश में हैं। केएल राहुल और रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करने से पहले वहां परिस्थितियां का स्वाद चखने के लिए भारत ए मैचों में भाग लेने का फैसला किया है। राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला था, जिसके बाद शुभमन गिल को श्रृंखला के शेष दो मैचों में उनकी जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। कप्तान रोहित शर्मा के निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरूआती मैचों से बाहर रहने की संभावना है, ऐसे में राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल होने का मौका है।

## भारत में न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक सीरीज जीत कप्तान टॉम लैथम की असली पहचान: क्रेग




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** टीम इंडिया के घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत ने क्रिकेट जगत में हलचल तेज कर दी है। इसको लेकर कोच क्रेग कमिंग का मानना है कि टॉम लैथम की कप्तानी न्यूजीलैंड की भारत में पहली टेस्ट श्रृंखला जीत के पीछे एक मुख्य कारण थी। भारत का इस हार से 2012 में इंग्लैंड से 2-1 से हारने के बाद से लगातार 18 श्रृंखला जीतने का घरेलू क्रम टूट गया। अपनी ऐतिहासिक जीत के साथ, न्यूजीलैंड 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद पहली बार घर में भारत को श्रृंखला में हराने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बाद 3 या अधिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत को हराने वाली कुल चौथी टीम बन गई।

## हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंची




**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयी जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था। इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें जबकि श्रृंखला के तीसरे मैच में 86 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे 12 स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गयी है।

## मलेशिया के साथ दोस्ताना मैच के लिए भारत के 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय सीनियर फुटबॉल पुरुष टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्क्वेज ने हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी गाचीबावली स्टेडियम में 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ खेले जाने वाले फीफा अंतर्राष्ट्रीय दोस्ताना मैच के लिए मंगलवार को 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की।

टीम 11 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर के लिए हैदराबाद में एकत्र होगी। पिछले महीने, भारत ने नाम दिन्ह के थिएन ट्रुओंग स्टेडियम में एक अंतर्राष्ट्रीय दोस्ताना मैच में वियतनाम को 1-1 से बराबरी पर रोका था।

**संभावित टीम:-**

**गोलकीपर:** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू, विशाल कैथ।

**डिफेंडर:** आकाश सांगवान, अनवर अली, आशीष राय, चिंगलेनसाना सिंह कोंशाम, हेमिंगथनमाविया राल्ते, मेहताब सिंह, राहुल भेके, रोशन सिंह नोरेम, संदेश झिंगन।

**मिडफील्डर:** अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, जेकसन सिंह थौनाओजम, जितिन एमएस, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलासो, सुरेश सिंह वांगजाम, विबिन मोहनन।

### प्राइम टेबल टेनिस लीग के तीसरे सत्र की मेजबानी करेगा इंदौर

**इंदौर (हि.स.)।** महाराष्ट्र में दो सत्रों की जबरदस्त सफलता के बाद, प्राइम टेबल टेनिस लीग (पीटीटी) का आयोजन मध्य प्रदेश मध्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से इंदौर में किया जाएगा। आगामी लीग 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक इंदौर के प्रतिष्ठित अभय प्रशाल क्लब में आयोजित की जाएगी। रविवार को आयोजित हालिया खिलाड़ी नीलामी में आठ टीमों क्लिपर्स, निंजा, सेंसेशन, स्पार्टन्स,



# भारत में बैंक जमा वृद्धि पिछले 30 महीनों में पहली बार क्रेडिट ऑफटेक से ज्यादा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिसंबर 2023 की तुलना में बैंक जमा 18 अक्टूबर तक 8.6 फीसद बढ़कर 218.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सालाना आधार पर पिछले 30 महीनों में पहली बार जमा वृद्धि ने क्रेडिट ऑफ टेक को पीछे छोड़ दिया है। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि का कारण शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (एससीबी) की सावधि जमा दरों में बढ़ोतरी रहा है। कुल मिलाकर, पिछले नौ महीनों में जमा राशियों में 17.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 2025 में जमा राशि प्रमुख बनी हुई है, क्योंकि बैंकों ने अपनी देयता फ्रैंचाइजी को मजबूत करने के प्रयास बढ़ा दिए हैं। बैंक अधिक लागत पर जमा प्रमाणपत्रों के माध्यम से भी धन जुटा रहे हैं। सितंबर 2023 से क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी) अनुपात 80 प्रतिशत के आसपास रहा था। 18 अक्टूबर को समाप्त पखवाड़े के लिए सीडी अनुपात में मामूली वृद्धि देखी गई और यह 79.0 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दिसंबर 2023 में यह 79.5 प्रतिशत था।

इसके अलावा, दिसंबर 2023 के साथ विकास दर की तुलना करने पर, जमा वृद्धि क्रेडिट ऑफटेक से आगे निकल गई है। दिसंबर 2023 की तुलना में क्रेडिट ऑफटेक 8 प्रतिशत बढ़कर 18 अक्टूबर तक 172.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है, इस वृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान मॉर्गेज और एमएसएमई का है।

शॉर्ट-टर्म वेटेड एवरेज कॉल रेट इस साल 18 अक्टूबर तक घटकर 6.43 प्रतिशत हो गई है, जबकि 27 अक्टूबर, 2023 तक यह 6.74 प्रतिशत थी, जो सरप्लस लिक्विडिटी का संकेत है। सालाना आधार पर प्रदर्शन के आधार पर, क्रेडिट में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो पिछले साल की 19.7 प्रतिशत की दर से कम है। इस बीच, जमा में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले साल यह 13.4 प्रतिशत थी।



**पिछले नौ महीनों में जमा राशियों में 17.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है**

**दिसंबर 2023 के साथ विकास दर की तुलना करने पर, जमा वृद्धि क्रेडिट ऑफटेक से आगे निकल गई है**

**शॉर्ट-टर्म वेटेड एवरेज कॉल रेट इस साल 18 अक्टूबर तक घटकर 6.43 प्रतिशत हो गई है**

## सेजिलिटी इंडिया का आईपीओ खुला निवेशक 07 नवंबर तक लगा सकेंगे बोली

**मुंबई/नई दिल्ली(हि.स.)।** बेंगलुरु स्थित स्वास्थ्य सेवा केंद्रित सेवा प्रदाता कंपनी सेजिलिटी इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 05 नवंबर को निवेशकों के लिए खुल गया। इस इश्यू के लिए निवेशक 07 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं।

कंपनी के शेयर 12 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होंगे। सेजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने इस आईपीओ के लिए मूल?य का दायरा (प्राइस बैंड) 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 500 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 500 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 2,107 करोड़ रुपये जुटाने की है। स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी सेजिलिटी इंडिया लिमिटेड का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक इकाई सेजिलिटी बीवी द्वारा 70.22 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश पर आधारित है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर निर्गम का मूल्य 2,106.60 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इस आईपीओ के प्रस्ताव में कर्मचारी आरक्षण प्रक्रिया में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए 2 रुपये की छूट शामिल है।

### शुरूआती गिरावट के बाद शेयर बाजार की शानदार रिकवरी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती गिरावट का सामना करने के बाद दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी के सपोर्ट से शानदार रिकवरी की। आज का कारोबार शुरू होने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार 0.60 प्रतिशत से भी ज्यादा लुढ़क गया था लेकिन दिन के दूसरे सत्र में हुई जोरदार खरीदारी ने शेयर बाजार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,200 अंक से अधिक और निफ्टी 385 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.88 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

## सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भरता निवेशकों के लिए प्रमुख जोखिम : ब्रोकरेज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रित आय, सरकारी ट्रांसमिशन ग्रिड और इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भरता और कंपनी का विकास परियोजनाओं की बोलियों पर निर्भर करना एक्मे सोलर होल्डिंग्स आईपीओ में बड़े जोखिम हैं। यह जानकारी मंगलवार को ब्रोकरेज फर्म द्वारा दी गई। एक्मे सोलर होल्डिंग्स के आईपीओ का इश्यू साइज 2,900 करोड़ रुपये है। इसमें 2,395 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 505 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है। बजाज ब्रोकिंग की ओर से जारी नोट में कहा गया कि कंपनी का फोकस बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास,




निर्माण, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव पर है।

कंपनी द्वारा इन परियोजनाओं को अपने आंतरिक इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) और संचालन व रखरखाव (ओएंडएम) टीम के माध्यम से पूरा किया जाता है। कंपनी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा समर्थित ग्राहकों सहित विभिन्न ग्राहकों को बिजली बेचकर आय अर्जित करती है।

## शाओमी इंडिया के मुरलीकृष्णन कंपनी में साल के अंत तक ही संभालेंगे अध्यक्ष पद



**बेंगलुरू,(आईएएनएस)।** शाओमी इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वर्तमान अध्यक्ष मुरलीकृष्णन बी. इस साल के अंत तक ही अपने पद पर कार्यरत रहेंगे। कंपनी ने जानकारी दी कि वे एकेडमिक रिसर्च को लेकर अपने पैशन के चलते कंपनी में इस साल के अंत तक ही काम करेंगे। सुधीन माथुर जिन्हें कि इंडस्ट्री में 30 वर्ष से ज्यादा का अनुभव है, सीओओ के रूप में प्रमुख कार्यों को लीड करेंगे। वहीं, सीएफओ के रूप में समीर राव, सीपीओ के रूप में वरुण मदान और सीएमओ के रूप में अनुज शर्मा शाओमी में हाई-क्वालिटी टेक्नोलॉजी एक्सपीरियंस को लेकर कंपनी में काम करेंगे। समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग के अध्यक्ष एडम जेंग ने कहा, मुरली के नेतृत्व में, शाओमी ने भारत में सफलता हासिल की है, टेक्नोलॉजी को लेकर कंपनी एक प्रमुख प्लेयर बनी हुई है और लाखों लोगों को उत्पादों से जोड़ रही है। जेंग ने कहा, हम उनके योगदान की गहराई से सराहना करते हैं और भारत की विकास यात्रा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी के साथ छह से अधिक वर्षों तक काम करने के बाद, मुरली एकेडमिक रिसर्च के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जो 'मैनेजमेंट में एग्जीक्यूटिव डॉक्टरेट' पर केंद्रित है, जहां उनका लक्ष्य 'टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म पर उपभोक्ता व्यवहार' में अपनी विशेषज्ञता को और गहन करना है। कंपनी ने कहा कि मुरली स्वतंत्र रणनीतिक सलाहकार के रूप में शाओमी इंडिया को समर्थन देना जारी रखेंगे। वह 2018 में शाओमी इंडिया में शामिल हुए और 2022 में अध्यक्ष के पद पर पदोन्नत होने से पहले मुख्य परिचालन अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर रहे।

# गंगा स्नान के साथ व्रतियों ने प्रारंभ किया चार दिवसीय छठ महापर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** तलाबों, नदी घाटों में छठ व्रतियों ने गंगा स्नान करने के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ का शुभारंभ मंगलवार से किया। छाठ पूजा को लेकर गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के लोटर डेम छठ घाट, सलगा के बेलवा घाट छठ घाट, गांगपुर तालाब, द्वारी, पेक्सा, बारिसाखी, ढडुआ आदि दर्जनों छठ घाट में महिलाओं व व्रतियों ने गंगा स्नान किया। गंगा स्नान करने के बाद भोजन में कच्चा चावल के भात चने की दाल एवं लौकी के सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण कर पर्व का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि कार्तिक माह शुक्ला पक्ष के चतुर्थी से लोक आस्था और सूर्योपासना का सबसे बडा महापर्व रवि षष्ठी व्रत छठ महापर्व प्रारंभ हो गया है। चार दिवसीय इस महापर्व का शुभारंभ नहाय-खाय (संयत) से किया गया है। जबकि बुधवार प्रथम पहर संध्या में खरना होगा। व्रती दिनभर उपवास रख संध्या बेला में भगवान सूर्य नारायण की विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें खीर का भोग लगाएंगी और पूजा के बाद इस व्रत का निर्जला उपवास प्रारंभ होगा। इस महापर्व में 36 घंटे का अखंड निर्जला उपवास होता है। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पण किए जाएंगे। वहीं शुक्रवार को उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही इस व्रत का पारण एवं विसर्जन किया जाएगा। सबसे बड़ी बात की रवि षष्ठी व्रत अर्थात छठ महापर्व के दोनों अर्घ्य के दिन इस बार रवि योग का संयोग बन रहा है। यह योग सूर्य उपासना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है।



## नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ, भक्तिमय माहौल



**लातेहार।** छठ महापर्व का आगाज मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हो गया। श्रद्धालुओं ने गारू के विभिन्न घाटों पर पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की और व्रत का संकल्प लिया। इस अवसर पर घाटों पर भारी भीड़ देखी गई, जहां व्रतियों ने स्वच्छता और भक्ति भाव के साथ पूजा की। छठ महापर्व की शुरूआत के पहले दिन नहाय-खाय के अनुष्ठान के तहत व्रतियों ने कद्दू-भात का शुद्ध भोजन ग्रहण किया। इस पूजा के साथ चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व की रस्मों की शुरूआत हो गई है। बुधवार को खरना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ और चावल से बनी खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद दो दिनों तक निर्जला व्रत रखा जाएगा। गुरुवार को व्रती संध्या अर्घ्य में डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, और शुक्रवार को प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन करेंगे।

## मुखिया व उप मुखिया की पहल पर की गई छठ घाट की साफ-सफाई

**बारियातु।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत, टोंटी, पिपराडीह हेसाला, एवं इटके ग्राम के कटहल स्थित छठ घाट का मुखिया शांति देवी व उप मुखिया जितेंद्र साव के पहल पर छठ घाट का साफ सफाई जेसीबी की माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि आस्था का महापर्व छठ पूजा की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर छठ घाटों में साफ-सफाई की जा रही है. छठ घाट का साफ-सफाई छठ व्रतियों की सुविधा के लिए किया जा रहा है. बरसात के कारण घाट की स्थिति बिगड़ जाती है। जिससे छठव्रती को परेशानी होती है।

# 2060 मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**पलामू (हि.स.)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को डालटनगंज के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में छत्तरपुर व विश्रामपुर विधानसभा के लिये कुल 2060 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें पीठासीन पदाधिकारी समेत पी 1, पी 2, पी 3 और पी 4 के मतदानकर्मी शामिल थे। सभी कर्मियों को 110 मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पाटीर्वार दिया गया, ताकि 13 नवंबर के दिन किसी प्रकार का कोई समस्या न रहे। छत्तरपुर व विश्रामपुर में मतदान कराने जाने वाले कर्मियों को पहले एक-दूसरे से परिचय प्राप्त करवाया गया, जिसके बाद सभी पार्टी आपस में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किये जिसके पश्चात सभी को पार्टी वार ग्रुप बनाकर ट्रेनिंग दी गयी। मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को मॉक पोल से लेकर दस्तावेजों की पैकिंग की विस्तृत जानकारी दी गयी। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक पोल, टेंडर वोट, प्रॉक्सी वोट, चैलेंज वोट मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने तथा मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षणार्थियों को छोटे समूह बनाकर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट की जानकारी दी गयी। सभी को टीम भावना के साथ काम करने की बात कही गयी ताकि किसी को कोई दिक्कत ना हो। पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम के विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी।

## मगध क्षेत्र के गोलीटांड़ में दो ट्रकों को अपराधियों ने किया आग के हवाले



**बालूमाथ।** एक बार फिर मगध कोल माइंस क्षेत्र में अपराधियों ने तांडव मचाया है। मंगलवार देर शाम को दो ट्रक को आग के हवाले कर दिया है। घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के गोलीटांड़ के पास का है। घटनास्थल पर झारखंड जनमुक्ति परिषद झारखंड के नाम से एक पर्चा भी छोड़ा गया है। पर्चा में संगठन के सबजनल कमांडर विक्रम जी ने क्षेत्र के कोयला कारोबारी ट्रांसपोर्टर, कोल माइन संचालक, कंस्ट्रक्शन कंपनी, एनटीपीसी एवं जमीन दलाल को चेतावनी दी है कहा है बिना इजाजत के काम किया तो इसका जिम्मेदार खुद होंगे. इस घटना के बाद से मगध माइंस क्षेत्र में दहशत है। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच अपराधियों को धर पकड़ करने के लिए छापेमारी की जा रही है। बता दें कि पहले भी मगध क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं घट चुकी है।

# झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की नजर : हेमंत सोरेन

**चतरा (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा की। सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा, जल-जंगल एवं जमीन पर है। वे बड़े पैमाने पर पूंजीपति मित्रों को स्थापित करना चाहते हैं और यहां के लोगों को विस्थापित करने की मंशा है। गरीबों और आदिवासियों का जल-जंगल, जमीन की बात एक जुमले की तरह बड़े-बड़े मंचों से वे बोलते हैं। इस राज्य में उद्योग से लेकर खनन में अपने व्यापारी मित्रों को बैठना चाहते हैं। यहां के आदिवासियों और मूल वासियों को बेदखल करने का इनकी सोची समझी षड्यंत्र है। ये आपके बीच घुसकर हमें बिखरने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में ये 20 वर्षों तक सिंहासन पर बैठे रहे। डबल इंजन की सरकार में यहां के लोगों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूंजीपतियों को मदद पहुंचाने के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार आज तक कितने आदिवासी, दलित, मूलवासी व अल्पसंख्यक का भला किए हैं। सिर्फ हिंदू व मुस्लिम करके लड़ाना चाहते हैं। घुसपैठ मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह राष्ट्र का मामला है। केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करती है। इस मामले पर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बताना चाहिए आखिर घुसपैठियों क्यों बढ़ रहे हैं। देश और सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार पर है। ऐसे में यह इस मसले को उछालकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। हमने राज्य में विस्थापन आयोग भी बनाया है। हर एक विस्थापित को हक-अधिकार देने का काम करेगी अबुआ सरकार। चतरा के लोगों ने विस्थापन का दर्द सहा है। भाजपा बतायें कि इनके लिए क्या किए। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक दर्जन मुख्यमंत्री, दो दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मंडराने लगे हैं। आसमान में जितने भी गिद्ध मंडरा रहे हैं तीर धनुष की वार से सभी को जमीन पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत बाबूलाल मरांडी व भाजपा सरकार ने किया।



## 'भाजपा समाज को बांट कर चुनाव जीतना चाह रही'

**लातेहार (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत लातेहार जिले के हेरहंज प्रखंड में मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जहां झामुमो के पक्ष में वोट मांगा, वहीं भाजपा नेताओं पर कटाक्ष भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को बांट कर चुनाव जीतना चाह रही है। परंतु, झारखंड की जनता भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों के दौरान उन्होंने झारखंड राज्य में यहां के लोगों के लिए जितने कार्य किए, जितनी योजनाएं चलाई, इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को ही मिला। भाजपा और उसके व्यापारी मित्र यह नहीं चाहते कि झारखंड के गरीबों का कल्याण हो।

## सेवामुक्त चौकीदार का ईलाज के अभाव में हुआ मौत

**रमना।** रमना पंचायत के रामगढ़ निवासी और मड़वनिया पंचायत के 45वर्षीय चौकीदार नंदेश्वर राम (भिरगु) कि मृत्यु ईलाज के क्रम में वंशीधरनगर अनुमंडलीय अस्पताल में हो गयी। जानकारी के अनुसार नंदेश्वर राम 2008 से ही चौकीदारी कर रहे थे। 2010 में चौकीदार के पद पर बहाल हुए थे। इसके बाद उच्च न्यायालय का हवाला देकर वर्ष 2016 में चौकीदारों को सेवामुक्त कर दिया गया था। इससे मृतक कुछ वर्षो तक जैसे-तैसे जिंदगी कि गाड़ी चलती रही। नौकरी के लिए न्यायालय के चक्कर लगाते-लगाते सारा जमा पूंजी खत्म हो गया। पिछले वर्षो से आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से ग्रसित थे। उनकी मौत की सूचना सुन कर ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों में विरंची पासवान रमुना मुखियापती, जसवंत पासवान गम्हरिया मुखिया पति, गोपाल राम सेवानिवृत सैनिक, मुन्ना राम, धर्मेंद्र पासवान, मंतोष पासवान, भोला चौकीदार शोकाकुल परिजनों को मिल कर ढाढसा बंधाया।

## पेज एक के शेष

### शंख नहीं बजने...

लेकिन मोदी जी ने 370 हटाकर समस्या का समाधान कर दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, कांग्रेस ने गरीबों को भूखा मरने और किसानों को आत्महत्या करने के लिए छोड़ दिया था। झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी को जब भी मौका मिला, इन्होंने गरीबों के पेट पर लात मारने का काम किया है। इन्होंने झारखंड के युवाओं को पलायन करने के लिए मजबूर किया। किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी ने प्राकृतिक संसाधनों पर लूट मचाने का काम किया। एक गरीब आदमी को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिलता, लेकिन बालू माफिया सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे है। यहां शराब माफिया, वन माफिया और भू माफिया सरकार के इशारे पर चल रहे है। इन भू माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा ही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एनडीए गठबंधन और इंडी गठबंधन दोनों अपनी गारंटियां दे रही हैं, लेकिन भाजपा की गारंटियों से फर्क है। मोदी जी की गारंटी में युवाओं को रोजगार, महिलाओं और किसानों को सम्मान और हर वर्ग का कल्याण शामिल है। भाजपा ने जो अपनी पांच गारंटी दी है, इनमें लक्ष्मी जोहार योजना के तहत आपनी बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही, एक साल मे दो सिलेंडर मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे। गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने की 11 तारीख को बहनो के खाते में 2100 रुपये भेजे जाएंगे। 21 लाख लोगों को पक्का घर और सभी परिवारों को घर बनाने के लिए मुफ्त बालू दिया जाएगा। युवा साथी भत्ता योजना के तहत ग्रैजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक हर महीने 2,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा देश के स्वाभिमान की गारंटी है, युवाओं के रोजगार की गारंटी है, महिलाओं के सम्मान की गारंटी भाजपा है। झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी ने प्रदेश में माफियाओं, अराजकता, सुरक्षा में सेंध को बढावा दिया है। इंडी गठबंधन देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

### झामुमो आदिवासी विरोधी ...

उन्होंने कहा कि झामुमो का अर्थ है, जेएमएम यानी जमकर मलाई मारो। झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी है। कहा कि इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। सिंह ने कहा, झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। झामुमो ने अपना घर भरने के लिए आदिवासी भाइयो को धोखा दिया है, इनके मंत्रियों और सांसद के पास करोड़ो रुपये पकड़े जाते है। लेकिन, आदिवासियों को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा सरकार ने दिया है। कहा कि आज देश का नाम मोदी के कारण पूरी दुनिया में गूंज रहा है। कहा कि धनतेरस के दिन हमने विदेश में रखा भारत का 102 टन सोना वापस लाया। अभी भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। लेकिन, जल्दी ही ये तीसरे स्थान पर होगा। कहा अमेरिका और चीन के बाद हम तीसरे पर स्थान होंगे। उन्होंने कहा कि, झामुमो सरकार के राज में लगातार घुसपैठिए बढ़ रहे है। रक्षा मंत्री ने हेमंत सोरेन से सवाल करते हुए कहा कि, बताएं आखिर आदिवासियों की आबादी 28 प्रतिशत कैसे रह गई। घुसपैठियों ने आदिवासी भाइयों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड में भाजपा की सरकार बना दीजिए, कोई आपकी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा, लगातार दो बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दीजिए, जिसके बाद झारखंड विकसित राज्यों को टक्कर देने लगेगा। उन्होने वन नेशन-वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से जनता का पैसा खर्च होता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए एक बिल लेकर आ रहे है, जिसको संसद में पास किया जाएगा। 62 हजार आदिवासी गांवों के विकास के लिए भाजपा एक योजना लेकर आई है। आदिवासी गरीब परिवारों के लिए जनमन योजना शुरू की गई है। आजाद भारत में वंदे भारत ट्रेन चलाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होने कहा झारखंड की जनता सत्ता परिवर्तन करेगी, उसके बाद भाजपा सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर देगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को इस बार पूरे देश में गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 400 से ज्यादा एकलव्य आवासीय विद्यालय बनाए जाएंगे।

### सीबीआई की छापेमारी...

आर्म्स एक्ट की धारा 27, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(5) और झारखंड खान एवं खनिज रियायत नियम 2004 की धारा 4/54 के तहत झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर तत्काल मामला दर्ज किया था।

**यहां हुई छापेमारी :** रांची में नेताओं व नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरियार आदि के ठिकानों पर छापेमारी। साहिबगंज के बड़हरवा में भगवान भगत के आवास व कार्यालय में छापेमारी। यहां से एक किलोग्राम सोना व नाइन एमएम के 61 कारतूस मिले। उधवा में पत्थर कारोबारी महताब आलम के आवास पर छापेमारी। यहां उनके भाई आफताब आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन व मोहम्मद अलाउद्दीन से पूछताछ हुई। मंडरो, मिर्जा चौकी के चार पत्थर कारोबारियों के यहां छापेमारी। एक कारोबारी रंजन वर्मा के ठिकाने से 47 लाख रुपये नकदी मिले। मिर्जा चौकी के पत्थर कारोबारी रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, टिंकल भगत व अवध किशोर सिंह उर्फ पतरू सिंह के यहां छापेमारी। बड़हरवा बस स्टैंड के समीप स्थित सुब्रोतो पाल के कार्यालय व बड़हरवा मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के घर छापेमारी। बड़हरवा प्रखंड के दुगार्पुर मुनिया होटल के पास पत्थर कारोबारी कृष्णा साह के आवास पर छापेमारी।

### रांची पुलिस की...

छापामारी के दौरान रामजी यादव के आवासीय घर के निचले तल्ले एवं दूसरे तल्ले पर बने कमरे से 67 लाख 62 हजार छह सौ बीस रुपये (67,62,620) नकद और जेवरात व बैंक से संबंधित दस्तावेज मिले। फिलहाल पुलिस मामले की और भी गहनता से जांच कर रही है।

### मशहूर लोक गायिका...

इस बार यह सच्ची खबर है, मां वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने लोगों से प्रार्थना जारी रखने की अपील करते हुए कहा था, बहुत बड़ी लड़ाई में मां जा चुकी हैं। और मुश्किल है, काफी मुश्किल है। इस बार काफी मुश्किल है। बस यही प्रार्थना कीजिए कि वह लड़कर बाहर आ सकें।

## अवैध देसी कट्टा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने अवैध देसी कट्टा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात करीब 10:30 बजे छतरपुर जपला रोड के उटवा ढोंढा के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया। जिसमें ब्लू रंग का मोटरसाइकिल संख्या जे एच 03 ए एफ 8481 पर सवार तीन युवकों से चेकिंग के दौरान एक देसी कट्टा तीन जिंदा गोली और दो मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की चेकिंग देखकर तीनों युवक भागने लगे। जिन्हें स्थानीय पुलिस बल के द्वारा दौड़कर पकड़ लिया गया। चेकिंग के दौरान युवकों के पास हथियार बरामद किया गया। गिरफ्तार तीनों युवक निरंजन सिंह, मुन्ना सिंह और उपेंद्र सिंह ग्राम पिण्डरही थाना छतरपुर के रहने वाले हैं। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान छतरपुर इंस्पेक्टर द्वारिका राम भी मौजूद रहे हैं।

## पलामू होम वोटिंग के तहत दो दिनों में घर बैठे 486 मतदाताओं ने डाले वोट



**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले के पांचों विधानसभा सीट के लिए तीन नवंबर से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र के कुल 1230 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है। इसी क्रम में 3 व 4 नवंबर को जिले के पांचों विधानसभा में कुल 486 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया। 3 नवंबर को 238 व 4 को 248 मतदाताओं ने अपने घर बैठे मताधिकार का प्रयोग किया। बीते रविवार और सोमवार को पांकी विधानसभा में 68, डालटनगंज में 90, विश्रामपुर में 100, छत्तरपुर में 32 और हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 26 बुजुर्ग मतदाताओं ने वोट डाले। इसी तरह पांकी विधानसभा में 13, डालटनगंज में 66, विश्रामपुर में 31, छत्तरपुर में 16 और हुसैनाबाद में 44 दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह अभियान 3 से 11 नवंबर तक चलाया जायेगा। मंगलवार को इस संबंध में जानकारी दी गयी।

### भाजपा के गढ़ में महागठबंधन की पुख्ता रणनीति

# जेएमएम कार्यकर्ता घर-घर लोगों से मिलकर मांग रहे समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा सीट भाजपा का गढ़ माना जाता है। लेकिन यहां इस बार महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा के कार्यकर्ता घेरने की पुख्ता रणनीति तैयार की है। साल 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में सिमरिया से भाजपा उम्मीदवार किशुन कुमार दास को उस समय आजसू पार्टी के उम्मीदवार के रुप में मनोज कुमार चंद्रा ने कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन इस वर्ष 2024 झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो और महागठबंधन ने भाजपा के अभेद किले को ध्वस्त करने की सारी रणनीति बनाई है, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सिमरिया सीट के लिए पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान की तिथि को तय कि गई है और चुनाव प्रचार जोरों पर हैं। ज्ञात हो कि सिमरिया विधानसभा 1977 में अस्तित्व में आया था। उसे समय से चार बार सिमरिया से भाजपा के वर्तमान प्रत्याशी उज्जवल दास के पिता उपेंद्र दास सिमरिया से विधायक रह चुके हैं और विधायक रहने के दौरान 2007 में उनका निधन हुआ था। उपेंद्र दास पहली बार जनता पार्टी के टिकट से जीत हासिल की थी और तीन बार बीजेपी के टिकट पर। लेकिन इस बार जेएमएम नेता सुधीर साव ने कहा कि भाजपा के गढ़ सिमरिया विधानसभा को हम सभी कार्यकर्ता अपनी रणनीति और मेहनत से ध्वस्त करने का हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं इटखोरी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के दौरान झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हर एक योजना से जोड़ने का काम करूंगा। बस जनता से यही आशीर्वाद चाहता हूं कि वे अपना अपार समर्थन हमें दें, आगे उन्होंने कहा इस क्षेत्र में लोगों का पलायन सबसे बड़ी समस्या है, इसका मुख्य कारण है रोजगार का अभाव। लेकिन इस समस्या को आज तक किसी सांसद व विधायक ने दूर करने का प्रयास नहीं किया। महागठबंधन प्रत्याशी के रुप में हम वादा करते हैं कि आपने मौका दिया तो, अपनी मेहनत और लगन से उपरोक्त समस्याओं को हर संभव दूर करने का प्रयास करूंगा और लोगों को शिक्षा रोजगार और सरकार की मूल सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास करूंगा।



## पलामू में अपराध की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार



**पलामू (हि.स.)।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाते तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी छतरपुर डीएसपी अवध कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात 10.30 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली कि तीन बाइक सवार जपला की ओर से छतरपुर की तरफ आकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर छतरपुर पुलिस को भेजकर चेकिंग शुरू करवाया गया। एक ब्लू रंग की मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर जपला की ओर से छतरपुर की तरफ आते दिखे। उटवाडोड़ा के पास पुलिस चेकिंग देखकर मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्ति करीब 25 से 30 मीटर पहले बाइक घुमाकर भागने लगे। तभी कुछ संदेह होने पर मौजूद छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार, एएसआई राजीव कुमार, मिथिलेश कुमार यादव और पुलिस बल की मदद से दौड़ाकर तीनों को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों के पास से हथियार, जिंदा गोली, मोटरसाइकिल व दो मोबाइल बरामद किया गया है।

# ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के थाना चौक स्थित एक निजी होटल में आज भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने संकल्प पत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि राज्य में हमारी सरकार आति है तो 65 हजार पारा शिक्षकों को स्थायीकरण किया जाएगा। महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत हर माह के 11 तारीख को 21 सौ रुपए बैंक खाते में पहुंच जाएगा। सहारा में निवेश करने वालों के लोगों के पैसे का सरकार गारंटी लेगी वापस करा देने का। साथ ही पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा, इसमें भी दीपावली और रक्षाबंधन पर एक एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा। इसके अलावे 5 लाख स्वरोजगार के अवसर देने के साथ ही 2.87 लाख खाली पदों के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भरी जाएगी। घर निर्माण करने के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध करायी जाएगी। बांग्लादेसियों को चुन चुन को बाहर निकाला जाएगा। प्रतुल ने आगे कहा कि यह झामुमो का निश्चय पत्र नहीं भाजपा का संकल्प पत्र है यानि मोदी की गारंटी। वहीं हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो सरकार आने से पहले 2019 में जो उन्होंने अपना निश्चय पत्र जारी किया था उसमें महिलाओं को चुल्हा भत्ता दो हजार रुपए देने, हर वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देने, अनुबंध शब्द राज्य से हटा देने की बात कही थी पर यह सभी उनके निश्चय पत्र झूठा साबित हुआ। राज्य में एक कहावत प्रसिद्ध है ऐसा कोई सगा नहीं जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं। राज्य की हेमंत सरकार ने घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। हेमंत राज्य में युवा वर्ग बेरोजगारी और पेपर लीक से त्रस्त हैं। हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए प्रतुल ने कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 29 प्रतिशत की वृद्धि है और बलात्कार के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने घुसपैठियों को पनाह दी है। घुसपैठियों में उनको अपना वोट बैंक दिखाई देता है। इस राज्य में घुसपैठियों की वजह से? आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और यहां की सरकार अपनी धुन में मस्त है। मैं आपसे वादा करता हूं कि भाजपा सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को कान पकड़कर झारखंड से बाहर निकालेंगे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### संयुक्त राज्य अमेरिका में आ गई फैसले की घड़ी

# हैरिस और ट्रंप का है इम्तिहान

## कमला और डोनाल्ड के बीच है कांटे की टक्कर




एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली** । संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले चार साल की दिशा तय करने की बहुप्रतीक्षित घड़ी आ गई। यहां मंगलवार की सुबह अगले राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए मतदान शुरू हो गया। संभावना है देर रात यह भी तय हो जाए कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ड्रंप में से कौन व्हाइट हाउस पहुंचेगा। अब देखना यह बाकी है कि अमेरिकी मतदाता अपना अगला पथ प्रदर्शक किसे चुनते हैं। कुल आठ उम्मीदवारों में मुख्य मुकाबला भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच है।

चुनाव की पूर्व संध्या पर डोनाल्ड ट्रंप ने आगाह किया कि हैरिस जीतीं, तो तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा है। प्रचार के अंतिम क्षणों में हैरिस ने अश्वेत और अरब मूल के मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश की। संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए ओपिनियन पोल के अनुसार, 60 वर्षीय कमला और 78 वर्षीय ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। मतदान की निर्धारित तिथि से पहले 7.7 करोड़ वोटर वैकल्पिक तरीकों से मतदान कर चुके हैं।

### तमिलनाडु के थुलसेंद्रपुरम में कमला के लिए हो रही प्रार्थना

इस चुनाव पर 'नई दिल्ली' की भी नजर है। मगर भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के गांव थुलसेंद्रपुरम में खास उत्साह है। कमला हैरिस के परिवार से गहरे जुड़ाव वाला यह गांव जश्न के माहौल में डूबा हुआ है। गांव को कमला हैरिस के पोस्टरों से सजाया है। उनकी जीत के लिए मंदिर में विशेष प्रार्थना की गई है। कमला हैरिस अगर जीतती हैं, तो वह भारत और भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का बड़ा विषय होगा। करीब 235 वर्ष के राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में पहला मौका होगा, जब कोई महिला अमेरिका की राष्ट्रपति बनेगी।

### 235 साल में 15 उपराष्ट्रपति बने राष्ट्रपति, एक भी महिला नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का 235 वर्षों का इतिहास कई दिलचस्प तथ्यों से भरा है। इस बार डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से कमला हैरिस की दावेदारी ने इस चुनाव को बेहद खास बना दिया है। अगर वह चुनाव जीतती हैं, तो कई नए एतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 235 वर्षों के इतिहास में कभी कोई महिला विजेता नहीं बन सकी है। अधिसंख्य इतिहासकार और लेखक मानते हैं कि विक्टोरिया वुडहुल 1872 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली महिला थीं। हालांकि, कुछ लोग इस दावे पर सवाल भी उठाते हैं। आखिरी बार 2016 में हिलेरी क्लिंटन पद के काफी नजदीक पहुंच कर भी हार गईं। उन्हें ट्रंप से करीब 28 लाख अधिक पापुलर वोट मिले। लेकिन, चुनाव ट्रंप ने जीता, क्योंकि उन्होंने इलेक्टोरल कॉलेज का बहुमत प्राप्त कर लिया। इस बार कमला हैरिस अगर चुनाव जीतती हैं, तो वह पहली महिला राष्ट्रपति होने का गौरव हासिल कर सकती हैं। इसके अलावा, वह दूसरी ब्लैक शख्स और पहली ब्लैक महिला होंगी, जो इस पद पर बैठेंगी। साथ ही, वह पहली एशियन अमेरिकन और भारतीय अमेरिकन होंगी, जो व्हाइट हाउस में पहुंचेंगी।

अब तक पंद्रह राष्ट्रपति ऐसे रहे हैं, जो कि उपराष्ट्रपति के रूप में देश को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनमें से छह - जॉन एडम्स (1796), थॉमस जेफरसन (1800), मार्टिन वैन ब्यूरन (1836), रिचर्ड निक्सन (1968), जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश (1988), और जो बिडेन (2020) - ने चुनाव जीतने के बाद अपना पहला कार्यकाल शुरू किया। जबकि, बाकी नौ ने, अपने पूर्ववर्ती की कार्यकाल के दौरान मृत्यु या इस्तीफे के बाद (उत्तराधिकार नियमों के अनुसार) प्रेसिडेंट के रूप में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया। इनमें से थियोडोर रूजवेल्ट, केल्विन कूलिज, हैरी एस. ट्रूमैन और लिंडन बी. जॉनसन बाद में राष्ट्रपति चुने गए, जबकि जॉन टायलर, मिलार्ड फिलमोर, एंड्रयू जॉनसन, चेस्टर ए. आर्थर और गेराल्ड फोर्ड नहीं चुने गए।

### निवेशक हो जाएं सावधान

# बीते 5 वर्षों में जो रिटर्न मिला, वह अगले 5 वर्ष मिलने की संभावना नहीं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोटक एएमसी के एमडी निलेश शाह ने निवेशकों को आगाह किया है। उनका मानना है कि पिछले तीन से पांच सालों में जो रिटर्न मिला है, वह अगले तीन से पांच सालों में मिलने की संभावना नहीं है। जनवरी 2020 से सितंबर 2024 तक पांच वर्षों में बाजार में लगभग 21% रिटर्न मिला। वहीं, स्मॉल और मिडकैप में यह लगभग 30% रहा। अगले तीन या पांच वर्षों में यह रिटर्न दोहराए जाने की संभावना नहीं है। यदि भारत विकास करता रहा और दूसरे समकक्ष देश खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारते रहे, तो भी



रिटर्न निचले दोहरे अंकों में ही रह सकता है। निलेश शाह ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स के पास निवेश करने के लिए बहुत व्यापक विकल्प हैं। स्थानीय निवेशक भारत में निवेश करने के लिए बाध्य हैं। वैश्विक निवेशक अक्सर कम या ज्यादा आते-जाते रहते हैं। इस सवाल पर कि बीते तीन वर्षों में डबल डिजिट में रिटर्न मिला है, क्या अगले तीन साल में दोहरे अंकों में रिटर्न मिलेगा? निलेश शाह ने कहा, 'मेरे मन में भ्रम है। मुझे पूरा यकीन है कि पिछले तीन से पांच सालों में हमें जो रिटर्न मिला है, वो अगले तीन से पांच सालों में मिलने की संभावना नहीं है।

निलेश शाह ने कहा कि जनवरी 2020 से सितंबर 2024 तक पांच सालों में व्यापक बाजार में लगभग 21% और स्मॉल और मिडकैप में लगभग 30% से अधिक का रिटर्न मिला है। अगले तीन या पांच वर्षों में इन रिटर्न के दोहराए जाने की संभावना नहीं है।

### बांग्लादेश में 180 प्रभावशाली लोग जांच के घेरे में

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना सरकार के पतन के बाद 180 प्रभावशाली व्यक्तियों पर शिकंजा कसा है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पांच अगस्त से 15 अक्टूबर के बीच इनके दस्तावेज खंगाले है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन लोगों में से 24 लोग दूसरे देशों की नागरिकता ले चुके हैं। आयोग की इनके खिलाफ अवैध धन अधिग्रहण और मनी लांड्रिंग की जांच जारी है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर बोले विदेश मंत्री

## चुनाव परिणाम का भारत से संबंधों पर नहीं पड़ेगा असर

**कैनबरा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हो, भारत-अमेरिका संबंध लगातार बढ़ते रहेंगे। कैनबरा में संसद भवन में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए, जयशंकर ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2017 में क्वॉड गठबंधन को पुनर्जीवित करने का क्रेडिट दिया, जो भारत-पैसिफिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण डेवलपमेंट था। जयशंकर ने यह पूछे जाने पर कि यूएस प्रेसिडेंशियल इलेक्शन के बाद भारत-अमेरिका संबंध किस प्रकार विकसित होंगे, उन्होंने कहा, 'हमने पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में स्थिर प्रगति देखी है, जिसमें ट्रंप का पिछला कार्यकाल भी शामिल है।

# एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा की आवश्यकता : मुर्मू

एजेंसी



- राष्ट्रपति ने प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका को लेकर कहा कि हमें इस बात पर चर्चा की आवश्यकता है कि बौद्ध धर्म एशिया और दुनिया में वास्तविक शांति कैसे ला सकता है। एक ऐसी शांति जो न केवल शारीरिक हिंसा से मुक्त हो, बल्कि सभी प्रकार के लालच और घृणा से भी मुक्त हो। राष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शिखर सम्मेलन बुद्ध की शिक्षाओं की हमारी साझा विरासत के आधार पर हमारे सहयोग को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि भारत धर्म की पवित्र भूमि है। हर युग में भारत में महान गुरु और रहस्यवादी, द्रष्टा और साधक हुए हैं, जिन्होंने मानवता को अंदर शांति और बाहर सद्भाव खोजने का मार्ग दिखाया है। इन पथ प्रदर्शकों में बुद्ध का अद्वितीय स्थान है। बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम का ज्ञान प्राप्त करना इतिहास में अद्वितीय घटना है। उन्होंने न केवल मानव मन के कामकाज के बारे में अतुलनीय समृद्ध अंतर्दृष्टि प्राप्त की, बल्कि उन्होंने बहुजन सुखाय बहुजन हिताय की भावना से सभी लोगों के साथ इसे साझा किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि सदियों से यह स्वाभाविक ही रहा है कि अलग-अलग साधकों ने बुद्ध के प्रवचनों में अलग-अलग अर्थ निकाले और इस तरह कई तरह के संप्रदाय उभरे। व्यापक वर्गीकरण में, आज हमारे पास थेरवाद, महायान और वज्रयान परंपराएं हैं।

# संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

ब्यूरो

- वन नेशन-वन इलेक्शन व वक्फ विधेयक सहित कई बिल पेश होने की संभावना
- पुराने संसद के सेंट्रल हाल में 26 नवंबर को मनेगी संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसके बारे में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट किया, संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है और 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। रिजिजू ने लिखा, माननीय राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर, 25 नवंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक शीतकालीन सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 26 नवंबर, 2024 (संविधान दिवस) पर संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम मनाया जाएगा। महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम 23 दिसंबर को आने के बाद हो रहे संसद के इस शीतकालीन सत्र में नेता विशेष के लिए 'देखो, देखो कौन आया', जैसे प्रशंसात्मक जयकारे लगने की भी संभावना है।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने की उम्मीद है। मोदी कैबिनेट ने इन दोनों के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है।

सरकार की योजना संविधान दिवस पर पुराने संसद भवन जिसे संविधान सदन का नाम दिया गया है, उसके केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक बुलाने की है। 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत ग्रैफिटी का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। बीते दिनों पीएम ने इस बात पर जोर डाला कि उनकी सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में काम कर रही है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव सुनिश्चित करेगी।

## एजुकेशन/करियर

बायोमेडिकल इंजीनियर दरअसल बायोमेडिकल इंजीनियर अस्पतालों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग के लिए या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की देखरेख करने व मानव शरीर का अध्यन करके उन पर रिसर्च करने का काम करते है।

# बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर



### बायोमेडिकल इंजीनियर

**बायोमेडिकल इंजीनियर क्यों बना जाए या इसके लिए कोर्सेज़ क्यों किये जाए इसके बारे में निम्नलिखित बिंदुओं को पढ़कर आप जानकारी प्राप्त कर सकते हैं-**

- चिकित्सा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जो भविष्य में कभी आपको निराश नहीं होने देगा।
- यदि आप चाहते है किसी ऐसे क्षेत्र में रोजगार पाना जहाँ आपको बेहतर अवसर प्रदान हो सके और आपके पास आपकी ग्रोथ क लिए बेहतर विकल्प हो, तो यह आपको इस कोर्स में सीखने को मिल सकता है।
- बायोमेडिकल इंजीनियर कोर्स आपकी स्किल्स का विस्तार करता है इत्यादि।

### विदेशी संस्थान

- डार्ट माउथ कॉलेज
- फ्लाइंडर्स यूनिवर्सिटी
- ट्रॉय यूनिवर्सिटी
- द यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- द यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स
- ब्राउन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ एबेरडीन
- टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा
- यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया
- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ मैने
- वेस्टर्न यूनिवर्सिटी
- किंग्सटन यूनिवर्सिटी लंदन
- न्यूकैसल यूनिवर्सिटी

### बायोमेडिकल इंजीनियर का काम

***बायोमेडिकल इंजीनियर की जिम्मेदारियां निम्नलिखित है, जिसके बारे में जानकर आप बायोमेडिकल इंजीनियर क्षेत्र के बारे में गहनता से जान सकते हैं-***

- अस्पतालों में बीमारियों को डाइनोसिस करने के लिए अनेकों प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है, इन उपकरणों का प्रयोग करने का काम बायोमेडिकल इंजीनियर करते हैं।
- चिकित्सा में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का मानव शरीर पर कोई दुष्प्रभाव न हो इस बात का विशेष ध्यान रखना पड़ता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- रिसर्च के माध्यम से मेडिकल जगत को तकनीक का लाभ पहुंचना होता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- रोगियों के लिए हेल्पिंग हैंड का काम करना पड़ता है, यह काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।
- क्लिनिक मैनेजमेंट का काम भी बायोमेडिकल इंजीनियर ही करते हैं।

### भारतीय संस्थान

- बीवीडीयू पुणे
- वीआईटी वेल्लोर
- कारुण्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज कोयंबटूर
- एनआईटी रोउरकेला
- एसआरएम इंजीनियरिंग कॉलेज कांचीपुरम
- एमआईटी उडुपी
- सत्यभामा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, चेन्नई
- जेएनटीयू हैदराबाद
- एनआईटी रायपुर
- थापर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला

